* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 29 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, गुरुवार, 25 जून 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



समस्तीपुर के चकोटी मठ में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

### सम्राट कैबिनेट की बैठक में कुल 47 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पटना, मधुबनी समेत पांच जिलों में खुलेंगी नई प्राइवेट यूनिवर्सिटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में पांच नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगा दी गई। सीएम ने कहा कि ये यूनिवर्सिटी पटना, मधुबनी, नवादा, औरंगाबाद और सीवान जिले में खोली जाएंगी। इससे शिक्षित भारत और समृद्ध बिहार का सपना साकार होगा। साथ ही राज्य में उच्च शिक्षा के नए विकल्प भी खुलेंगे। सीएम सम्राट चौधरी ने बुधवार को ऐलान किया कि पटना में हिमालय यूनिवर्सिटी की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा, मधुबनी में शांजा यूनिवर्सिटी की स्थापना पर मुहर लगाई गई है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के जसोइया मोड़ में सीतयोग विश्वविद्यालय के स्थापना को भी सरकार ने हरी झंडी दे दी है। नवादा के अशोक नगर में एस यूनिवर्सिटी खोली जाएगी। सीवान के दरौंधा में भी एक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को स्वीकृति दी गई है। बता दें कि बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य के हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई है। इनकी शुरुआत इसी सत्र से होने जा रही है। 211 डिग्री कॉलेज खुलने से छात्र-छात्राओं को हायर एजुकेशन के लिए अपने प्रखंड से बाहर जाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। अब सम्राट सरकार ने राज्य में 5 नए निजी विश्वविद्यालयों को मंजूरी दे दी है। इससे बिहार के छात्र-छात्राओं के लिए यूजी-पीजी कोर्स की पढ़ाई के नए विकल्प खुलेंगे। प्राइवेट यूनिवर्सिटी की स्थापना से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, इससे शैक्षणिक के साथ ही आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 47 प्रस्तावों पर मुहर लगी। मंत्रिमंडल ने नई शिक्षक तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा भोजपुर जिले में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर केस की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है। वहीं, रोहतास जिले के डेहरी में नई सैटेलाइट टाउनशिप बसाई जाएगी। यह बिहार का 12वां ग्रीनफील्ड शहर होगा। इसके अलावा, बिहार राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का गठन किया जाएगा। ग्रीनफील्ड शहरों को विकसित करने के लिए हुडको के साथ एक लाख करोड़ रुपये का एमओयू किया जाएगा। बिहार को एआई हब के रूप में विकसित करने के लिए गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों से करार होगा। इसके अलावा, कृषि, उद्योग और पर्यटन एवं अन्य विभागों के कई अहम प्रस्तावों पर भी सम्राट कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

### - बिहार टेंडर घोटाला -

# आइएएस संजीव हंस और पवन की होगी गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के चर्चित टेंडर घोटाला मामले में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसयूभी) ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने 7 आरोपियों के खिलाफ करीब 4000 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। एसयूभी के एडीजी पंकज दराद ने बताया कि जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। इन्हीं के आधार पर आरोपियों को अभियुक्त बनाया गया है। जांच में टेंडर माफिया रिशु श्री, आइएएस अधिकारी संजीव हंस, संतोष कुमार, पवन कुमार समेत अन्य लोगों की भूमिका सामने आई है। इसके अलावा मुमुक्षु चौधरी, तारिणी दास और उमेश कुमार सिंह के खिलाफ भी पर्याप्त साक्ष्य मिलने का दावा किया गया है। एसयूभी के अनुसार टेंडर हासिल करने के लिए अधिकारियों को कमीशन देकर प्रभावित किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि पसंदीदा कंपनियों को काम दिलाने के बाद उनसे 7 से 10 प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता था। बाद में इस राशि का हिस्सा विभिन्न स्तरों पर बांटा जाता था। मोबाइल डेटा, दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड में इसके कई सबूत मिले हैं। जांच के दौरान टीम ने सहरसा, सीतामढ़ी समेत कई जिलों में छापेमारी और पूछताछ की। गवाहों के बयान दर्ज किए गए। दस्तावेजों की जांच हुई। इसके बाद चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में जमा की गई। एडीजी पंकज दराद ने बताया कि आइएएस अधिकारी संजीव हंस और पवन कुमार फिलहाल फरार हैं। जांच एजेंसी उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आइएएस अधिकारी अभिलाषा शर्मा और योगेश कुमार सागर को भी नोटिस भेजा गया है। एसयूभी का कहना है कि उनसे पूछताछ की जानी है। हालांकि अभी तक टेंडर प्रक्रिया में उनकी सीधी भूमिका के ठोस प्रमाण नहीं मिले हैं। फिलहाल जांच एजेंसी ने उन्हें क्लीन चिट भी नहीं दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑडिटर भर्ती प्रारंभिक परीक्षा पांच जुलाई को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने ऑडिटर के पदों पर नियुक्ति के लिए होने वाली प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। परीक्षा 102 पदों के लिए हो रही है। इसके लिए 23,100 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसका सेंटर मुख्य तौर पर पटना में ही रहेगा। आयोग प्रशासन परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को डाक से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को वेबसाइट से ही प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा।

### निरीक्षण में गायब मिले केंद्राधीक्षक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) से संबद्ध कॉलेजों में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने नालंदा के किसान कॉलेज सोहसराय और नालंदा कॉलेज का बुधवार को निरीक्षण किया। किसान कॉलेज में परीक्षा चल रही थी लेकिन इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य (केन्द्राधीक्षक) प्रो. दिवांशु कुमार, बर्सर आनंद शंकर समदर्शी, समाज शास्त्र के डॉ. विजय कुमार और अवधेश कुमार द्विवेदी अनुपस्थित पाए गए। नालंदा कॉलेज में कक्षाएं बंद पाई गईं। कुलसचिव प्रो. अबूबकर रिजवी ने बताया कि अनुपस्थित पाए गए कॉलेज के प्राचार्य और बर्सर समेत अन्य तीनों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर चौबीस घंटे के अंदर विवि को जबाब देने का निर्देश दिया गया है।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में मुन्ना भाई गिरफ्तार

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्रीय चयन परिषद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में मंगलवार को बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है जहां वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे युवक को परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। मामला उजागर होते ही स्थानीय पुलिस ने आरोपी को तुरंत हिरासत में लेकर गहन जांच शुरू कर दी है। बुधवार को सरस्वती पब्लिक स्कूल, लोहरी सोहडीह स्थित परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक ने नूरसराय थाना को आधिकारिक सूचना दी कि प्रथम पाली में सिपाही सामान्य बंद संवर्ग की परीक्षा में एक फर्जी उम्मीदवार को पकड़ा गया है।

### 11 जिलों में इपीएफओ का कार्यक्रम 29 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना की ओर से सदस्यों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 29 जून को 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जिला स्तरीय जागरूकता एवं शिकायत निवारण शिविर पटना क्षेत्राधिकार के सभी 11 जिलों में लगाया जाएगा। इस विशेष शिविर में ईपीएफ से संबंधित लंबित शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा और संगठन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न ऑनलाइन डिजिटल सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी।

## जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश शर्मा को हटाकर पंकज मिश्रा को दी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुर के बिलौटी गांव में हुए बहुचर्चित भरत भूषण तिवारी कथित एनकाउंटर मामले में सम्राट सरकार ने एक और बड़ी और कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। घटना के बाद से ही लगातार चौतरफा दबाव और जनता के भारी आक्रोश का सामना कर रहे जगदीशपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के तहत एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा को अगले आदेश तक के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना में संबद्ध कर दिया गया है। इसे पुलिस महकमे में एक बड़ी दंडात्मक कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। राजेश कुमार शर्मा को हटाए जाने के बाद सरकार ने जगदीशपुर अनुमंडल की कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तेज-तर्रार अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा पर भरोसा जताया है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग के साथ-साथ राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार में तैनात पुलिस उपाधीक्षक पंकज कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए जगदीशपुर का नया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। भरत तिवारी की मां द्वारा दर्ज कराई गई हत्या की प्राथमिकी में जगदीशपुर के तत्कालीन एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा को सीधे तौर पर नामजद आरोपी बनाया गया था। इसके बाद से ही उन पर निलंबन या पद से हटाए जाने की तलवार लटक रही थी।

## गंगा की तेज धारा में डूब गईं पांच किशोरियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बकचपरा गंगा घाट पर बुधवार की सुबह गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गई चार सगी बहनों सहित पांच किशोरियां गंगा की तेज धारा में डूब गईं। इसमें 4 सगी बहनें और एक पड़ोस की बुआ शामिल है। दो घंटे बाद बड़ी बहन का शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मोहली घाट के पास से बरामद किया गया। वहीं 4 घंटे बाद दूसरी बहन और बुआ का शव बरामद मिला है। मृतकों की पहचान बासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बघचपरा गांव के मजदूर क्रांति पासवान की बेटी संगीता कुमारी (18), सोनाली (12) और चामो पासवान की बेटी हिना कपमारी (19) के रूप में हुई है। वहीं क्रांति पासवान की 2 बेटी विनीता कुमारी (16) एवं संध्या कुमारी (14) अभी भी लापता हैं। दरअसल सुबह 8 बजे चारों बहने बुआ के साथ गंगा घाट पर नहाने गई थीं। नहाने के दौरान एक बहन गहरे पानी में गई, जिसे बचाने के लिए बड़ी बहन आगे बढ़ी लेकिन वो भी पानी में डूबने लगी। इसके बाद एक-दूसरे को बचाने में पांचों नदी में डूब गईं। इस घटना की जानकारी मिलते ही गंगा घाट पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल और बासुदेवपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी वरीय प्रशासनिक अधिकारी को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएम निखिल धनराज ने तुरंत आपदा पदाधिकारी कमल किशोर को रेस्क्यू के लिए मौके पर भेजा। वहीं घटना के 2 घंटे बाद लगभग 10 बजे घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर मोहली घाट के पास से संगीता का शव बरामद हुआ है। 4 घंटे बाद पड़ोस की बुआ हिना और छोटी बहन सोनाली का शव भी नदी से बाहर निकाला गया। वहीं दो बहनों की खोजबीन अभी भी जारी है।

## अधीक्षण अभियंता के कई ठिकानों पर छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आर्थिक अपराध इकाई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में भवन निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता पवन कुमार के छह ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापेमारी शुरू की। ईओयू की जांच में पवन कुमार के खिलाफ 3.89 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिले हैं, जो उनकी ज्ञात आय से 103.94 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है। आर्थिक अपराध इकाई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार प्राप्त सूचना के सत्यापन के बाद पवन कुमार के विरुद्ध ईओयू थाना कांड संख्या 12/26, दिनांक 23 जून 2026 दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ईओयू के मुताबिक पवन कुमार वर्तमान में भवन निरूपण अंचल-1, पटना में अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह निदेशक, निरूपण इकाई, पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार के पद का भी दायित्व संभाल रहे हैं। ईओयू ने बताया कि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि पवन कुमार ने अपनी ज्ञात आय से लगभग 3 करोड़ 89 लाख 79 हजार रुपए अधिक की संपत्ति अर्जित की है। इस आधार पर विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से तलाशी वारंट प्राप्त किया गया। इसके बाद बुधवार की सुबह उनके छह अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। जिन ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है उनमें पटना के उत्तरी श्रीकृष्णापुरी स्थित यमुना निवास अपार्टमेंट का फ्लैट नंबर बी-305, पटना स्थित उनका कार्यालय, भागलपुर के आनंदगढ़ कॉलोनी, तिलकामांझी स्थित मकान, नोएडा सेक्टर-75 स्थित फ्लैट, नोएडा स्थित एक अन्य आवासीय ठिकाना तथा नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर-10 स्थित फ्लैट शामिल हैं। ईओयू ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में की जा रही है। तलाशी के दौरान अचल संपत्ति, बैंक खातों, निवेश, नकदी, आभूषण और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। फिलहाल सभी ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई जारी है। छापेमारी पूरी होने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## पिकअप-टेंपो की टक्कर में चार लोगों की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसा छपवा-बेतिया मुख्य सड़क पर नायकाटोला के समीप हुआ जहां एक पिकअप वाहन और टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल वाहन से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। वहीं हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## डंपर की चपेट में आने से प्रधानाध्यापक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ थाना अंतर्गत दतियांव मोड़ के पास बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक प्रधानाध्यापक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना में उनके साथ बाइक पर सवार एक अन्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एक अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से हुआ। मृतक प्रधानाध्यापक की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के उसरी गांव निवासी लाल बाबू प्रसाद गोंड़ के रूप में हुई है। वहीं घायल शिक्षक रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के सरेया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार (43 वर्ष) हैं। घायल शिक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वे दोनों सुबह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडीहा जा रहे थे। दतियांव मोड़ के पास एक डंपर चालक ने वाहन को तेजी से पीछे करते समय उन्हें कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और सदर अस्पताल में पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया। घायल शिक्षक का इलाज जारी है। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की गिरफ्तारी तथा वाहन की जब्ती के लिए सघन जांच अभियान चला रही है।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

## सीएम हेमंत सोरेन ने 262 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों के लिए चयनित 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ईमानदारी से काम करने और आम जनता के पैसे से मिलने वाली सैलरी का सदुपयोग करने की सीख दी। जिन 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए उनमें जेपीएससी के माध्यम से स्थायी नियुक्ति प्राप्त करने वाले 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, अनुबंध पर नियुक्त होने वाले 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर शामिल हैं। नियुक्ति पत्र वितरण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज की सभी नियुक्तियां महत्वपूर्ण पदों पर हुई हैं। हॉस्पिटल मैनेजर और फाइनेंस मैनेजर की भूमिका भी डॉक्टरों जितनी बड़ी है। सरकारी अस्पतालों को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं, ऐसे में आज नियुक्त हुए अधिकारी अब सरकार के अंग हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस बात को जरूर जेहन में रखिएगा कि जो भी वेतन आपको, हमको मिलता है, वह आम आदमी से ही लिया हुआ पैसा है। इसलिए जिस काम के लिए नियुक्ति हुई है, उस काम को पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत हर विभाग में नियुक्तियां की जा रही हैं और कई प्रक्रियाएं चल रही हैं। डॉक्टरों को भगवान का रूप मानने वाले लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब इन नए अधिकारियों पर है। सीमित संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महानगरों जैसी चकाचौंध वाली व्यवस्था बनाने में समय लगेगा लेकिन सीमित संसाधनों में बेहतर कैसे किया जाए, इस पर सोचना होगा। उन्होंने देश के बेहतर संस्थानों में नए अधिकारियों को ट्रेनिंग भेजने का भी निर्देश दिया। कोरोना काल का जिक्र करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि महामारी के दौरान सिर्फ बचाव ही इलाज था। सरकार बजट का 60% सैलरी पर खर्च करती है, इसलिए आम आदमी के प्रति जिम्मेदारी का अहसास रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह सशक्त और व्यवस्थित नहीं हो जाती तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

# राजद-लोजपा पारस गुट में बड़ी सेंध, सैकड़ों नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## बिहार की जनता अब विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य मिलन समारोह में सारण और सिवान की राजनीति से जुड़े कई प्रभावशाली चेहरों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व राजद नेत्री लीलावती गिरी, लोजपा (पारस) गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, छात्र लोजपा (पारस) गुट के राहुल यादव सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामकर पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने सभी नवागंतुकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री दिलीप जायसवाल और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा आज देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय गौरव के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। यही कारण है कि समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर राजनीतिक पृष्ठभूमि से लोग भाजपा की नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं। मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सिवान और सारण की धरती ऐतिहासिक, वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रही है। यह जननायक डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसी महान विभूतियों की कर्मभूमि रही है। ऐसे क्षेत्र से बड़ी संख्या में नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का भाजपा से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता अब विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के लिए जो काम किए हैं, उसी पर विश्वास जताते हुए लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सारण और सिवान में भाजपा का यह विस्तार केवल संगठनात्मक मजबूती नहीं, बल्कि जनता के बदलते विश्वास का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में भाजपा और अधिक मजबूती से उभरेगी तथा विपक्ष के पास जनता के बीच कहने-सुनने के लिए बहुत कम बचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी साथियों का सम्मान और योगदान संगठन में पूरी गंभीरता से सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल ने किया। समारोह में दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह व्यास, सिवान जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी प्रभात मालाकार, कार्यालय मंत्री विनय केसरी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष लीलावती गिरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, छात्र नेता राहुल यादव, पूर्व प्रमुख कृष्णा पांडेय (सिवान सदर), पूर्व प्रमुख बिनोद सिंह (रघुनाथपुर), चिकित्सक डॉ. धीरन कुमार, चिकित्सक डॉ. अनिता, मुखिया मिंटू तिवारी (पपऊर, पचरुखी), मुखिया संतोष यादव (बरहन गोपाल, सिवान सदर), मुखिया उपेंद्र यादव (बाघड़ा, सिवान सदर), राजद वरिष्ठ नेता रंजीत यादव, पूर्व मुखिया मुन्नापाल (पकड़ी पंचायत, बड़हरिया), इंद्रपाल मेहता (बिंदुसार), राजद नेता बलिस्टर कुशवाहा (गुठनी), युवा राजद नेता मूर्ति पासवान (महादेवा), समाजसेवी रश्मि कुमारी तथा समाजसेवी रोमी कुमारी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के नेता शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि इन सभी साथियों के पार्टी में आने से सारण और सिवान में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी राजनीतिक लड़ाई में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी।

# समस्तीपुर के '24 अवतार धाम में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड स्थित चकोटी मठ के प्रसिद्ध '24 अवतार धाम पहुंचे जहां उन्होंने भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव-सह-विष्णु महायज्ञ एवं संत महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री महाविष्णु के 24 अवतारों तथा अन्य विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चकोटी मठ परिसर में स्थापित श्री महाविष्णु जी के '24 अवतार धाम का शिलापट्ट अनावरण कर उसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत-महात्माओं, धार्मिक गुरुओं एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि चकोटी मठ का यह '24 अवतार धाम आनेवाले समय में देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आयात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सामाजिक समरसता, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण को मजबूत बनाते हैं। चकोटी मठ पहुंचने पर मुख्यमंत्री का श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम सेवक दास शास्त्री जी महाराज ने फूलों की विशाल माला एवं पाग पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिायों, मठ के सेवादारों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मखाना माला, अंगवस्त्र एवं पुष्प-गुच्छ भेंटकर पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, सांसद शांभवी चौधरी, पूर्व मंत्री सह विधायक महेश्वर हजारी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधायक अश्वमेघ देवी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, दरभंगा प्रमण्डल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज तिवारी, समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण, संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# बी. डी. कॉलेज अनुशासन, गुणवत्ता के पथ पर अग्रसर : प्राचार्य प्रो. डा. दिवाकर प्रसाद

## आगामी परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन और कदाचार मुक्त संपन्न होगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद की अध्यक्षता में शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि आगामी परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न होगी और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के प्राचार्य रहते हुए प्राप्त उपलब्धियों और वहां अपनाई गई रणनीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वही अनुभव बी. डी. कॉलेज की प्रगति में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनएएसी मान्यता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए समय पर कक्षाएं संचालित होंगी तथा शिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपना परिचय दिया और अपनी समस्याओं से प्राचार्य को अवगत कराया। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि शिक्षक और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से महाविद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा छात्र हित और शिक्षक हित दोनों की रक्षा होगी। इस बैठक ने महाविद्यालय के लिए एक नई दिशा का संकेत दिया है जिसमें अनुशासन, गुणवत्ता और उत्कृष्टता को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया है।

# राज्यपाल ने किया प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने 51 टीबी रोगियों को बिहार लोक भवन में फूड बास्केट का वितरण किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र के रुप में इन मरीजों को गोद लिया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने टीबी के मरीजों को नियमित रूप से दवा और पोषक आहार लेने को कहा। उन्होंने कहा कि दवा के लगातार सेवन तथा अपनी संकल्प शक्ति से वे टीबी से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे इलाज के दौरान अथवा चिकित्सक के सलाह के बिना दवा लेना बंद नहीं करें। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, फूड बास्केट प्राप्त करनेवाले टीबी के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक ने किया पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा रेलखंड का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोडरमा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नए स्टेशन भवन एवं विकसित की जा रही यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके उपरांत गझंडी-गुरपा रेलखंड के मध्य स्थित तीनों सुरंगों (टनलों) से कोयला से लदे बीओबीआरएन रेक का सफलतापूर्वक परिचालन कराया गया। इस महत्वपूर्ण परिचालन के दौरान महाप्रबंधक स्वयं इंजन में उपस्थित रहे तथा संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस फूट प्लेट निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदु रानी दुबे एवं धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है। पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था। चुनौतीपूर्ण गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक से परिचालन प्रारंभ हो जाने से बाढ़ एवं बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा तथा रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक गया जं. पहुंचे जहां उन्होंने गया जं. पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। गया जं. के निरीक्षण के दौरान पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही एवं अनियमितता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी : सचिव दीपक आनंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक शामिल हुए। बैठक में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण के लंबित आवेदनों, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की रिक्तियों तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की देरी, लापरवाही अथवा अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी पात्र लाभुकों को समय पर, निर्धारित मात्रा में एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता एवं जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर जन वितरण प्रणाली दुकानों का सघन निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, कम तौल, अनियमित वितरण, अथवा अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया वहीं संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में तेजी लाकर अपात्र लाभुकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भरने एवं जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# बिहार के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीटेक प्रवेश के लिए अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन काउंसलिंग (यूजीईएसी)-2026 के तहत ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 23 जून 2026 से शुरू हो गई है। बीटेक में प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सूचना जारी की है। पर्षद के अनुसार, जेईई (मेन)-2026 के ऑल इंडिया रैंक के आधार पर तैयार की गई यूजीईएसी-2026 मेरिट लिस्ट के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों का रैंक कार्ड पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। अभ्यर्थी अपना यूजीईएसी आईडी और जन्म तिथि दर्ज करके रैंक कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 26 जून से शुरू हो रही है, चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग की अंतिम तिथि 1 जुलाई निर्धारित है।

# भाजपा क्रीड़ा ने राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी और बिहार के पूर्व कप्तान दीपक कुमार सिन्हा को दिया सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दीपक कुमार सिन्हा के निवास स्थान नसरीगंज, मिथिला कॉलोनी जाकर उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दीपक कुमार सिन्हा खेल जगत की एक जानी-मानी शख्सियत हैं जिन्होंने फुटबॉल के मैदान पर बिहार और देश का नाम रोशन किया है। वे दो बार बिहार फुटबॉल टीम के कप्तान रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सात बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का प्रतिनिधित्व किया है। दीपक कुमार सिन्हा देश के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब 'मोहन बागान' (कोलकाता) की तरफ से भी खेल चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ संयोजक सतीश कुमार 'राजू' ने कहा कि दीपक कुमार सिन्हा जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके अनुभव और खेल के प्रति समर्पण का लाभ राज्य के उभरते हुए खिलाड़ियों को मिलना चाहिए। सरकार और पार्टी हमेशा खेल और खिलाड़ियों के सम्मान के लिए तत्पर है। उक्त सम्मान समारोह के दौरान भाजपा क्रीड़ा के सह-संयोजक राजेश कुमार यादव, विकाश कुमार गोल्डी, विकास सिंह, मोहित कुमार श्रीवास्तव एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खिलाड़ी का सम्मान कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कल अपराहन 04 बजे राजीव नगर में बिहार के वरीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं कोच देवकीनंदन दास को सम्मानित किया जायेगा ।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन, शिक्षा मंत्री ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को मैं अपनी समस्या समझकर उनके समाधान का पूरा प्रयास करूंगा। बिहार में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा द्वारा एक वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अल्प समय में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक एवं रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। एक सकारात्मक वातावरण संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के प्रति बना है जिसे और अधिक गति देने के लिए शिक्षा विभाग हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड परिवार को नए कार्यालय भवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को शुभकामना व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड राज्य की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विधायक एवं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य विनय चौधरी तथा सदस्य अरुण झा ने भी बोर्ड से संबंधित विभिन्न विषयों की ओर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया तथा बोर्ड के समग्र विकास हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति लक्ष्मी निवास पांडे ने संस्कृत के नए आयाम सहित विश्वविद्यालय और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के बीच समन्वय व साझा कार्यक्रम की योजना रचना पर जोड़ दिया! कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रकिशोर कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन धनेश्वर कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा-प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। इनमें बोर्ड की वेबसाइट का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, समयबद्ध परीक्षा परिणाम प्रकाशन, विद्यार्थियों की संख्या में दोगुनी वृद्धि तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अनेक नए मानक स्थापित करना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि नए कार्यालय भवन की उपलब्धता से बोर्ड के कार्यों को नई गति मिलेगी और आने वाले वर्षों में बिहार के संस्कृत विद्यालयों को सशक्त एवं आधुनिक बनाने, मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित करने, पाठ्यक्रम को अधिक व्यवस्थित एवं समसामयिक बनाने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नई एवं गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों के निर्माण की दिशा में व्यापक पहल की जाएगी। श्री झा ने कहा कि इन सभी महत्वपूर्ण विषयों को लेकर वे शीघ्र ही शिक्षा मंत्री से विस्तृत चर्चा करेंगे और बिहार में संस्कृत शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# हिमालया बेबीकेयर ने 50 हजार नर्सों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारत के प्रमुख बेबी केयर ब्रांडों में से एक हिमालया बेबीकेयर ने ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026 समारोह में भाग लिया। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में प्रदान किए गए। हिमालया बेबीकेयर ने उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली 15 नर्सों को सम्मानित किया। इसके साथ ही कंपनी ने देशव्यापी पहल के तहत भारत भर की लगभग 50,000 नर्सों का भी अभिनंदन किया। इस पहल का उद्देश्य मातृ, नवजात और सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नर्सों की करुणा, समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देना है। देश के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में 10 से 25 वर्षों तक सेवा देने वाली नर्सों को प्रमाण पत्र और विशेष उपहार पैकों के माध्यम से सम्मानित किया गया। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक चक्रवर्ती एनवी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और माताओं व नवजात शिशुओं की देखभाल में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल नर्सिंग समुदाय के प्रति कंपनी की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। हिमालया बेबीकेयर ने कहा कि वह भविष्य में भी नर्सों को सम्मानित करने और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करता रहेगा।

# पेपर लीक के खिलाफ बिहार में कांग्रेस करेगी बड़ा छात्र आंदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और बार-बार परीक्षाएं रद्द होने से छात्रों को हो रही परेशानी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी बिहार में बड़े छात्र आंदोलन की तैयारी में जुट गई है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा कनेक्ट सेंटर के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार शामिल हुए। बैठक की शुरुआत नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद छात्रों को न्याय दिलाने और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था के खिलाफ व्यापक संघर्ष खड़ा करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। मेहनत और प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखने वाले युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी छात्रों की इस पीड़ा और संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। हम राज्यभर में छात्रों की आवाज़ को बुलंद करेंगे और उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक आंदोलन चलाएंगे।

# भरत भूषण एनकाउंटर को लेकर ग्रामीणों में फुटा आक्रोश, निकला कैंडल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भरत भूषण तिवारी की एनकाउंटर को निर्मम हत्या मानते हुए इसके विरोध में बिक्रमगंज तेंदुनी चौक, काराकाट प्रखंड के मंगरा एवं थुमियां तथा नासरीगंज प्रखंड के शंकरपुर गांव में मानवता सेवा संघ के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर विशाल कैंडल मार्च निकाला। हाथों में मोमबत्तियां और आंखों में न्याय की उम्मीद लिए ग्रामीणों ने गांव की सड़कों पर मार्च कर स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी श्रद्धांजलि

## देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्राणों का बलिदान दिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के मंत्री डॉ. जायसवाल ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके बलिदान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वैचारिक नींव को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बिहार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, आज हम उनके कृतित्व को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। मां भारती की अखंडता, कश्मीर के पूर्ण विलीनीकरण और देश की संप्रभुता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान हर देशवासी को सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि आज हम महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद् और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं। डॉ. मुखर्जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे। बहुत कम उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बनकर उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया।

# मोहर्रम को लेकर डीएम-एसपी की बैठक, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रोहतास जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में डिहरी नगर थाना परिसर में रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना, आपसी भाईचारा कायम रखना तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना था। प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रोहतास जिला हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का उदाहरण रहा है तथा इस परंपरा को आगे भी कायम रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, त्याग और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पर्व को पूरी शांति, सद्भाव और परंपरागत तरीके से मनाएं। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन मोहर्रम को लेकर पूरी तरह सजग और सतर्क है। जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन की ओर से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार गश्त, फ्लैग मार्च और संवेदनशील स्थानों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूसों के निर्धारित मार्गों एवं समय का पालन करना आवश्यक होगा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। एसपी ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिलाधिकारी ने विशेष रूप से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी बनी हुई है। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) तथा अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ या भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व पर्व-त्योहारों के दौरान अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासन ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदेश को बिना सत्यापन के आगे साझा न करें और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। बैठक में मौजूद विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि रोहतास की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की परंपरा हमेशा मजबूत रही है तथा भविष्य में भी इसे बनाए रखने के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करेंगे। मोहर्रम पर्व को लेकर आयोजित इस बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आमजन की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शांति समिति की बैठक में पूर्व बार अध्यक्ष ने डीएम-एसपी को भेंट की अखिल भारतीय विधिक परिषद की डायरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मोहर्रम को लेकर डिहरी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडे उर्फ मुटूर पांडे ने रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार को अखिल भारतीय विधिक परिषद की डायरी भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न थाना क्षेत्रों के पुलिस पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जिप की बैठक में बेहतर तालमेल से विकास पर बल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिला परिषद, कैमूर की सामान्य बैठक जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में यहां कलेक्ट्रेट के मां मुंडेश्वरी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष, सभी जिला परिषद सदस्य, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विकास कार्यों, ग्रामीण सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा, स्वच्छता तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं विकास संबंधी सुझावों को रखा गया जिन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर जिले के समग्र विकास हेतु कार्य करने का आह्वान किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

# भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में 30 जून तक शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए जिला दंडाधिकारी सह डीएम नितिन कुमार सिंह ने छात्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित कक्षा 12 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 30 जून 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इससे पहले जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में कक्षा 5 तक के विद्यालयों को बंद रखने तथा कक्षा 6 से 12 तक की शैक्षणिक गतिविधियों को सीमित अवधि तक संचालित करने का निर्देश दिया गया था। किंतु जिले में अत्यधिक तापमान एवं लू की स्थिति के लगातार बने रहने तथा आगामी दिनों में इसके जारी रहने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। डीएम ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को निर्देश दिया है कि वे आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतें। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप एवं गर्मी के संपर्क में आने से बचाएं, पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं तथा लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं।

# ट्रक ने प्रधानाध्यापक को रौंदा, मौत, शिक्षक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** थाना क्षेत्र के दतियांव मोड़ के पास बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक प्रधानाध्यापक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना में उनके साथ बाइक पर सवार एक अन्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एक अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से हुआ। मृतक प्रधानाध्यापक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के उसरी गांव निवासी लाल बाबू प्रसाद गोंड़ के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय छवी गोंड़ के पुत्र थे। घायल शिक्षक रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के सरेया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार (43 वर्ष) हैं। घायल शिक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वे दोनों सुबह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडीहा जा रहे थे। दतियांव मोड़ के पास एक डंपर चालक ने वाहन को तेजी से पीछे करते समय उन्हें कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और सदर अस्पताल में पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया।

# सामुदायिक बैठक में गरीबों की कानूनी सहायता और बाल संरक्षण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के मौडीहां ढेला बाग में सामाजिक संस्था पैरवी के बैनर तले एक सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बराव कला पंचायत के मुखिया सुनतेश्वर पासवान थे। अपने संबोधन में मुखिया श्री पासवान ने पैरवी संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने गांव के लगभग 15 वंचित एवं गरीब लोगों की जमानत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार बच्चों के हित में कार्य कर रही है तथा उसके मार्गदर्शन में गांव की बाल संरक्षण समिति को भी मजबूत बनाया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने बताया कि पैरवी पिछले दो वर्षों से जेल में बंद गरीब एवं असहाय लोगों तथा विधि के जोखिम में फंसे बच्चों की निःशुल्क जमानत कराने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही गांव स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सासाराम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शेष मुनि राय ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क जमानत के लिए जब भी उनकी आवश्यकता होगी, वे अपना समय, ज्ञान और परिश्रम देने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में उप मुखिया ललन उपाध्याय, वार्ड सदस्य आलोक कुमार सहित पंचायती राज संस्थाओं के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में महिलाओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान अनिल उपाध्याय, अधिवक्ता पप्पू पांडे, ललन पासवान, धनजी पासवान, लखन साव, जितेंद्र गुप्ता, चितरंजन उपाध्याय, मुनि देवी, मराचो कुंवर और लक्ष्मणा देवी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गरीबों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गांव स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना था।

# हर्ष बने रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर, डिहरी का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद कार्यालय के समीप रहने वाले सेवानिवृत्त सीओ उमेश कुमार के पुत्र हर्ष ने पहले ही प्रयास में बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर (आरडीओ) पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे शहर में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही है। हर्ष की माता रेनू कुमारी गृहिणी हैं। उनकी सफलता पर परिवार के सदस्य चाचा संजय कुमार, विजय कुमार, किशोर कुमार, राजेश कुमार एवं दिनेश कुमार समेत सभी परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। हर्ष ने मध्य प्रदेश से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है जबकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा पटना के बीडी पब्लिक स्कूल से हुई है। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा, शहर के जाने-माने पत्रकार स्वर्गीय गया प्रसाद, दादी स्वर्गीय कौशल्या देवी, माता-पिता, परिवार के वरिष्ठ सदस्यों तथा गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर बनना उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन उनका मुख्य लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में योगदान देना है। इसके लिए वे लगातार मेहनत और अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय नई सभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजद के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ई. विनय चंचल ने हर्ष को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने डिहरी का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा।' उन्होंने युवाओं से शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया। हर्ष दो भाइयों में से एक है। उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र मिश्रा, चंद्रगुप्त मेहरा, जगनारायण पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, मदन कुमार, संतोष सिंह, रविंद्र कुमार, निशांत कुमार, राघवेंद्र सिंह विशु, मनोज उपाध्याय, मिथिलेश कुमार, रविकेश उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा, राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चन्द्रवंशी, धनंजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# देशी शराब के साथ कारोबारी धराया

**अकोढ़ीगोला (नबिटा सं.)।** आयरकोठा पुलिस ने थाना क्षेत्र के पडुंहार गांव से गुप्त सूचना पर बुधवार को बीस लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि पडुंहार गांव से गुप्त सूचना मिली कि एक कारोबारी शराब की बिक्री कर रहा है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी कर बीस लीटर देशी शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज पडुंहार गांव निवासी गंगा राम के पुत्र सिपाही राम है। वहीं पुलिस ने मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत कांड दर्ज करते हुए धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# चर्चा के केंद्र में मैकू राम, उपलब्धियों से लेकर नई चुनौतियों तक का सफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू की धरती पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन का पर्याय बन चुके मैकू राम आज एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। अपने मधुर व्यवहार, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण और प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक के बीच लोकप्रियता के कारण वे लंबे समय से क्षेत्र में एक चर्चित व्यक्तित्व रहे हैं। कहा जाता है कि उन्होंने जिस सरकारी विद्यालय की जिम्मेदारी संभाली थी, वह कभी संसाधनों और सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा था। बीते कुछ वर्षों में विद्यालय का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। आधुनिक भवन, डिजिटल स्मार्ट क्लास, स्पेस लैब, सीसीटीवी निगरानी, खेल मैदान, आकर्षक उद्यान और बेहतर शैक्षणिक वातावरण ने विद्यालय को जिले ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार में पहचान दिलाई। विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होने की बात अभिभावक और आगंतुक अक्सर करते रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए इन कार्यों के कारण मैकू राम को व्यापक सराहना मिली, वहीं उनके आलोचकों और विरोधियों की संख्या भी कम नहीं रही। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने वाले इस शख्स का नाम अक्सर विभिन्न चर्चाओं और विवादों से भी जुड़ता रहा है। इसी बीच उनकी गिरफ्तारी और जेल यात्रा ने क्षेत्र में नई बहस छेड़ दी है। राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। समर्थकों का मानना है कि जीवन में आने वाली चुनौतियां व्यक्ति को और अधिक मजबूत बनाती है तथा यह दौर भी उनके व्यक्तित्व को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तियों के लिए संघर्ष कोई नई बात नहीं है। उनका मानना है कि कठिन परिस्थितियां ही नेतृत्व क्षमता की असली परीक्षा होती हैं। ऐसे में यह समय भी मैकू राम के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हो सकता है। फिलहाल तिलौथू सहित पूरे क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। लोग आने वाले दिनों की घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। समर्थकों को उम्मीद है कि यह चुनौतीपूर्ण समय बीतने के बाद मैकू राम पहले से अधिक आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि संबंधित मामले की जांच और न्यायिक प्रक्रिया जारी है। अंतिम निष्कर्ष न्यायालय एवं जांच एजेंसियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# शाहपुर एनकाउंटर के खिलाफ आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चेनारी (रोहतास)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के विरोध में मंगलवार की शाम चेनारी प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश मार्च व कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों ने दिवंगत भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश तिवारी ने किया। हाथों में मोमबत्तियां लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय से मार्च निकालते हुए चेनारी शिवसागर पथ होते हुए कर्पूरी चौक से संत सिंह चौक पहुंचे जहां मार्च का समापन हुआ। इस दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मार्च में शामिल लोगों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने भरत भूषण तिवारी अमर रहे, निष्पक्ष जांच कर न्याय दो तथा दोषियों पर कार्रवाई करो जैसे नारे भी लगाए। कैंडल मार्च में विष्णु शंकर चौबे, जयशंकर तिवारी, गिरीश तिवारी, पंकज तिवारी, झाबल तिवारी, मनीष यादव, उप प्रमुख विकास कुमार, मंटू तिवारी, प्रेम शंकर तिवारी, दीपक तिवारी, फूलन तिवारी, छोटू तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

# एनएसएस इकाई ने निकाली नशा मुक्त भारत जनजागरूकता रैली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज स्थित अनजबित सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बैनर तले 24 जून को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशाल जनजागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली 17 जून से 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत सप्ताह का हिस्सा थी जो विकसित भारत के लक्ष्य की अहम पहल है। रैली में एनएसएस के सैकड़ों छात्र छात्राओं सहित स्वयंसेवकों ने नशा विरोधी विभिन्न नारों के साथ पूरे शहर में शांतिपूर्ण मार्च किया। इस अभियान में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी भी बढ़ चढ़कर शामिल हुए और समाज में नशे के खिलाफ जनचेतना फैलाने का काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश राम ने की। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है और इसे हम सब मिलकर ही खत्म कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ अनिल, डॉ सरोज, डॉ प्रभात, फजल, चंद्रशेखर, शौर्य, अंकित, भरत, नीतीश समेत कई वरिष्ठ प्रोफेसर मौजूद रहे। वहीं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में अरविंद , कर्मेंद्र , मीकू, दीपक, आरजू सहित अन्य लोगों ने भी मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मोहर्रम को लेकर बभनौल और कोआथ में निकला फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल अधिकारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में दावथ, बभनौल और नगर पंचायत कोआथ में फ्लैग मार्च निकाला गया। अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च दावथ थाना परिसर से शुरू होकर बभनौल और नगर पंचायत कोआथ क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों से मिलकर मोहर्रम को आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में बीडीओ विकास कुमार, आरओ विकास कुमार पंडित, पुलिस इंस्पेक्टर निपुंजय कुमार, थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजीयरा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar Fax No -06562-235078

**E-TENDER 1st TIME EXTENTION NOTICE**

Due to some unavoidable reasons e-tender NoticeNo-147/PR/JBVNL/2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner: -
IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Availability of tender document on website | Up to 01.07.2026 Time 17.00 Hrs |
| 2. | Last Date and time for submitting e-tender | Up to 01.07.2026 Time 17.00 Hrs |
| 3. | Date and time of opening of tender (Technical and Commercial Part-I) | 03.07.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website: www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification, please contact 7488397213 EE(IT)
6. Other terms & condition will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR No. 381771 PR 383175 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D



**बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड**
(बिहार सरकार का एक प्रतिष्ठान)
बिहार सरकार

निविदा संख्या-458

वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय, कार्य प्रमंडल, गया।
**वेबसाईटः http://www.brpnnl.bihar.gov.in**
**ईमेलः spe-gaya@brpnn.co.in**

**।। EMERGENT NOTICE INVITING TENDER ।।**

(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www. eproc2.bihar.gov.in** पर)

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/केन्द्रीय/राज्य सरकार/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी./सार्वजनिक क्षेत्र के समुचित श्रेणी में निबंधित संवदेकों से SBD आधारित ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत निम्नलिखित DEMOLITION OF Old Superstructure & Construction of New Supestructure of H.L.R.C.C. bridge कार्य हेतु प्रतिशत दर (Percentage Rate) प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व इन्हें निगम में निबंधित कराना अनिवार्य होगा।

| क्र॰ | जिला | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि (लाख रू॰ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online Payment) (रू॰ में) (अप्रत्यर्पणीय) | अग्रधन की राशि (लाख रू॰ में) | Bid Processing Fee (Online Payment) (रू॰ में) (अप्रत्यपर्णीय) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | औरंगाबाद | Demolition of Old Superstructure & Construction of New Superstructure including overall Maintenance + Retrofitting work of High Level RCC Bridge (4X21.75M) in Gaya Koilwan Road via Pirthu, Vishambharpur, Gothani Road at chainage -0.89 KM in Aurangabad District . | 383.17 | 10,000/- | 7.66 | 5,900.00 | 09 माह |

| Sl. No. | Activity | Duration |
|---|---|---|
| 1. | Download/Upload date of bid documents | From–08.07.2026 (10:00 Hrs.) to 25.07.2026(15:00 Hrs.) (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 2. | Pre-bid Meeting | 15.07.2026 at 15.00 Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL 7, Sardar Patel Marg, Patna – 800015) |
| 3. | Last Date of submission of Bank Draft, Bid Security and hard copies of document in original. | 27.07.2026 upto 15:00 Hrs. at BRPNNL Office |
| 4. | Date & time for opening of Technical Bid | 27.07.2026 at 16:00 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 5. | Date, time and place of opening of Financial Bid | To be informed later to technically qualified bidder. (www.eproc2.bihar.gov.in ) |

6. अनुमानित राशि घट-बढ़ सकती है तथा कार्य स्थल के अनुसार निरूपण में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
7. किसी प्रकार की जानकारी अथवा शुद्धि पत्र को वेबसाईट **http://brpnnl.bihar.gov.in** एवं **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।

**सम्पर्क पदाधिकारी का नामः-**
1.श्री आलोक शरण, वरीय परियोजना अभियंता, मो॰ नं॰-9431820181
2. श्री अभिषेक कुमार, परियोजना अभियंता, मो0 नं0-6204600810

**निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**वरीय परियोजना अभियंता**
**बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड**
**कार्य प्रमंडल, गया।**

PR- 006452 ( B & C ) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य योजना को लेकर डीएम की समीक्षा बैठक

## नौ डिग्री कॉलेजों के लिए विकास कार्यों में तेजी के निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत राज्य सरकार के सात निश्चय-3 (2025-30) के चतुर्थ निश्चय उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्थापित किए जाने वाले नौ डिग्री महाविद्यालयों के संचालन हेतु चिन्हित शैक्षणिक संस्थानों के जीर्णोद्धार, निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि उच्च शिक्षा के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाविद्यालयों का संचालन समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। बैठक में रहुई, नूरसराय, बिंद, नगरनौसा, कतरीसराय, थरथरी, करायपरशुराय, परवलपुर और सरमेरा प्रखंडों में चिन्हित संस्थानों की स्थिति की समीक्षा की गई। डीएम ने भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, छात्र-छात्राओं के लिए पृथक शौचालय तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही महाविद्यालयों में फर्नीचर, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी उप विकास आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लहेरी पुलिस ने की चोरी के पांच बाइक बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पांच चोरी की बाइक बरामद की है। इस मामले में एक आरोपित को निरुद्ध किया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि सोमवार की देर रात प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोहन कुआं मोहल्ला स्थित सुमित यादव के मकान के सामने छापेमारी की। इस दौरान पांच चोरी की बाइक बरामद की गईं। जांच में पता चला कि सभी बाइक पिछले एक सप्ताह के भीतर विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई थीं।बरामद वाहनों में कोडरमा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई तीन बाइक, नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक बाइक तथा नूरसराय थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक बाइक शामिल है।बाइक चोरी गिरोह से जुड़े एक को निरुद्ध किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद सभी बाइक चोरी की घटनाओं से संबंधित हैं तथा पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस कार्रवाई में एसआई सर्वेश कुमार, एसआई चंदन कुमार, सिपाही दीपक, नितेश, झुन्नू तथा महिला सिपाही प्रीति शामिल थीं।

## एक नजर

### नालंदा के चार शिक्षकों पर निगरानी जांच के बाद एफआईआर दर्ज

**बिहारशरीफ।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की जांच के आधार पर नालंदा जिले के चार शिक्षकों के विरुद्ध संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, हिलसा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय चकजोहरा में कार्यरत शिक्षिका पूनम कुमारी के विरुद्ध हिलसा थाना कांड संख्या 501/2026 दर्ज किया गया है। उनका नियोजन वर्ष 2015 बताया गया है।वहीं सिलाव प्रखंड के गौरव रंजन (मध्य विद्यालय करियनन्हा), सुमन लता (प्राथमिक विद्यालय लोहियानगर) तथा सतेन्द्र कुमार (मध्य विद्यालय जुनैदी) के विरुद्ध क्रमशः सिलाव थाना कांड संख्या 135/2026, 136/2026 एवं 137/2026 दर्ज किए गए हैं। इन तीनों शिक्षकों का नियोजन वर्ष 2012 बताया गया है।निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई जांच के बाद दर्ज इन मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### चंदा वसूली के विवाद में युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के कोनन गांव के पास चंदा वसूली को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मृतक के परिजनों के अनुसार, गांव के ही कुछ युवकों ने चंदे की रकम को लेकर विवाद के बाद लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान जहांगीरपुर निवासी चिंटू यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार चिंटू यादव अपने साथी सचिन कुमार के साथ फल लाने के लिए जहांगीरपुर से मसिदपुर जा रहा था। इसी दौरान कोनन गांव के पास कुछ युवक बाबा चैहरमल मेला के आयोजन के लिए चंदा वसूल रहे थे।आरोप है कि युवकों ने चिंटू से एक हजार रुपये चंदा मांगा। चिंटू द्वारा सहयोग राशि के रूप में 100 रुपये दिए जाने पर विवाद शुरू हो गया। परिजनों का दावा है कि इसके बाद आरोपितों ने पहले उनकी जाति पूछी और फिर लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से दोनों युवकों पर हमला कर दिया।हमले में चिंटू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं उसका साथी सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है। मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिन्हें परिजन बेरहमी से की गई पिटाई का प्रमाण बता रहे हैं।घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि पुलिस मामले को सड़क दुर्घटना बताकर लीपापोती करने की कोशिश कर रही है, जबकि यह स्पष्ट रूप से मारपीट और हत्या का मामला है।हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। घटना की सच्चाई सामने आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।

### सोगरा प्लस टू हाई स्कूल में एड हॉक कमिटी गठन व जांच के आदेश

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी नालंदा ने सोगरा प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन एवं विद्यालय के क्रियाकलापों की जांच को लेकर सख्त कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने पत्र संख्या 5471 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय की प्रबंध समिति की अवधि समाप्त होने के बाद एड हॉक कमिटी के गठन तथा विभिन्न गतिविधियों की जांच करने का निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रबंध समिति का कार्यकाल 19 अगस्त 2025 को समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद समिति के द्वारा संचालित कार्यों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विद्यालय में कथित अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।सूत्रों के अनुसार इससे पूर्व भी समिति की अवधि समाप्त होने के बाद किए जा रहे कार्यों पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण मामला लंबित रहा। अब जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए जांच प्रक्रिया तेज करने को कहा है।बताया जाता है कि विद्यालय में एड हॉक कमिटी गठन और अनियमितताओं की जांच की मांग कई सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं द्वारा भी पूर्व में उठाई जा चुकी है। प्रशासनिक स्तर पर जारी इस आदेश के बाद विद्यालय प्रबंधन से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है।

### प्रत्येक सनातनी के घर में रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहना चाहिए : आचार्य श्याम दास जी महाराज

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, वहीं शाम के समय आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन के दौरान आचार्य श्याम दास जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनी परिवार के घर में दो महान ग्रंथ रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये ग्रंथ केवल धार्मिक पुस्तकें नहीं,बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले आदर्श ग्रंथ हैं। इनके अध्ययन से व्यक्ति के भीतर संस्कार, मर्यादा,सत्य और धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए घर-घर में धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में प्रेम,भाईचारा और नैतिकता कायम रह सकती है।प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए और पूरा यज्ञ स्थल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

# 30 घंटे में लूटकांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**इस्लामपुर।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने लूट की एक घटना का महज 30 घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ घटना में प्रयुक्त दूसरी बाइक भी बरामद कर ली है। इसकी जानकारी हिलसा-2 इस्लामपुर डीएसपी कुमार ऋषिराज ने बुधवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।डीएसपी ने बताया कि 21 जून की रात करीब 11रू30 बजे थरथरी थाना क्षेत्र के बस्ता गांव निवासी किरण देव चैहान अपने मित्र धीरज कुमार के साथ शादी समारोह में शामिल होने दिलदयालगंज जा रहे थे। कोबिल गांव के पास नदी पुल के समीप बाइक सवार अपराधियों ने उनकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और सोने का लॉकेट लूट लिया था।घटना के बाद पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार एवं थानाध्यक्ष रणविजय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान और मानवीय आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जहानाबाद के हुलासगंज थाना क्षेत्र निवासी नेपाल कुमार तथा इस्लामपुर के खेदन बिगहा निवासी दीपू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है।पुलिस ने लूटी गई बाइक और घटना में प्रयुक्त पल्सर बरामद कर ली है। मामले में शामिल दो अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# मुहर्रम जुलूस में हथियार प्रदर्शन पर रोक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वारिसलीगंज (नवादा)।** मुहर्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को स्थानीय वारिसलीगंज थाना परिसर में पुलिस प्रशासन एवं तजियादारों व आमजन की बीच शांति समिति की बैठक हुई।पकरीबरावां एसडीपीओ नेतृत्व में आयोजित बैठक में तजियादारों ने पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। जबकि मुहर्रम के दौरान जुलूस निकालने को ले थाना से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक बताया गया। वहीं जुलूस के दौरान शांति भंग न हो इसके लिए अपने बच्चों खासकर युवाओं को नियंत्रण में रखने का प्रयास करने का प्रशासन ने जोर दिया। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक टीका, टिप्पणी नहीं करने, जुलूस में हथियारों का प्रदर्शन एवं डीजे बाजा बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। कहा गया कि किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत अपने निकट के पुलिस अधिकारी या थाना को दें। वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में कुल 20 स्थानों पर बनाया जाता है ताजियाः कार्यक्रम का संचालन करते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 20 स्थानों पर ताजिया का निर्माण कर मुहर्रम मनाई जाती है। इस दौरान संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिसपर प्रशासन की पैनी नज़र रहेगी। इस क्रम में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस से ताजियादारों को अवगत कराया गया। प्रखंड क्षेत्र में त्योहार के दौरान अखाड़ों में किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन पर रोक रहेगी।त्योहार के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर बीडीओ अमित कुमार, सीओ राजेश कुमार, पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, मुखिया राजकुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, वार्ड पार्षद श्वेतांक कुमार टोनी, मो फखरुद्दीन अली अहमद,अजित यादव, पप्पु चौधरी, हाजीपुर सरपंच संजय कुमार सहित स्थानीय पत्रकारों ने पर्व के दौरान शांति रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिया।

# खाद्य संरक्षा विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान,मिठाई दुकानदारों में मची हड़कंप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज बाजार स्थित आधा दर्जन मिठाई दुकानों में खाद संरक्षा अधिकारी द्वारा मंगलवार को छापेमारी की गई। इस क्रम में जांच के दौरान मिठाई बनाने में उपयोग होने वाले पनीर में मिलावट पाई गई।खाद्य संरक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि वारिसलीगंज बाजार के मिठाई दुकानों में मिलावटी मिठाई बेचने की सूचना मिली थी।सूचना के बाद आधा दर्जन दुकानों में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में वारिसलीगंज बस पड़ाव स्थित एक दुकान में बड़ी मात्रा में नकली पनीर बरामद किया गया। इसी प्रकार अन्य दुकानों में भी प्राप्त मिठाई पर लगाने वाला चांदी की परत की (अर्क) के स्थान पर अलमुनियम का परत लगाया मिला। जिसे तत्काल हटाने का निर्देश दुकानदार को दिया गया। अधिकारी ने बताया कि नकली पनीर बनाने के लिए दूध से क्रीम निकाल लिया जाता है और वजन बढ़ाने के उद्देश्य से अरारोट का मिश्रण मिलाकर पनीर तैयार किया जाता है। जिसमें संभव है कोई रासायनिक पदार्थ भी मिलाया जता है।जिसकी जांच की जाएगी। बताया गया कि कोई भी उपभोक्ता अगर पनीर खरीद रहे हैं तो उसकी जांच अवश्य कर लें।जांच करने के लिए बीटाजिन बाजार में उपलब्ध है।जिसको पनीर पर डालने पर नकली पनीर का रंग काला हो जायेगा। जिसे खरीदने की आवश्यकता नहीं है।वह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। वहीं रही पनीर पर बीटाजिन डालने के बाद भी काला नहीं होगा। कहा गया की उपभोक्ताओं को सही पदार्थ उपलब्ध हो इसके लिए लगातार छापेमारी की जाएगी। बता दें बख्तियारपुर और लखीसराय से कुछ युवक बाजार में आकर गली मोहल्ले में घूम-घूम कर लोगों को व मिठाई दुकानदारों को 150 से 180 रुपए तक पनीर उपलब्ध करवाते हैं। जिसकी बड़ी खेप ट्रेन के माध्यम से वारिसलीगंज पहुंचती है।जबकि बाजार में दूध से तैयार किए गया पनीर की कीमत 400 रुपये प्रति किलोग्राम है।वहीं पैकेट बन्द सुधा का पनीर 440 रुपए किलो ग्राम मिलता है। बाजार में खाद्य संरक्षा विभान की छापेमारी से नकली मिठाई बनाने,खाद्य तेल,मसाला समेत अन्य मिलावटी सामग्री बिक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

# मां मंगला स्थान मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण का शिलान्यास



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** शहर के रामचंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां मंगला स्थान मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु सनातन धर्म विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सुनील कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य बहुमंजिला मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी।इस अवसर पर विधायक ने मां मंगला स्थान में पूजा कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। सनातन धर्म विकास ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण के लिए जनसहयोग का आह्वान करते हुए चंदा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखने की बात कही। इसके लिए क्यूआर कोड एवं बैंक चेक के माध्यम से सहयोग राशि जमा करने की व्यवस्था की गई है।सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है और वे भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विधायक ने बताया कि शीघ्र ही इस पावन स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता के सहयोग से भविष्य में जिले के अन्य जर्जर मंदिरों का भी पुनर्निर्माण कराया जाएगा।इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश कुमार, अरविन्द जी,सुनील साव, राजकिशोर प्रसाद, अरूण देव साव, डा श्याम बिहारी, डा आलोक कुमार, डा चन्देश्वर प्रसाद, डा दीनानाथ वर्मा, डा बालमुकुंद, डा पवन भारती डा संध्या सिंन्हा, अधिवक्ता दिनेश प्रसाद, प्रो अमन कुमार, अध्यक्ष मंगला स्थान मंदिर प्रदुम्न साव, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# 01 जुलाई से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में 01 जुलाई 2026 से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने अकबरपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैजुना, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहिला तथा गोविंदपुर प्रखंड स्थित सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुघड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक संसाधनों तथान चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय भवनों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर हर हाल में 01 जुलाई 2026 से नियमित पठन-पाठन प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान भवनों के प्लास्टर, फर्श, विद्युत वायरिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, मोटर तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने को कहा।उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चयनित एजेंसी के माध्यम से हाउसकीपिंग व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नियमित साफ-सफाई कराई जाए। निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन से जिले के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर उपलब्ध होगा तथा इससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार पुलिस विशेष शाखा सिपाही भर्ती परीक्षा नवादा में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित बिहार पुलिस की विशेष शाखा, बिहार में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) भर्ती परीक्षा आज दिनांक 24 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला मुख्यालय स्थित 15 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा दो प्रश्न-पत्रों में आयोजित की गई। प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र अपराह्न 12:00 बजे से 01:30 बजे तक आयोजित हुआ। परीक्षा के स्वच्छ, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा के संयुक्त निर्देशन में सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा प्रवेश प्रक्रिया की सतत निगरानी की गई। परीक्षा केन्द्रों के भीतर एवं बाहर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के पहचान सत्यापन, सुरक्षा जांच एवं प्रवेश से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। परीक्षा अवधि के दौरान जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी लगातार विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे तथा संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। जिले के सभी 15 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 7,569 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें से 2,338 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 5,231 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या, शरीर पर मिले कई चोट के निशान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के 17 नंबर मसानी के पीछे बुधवार सुबह एक युवक का शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।मृतक की पहचान सलेमपुर बीच बाजार निवासी सुधीर साव के 30 वर्षीय पुत्र राजन कुमार के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार राजन मंगलवार की शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला।परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और बाद में हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया।मृतक के भाई साहिल कुमार ने आरोप लगाया कि जिस इलाके में शव मिला है, वहां आसपास शराब माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी खेतों में शराब छिपाकर रखते हैं। आशंका है कि राजन ने उनकी गतिविधियों को देख लिया होगा, जिसके कारण उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।इधर घटना की सूचना मिलते ही सोहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सदर डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने बताया कि युवक मंगलवार शाम घर से निकला था और बुधवार सुबह उसका शव बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया मारपीट के कारण उसकी मौत होने की आशंका है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# जिले के रेलवे स्टेशन बदहाल, यात्रियों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों बिहारशरीफ, राजगीर, इस्लामपुर और हिलसा में यात्री सुविधाओं की भारी कमी सामने आ रही है। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को ठंडे पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि कई स्थानों पर शौचालय बंद रहने से विशेषकर महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।बिहारशरीफ जंक्शन पर प्लेटफार्मों का विस्तार तो हुआ है, लेकिन सुविधाएं अब भी पुरानी स्थिति में हैं। अधिकांश प्लेटफार्मों पर शेड और शौचालय का अभाव है। ठंडे पानी की मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है, जबकि पानी की टंकी जर्जर होने के कारण हटा दी गई है। बिजली कटते ही पानी की आपूर्ति भी बाधित हो जाती है।राजगीर स्टेशन पर तीनों प्लेटफार्मों पर पेयजल की व्यवस्था होने के बावजूद ठंडे पानी की मशीन अक्सर खराब रहती है। यात्रियों का आरोप है कि मोटर संचालन में लापरवाही के कारण कई बार पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वहीं, प्लेटफार्म संख्या एक पर बने अधिकांश शौचालयों में ताला लगा रहता है।इस्लामपुर स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है, लेकिन हैंडपंप खराब पड़ा है और शौचालय भी अक्सर बंद रहता है। यात्रियों का कहना है कि इससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है।हिलसा स्टेशन की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। टंकी के पानी की गुणवत्ता को लेकर यात्री संदेह जताते हैं। प्लेटफार्म संख्या एक के दोनों चापाकल बंद हैं और यात्रियों को दूसरे प्लेटफार्म के एकमात्र चालू चापाकल पर निर्भर रहना पड़ता है। यहां बने शौचालय भी अधिकांश समय बंद रहते हैं।यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से पेयजल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# डीईओ ऑफिस नवादा में प्रधान लिपिक रहे संजीत कुमार को मिली कार्यालय अधीक्षक में पदोन्नति

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नवादा में प्रधान लिपिक के रूप में अपनी कार्यकुशलता और शिक्षकों के हित में त्वरित कार्यों के लिए पहचान बनाने वाले संजीत कुमार को कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। वर्तमान में वे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, गयाजी में पदस्थापित हैं और पदोन्नति के बाद वहीं कार्यालय अधीक्षक के पद पर योगदान भी कर चुके हैं। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मगध प्रमंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें पदोन्नति के आधार पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले वे प्रधान लिपिक के रूप में अपनी दक्षता और सरल कार्यशैली के कारण शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं। संजीत कुमार मूल रूप से नवादा जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत भीमविगहा गांव के निवासी हैं। सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और कार्यालयी कार्यों के शीघ्र निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि उनकी पदोन्नति की खबर से गयाजी के शिक्षकों के साथ-साथ नवादा जिले के शिक्षक समुदाय और उनके शुभचिंतकों में भी खुशी का माहौल है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में समसमायिक व तर्कशक्ति के प्रश्नों ने किया परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के 11 केंद्रों पर बुधवार को सिपाही भर्ती की परीक्षा हुई। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के तहत विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के 83 पदों के लिए हुई परीक्षा में परीक्षा देने वाले से दोगुना अनुपस्थित रहे। करीब 67 फीसदी परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दो पालियों में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों को समसमायिक व तर्कशक्ति के प्रश्नों ने परेशान किया। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। किसी केंद्र से निष्कासन की सूचना नहीं मिली। प्लस टू जिला स्कूल केंद्र पर बुधवार की दोपहर 1:35 बजे परीक्षा देकर बाहर निकली बेगूसराय की कुमकुम कुमारी ने बताया कि समसमायिक (करेंट अफेयर्स) के सवाल इस बार काफी कठिन रहे। कई प्रश्न गहराई से पूछे गए थे। उन्हें हल करने में ज्यादा समय लगा। हालांकि बिहार स्पेशल वाले प्रश्न अपेक्षाकृत आसान रहे, जिससे थोड़ा संतुलन बना रहा। मुजफ्फरपुर की मधु यादव व चंदन कुमार ने बताया कि तर्क शक्ति (रीजनिंग) सेक्शन में कई सवाल अधिक समय लेने वाले रहे। कुछ प्रश्नों को हल करने में ज्यादा समय चला गया। इस कारण अंत में जल्दबाजी करनी पड़ी। बाकी विषयों के सवाल सामान्य स्तर के रहे। परीक्षा की कठिनाई स्तर वैशाली से आए अवध कुमार ने बताया कि बिहार स्पेशल से जुड़े प्रश्न सबसे आसान लगे। राज्य की सामान्य जानकारी और इतिहास से जुड़े सवाल सीधे पूछे गए थे, लेकिन करेंट अफेयर्स ने तैयारी की असली परीक्षा ली। पटना के परीक्षार्थी मुकेश सिंह ने बताया कि ओवर ऑल सवाल आसान नहीं रहे। रीजनिंग के सवाल कड़े रहे, समय ज्यादा लगा जबकि बिहार स्पेशल और सामान्य ज्ञान के प्रश्न जल्दी बन गए।



परीक्षा केंद्रों की सूची 5409 परीक्षार्थियों में से 1796 ने ही दी परीक्षा। शहर के 11 केंद्रों पर दो पालियों में सिपाही भर्ती की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में भी पहली पाली के परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिया। सुबह 8 बजे के बाद जो परीक्षार्थी सेंटर में प्रवेश किए वह दूसरी पाली की समाप्ति यानी 1.30 के बाद ही बाहर निकले। सभी केंद्रों को मिलाकर पहली पाली में 5409 परीक्षार्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था रही। 5409 में से 1796 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा जबकि 3613 अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में 5409 में 3613 गैरहाजिर रहे। यानी 33 फीसदी परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह आठ से नौ बजे तक ही प्रवेश रहा। परीक्षा के स्वच्छ व शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जोनल व स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित सुरक्षा पदाधिकारियों की तैनाती रही।

## 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भरारी स्थान गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान राम प्रवेश यादव की 15 वर्षीय पुत्री प्रतिमा कुमारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि प्रतिमा अपने ननिहाल, भरारी स्थान गांव में रह रही थी। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान उसने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही रौशनगंज थाना अध्यक्ष अणु राजा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की बारीकी से जांच कर रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## जेडीयू प्रखण्ड अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जनता दल यूनाइटेड के कोंच प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव को अंगवस्त्र भेंट कर बुधवार दोपहर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरेंद्र दांगी ने कहा कि थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव द्वारा थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में थानाध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उनके कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दी।



## मां तारा जागरण महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत केसपा ग्राम स्थित मां तारा देवी मंदिर प्रांगण में मां तारा सामाजिक उत्थान समिति के तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य मां तारा जागरण महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां तारा देवी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार, अतरी विधायक रोमित कुमार, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, डॉ. मृत्युंजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, राधेश्याम सिंह, आचार्य सुकेश शर्मा एवं अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मां तारा देवी का तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अतरी विधायक रोमित कुमार ने कहा कि भारतीय धर्म और परंपराओं का प्रचार धार्मिक एवं वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोणों से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी अधिकांश परंपराएं वैज्ञानिक आधार पर निर्मित हैं। वहीं पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने स्वयं वसंतीय नवरात्र के स्थान पर शारदीय नवरात्र में महोत्सव आयोजित करने के लिए पत्र लिखा था। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सोलहदाम तटबंध की मरम्मत का कार्य इसी वर्ष प्रारंभ किया जाएगा।



## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना परिसर में अनुमण्डल पदाधिकारी, टेकारी की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल सहित बीडीओ संभव कुमार सिंह, सीओ श्रीमती नुपूर एवं थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सहित प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों गावों के हिन्दू-मुस्लिम प्रतिनिधि शामिल हुए। पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मुहर्रम मे डीजे का प्रयोग पूर्णतः बंद रहेगा। साथ ही साथ उपद्रवियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति से लोग पर्व मनाएं। पुलिस-प्रशासन के लोग हमेशा तत्पर रहेंगे। हमेशा की तरह बाजुबिगहा गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया जुलूस एवं जनाजे के आवागमन के लिए पदाधिकारियों से रास्ता का मांग किया। इसके लिए पदाधिकारियों ने घटेरा गांव के लोगों से बंद कमरे में बात कर रास्ता की समस्या से निजात का प्रयास किया। वहीं कई छोटी-छोटी समस्यों का निदान पदाधिकारियों ने ऑन द स्पोर्ट किया।

## मोहर्रम को लेकर आंती थाना में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को आंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मोहर्रम के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी (सीओ) मुकेश कुमार, एसआई मीरा कुमारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, राजद नेता मो. आकिब आलम, सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष मो. जमीलुर रहमान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी, मो हैदर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पढ़ाना सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की सेवा : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की ओर से उच्च-शिक्षा के शिक्षकों के लिए आयोजित 24 दिवसीय आवासीय 'गुरु दक्षता कार्यक्रम' (फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम) की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में बिहार और झारखंड से उच्च शिक्षा संस्थानों व उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न संस्थाओं में कार्य कर रहे 42 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों के नवनियुक्त शिक्षकों की प्रोफेशनल क्षमता को बढ़ाना है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट व विषयगत समझ के साथ समावेशी प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर 'विकसित भारत 2047' के विजन को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. चंद्र भूषण शर्मा, कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखंड) ने उच्च शिक्षा के अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाना सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की सेवा है। उन्होंने शिक्षकों को खुले विचारों वाला बनने, व्याख्या करने की क्षमता विकसित करने और सोच-समझकर सवालों के जवाब देने का कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सीयूएसयू बी की एनईपी प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. प्रणव कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन पर विभिन्न नीति दस्तावेजों के बारे में अवगत करते हुए विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा किया।

## गया जंक्शन पर परीक्षार्थियों और यात्रियों का उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जंक्शन पर बुधवार की शाम परीक्षार्थियों और यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गया से पटना की ओर जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रहे परीक्षा अभ्यर्थियों के कारण स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और फुट ओवरब्रिज (एफओबी) पर काफी भीड़ थी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए पटना रवाना होने वाले थे जिसके कारण स्टेशन पर सामान्य दिनों की तुलना में अधिक चहल-पहल रही। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के आगमन की सूचना मिलते ही अभ्यर्थियों और यात्रियों की आवाजाही और तेज हो गई। कई स्थानों पर लोगों की भीड़ की लंबी कतारें भी दिखाई दीं। भीड़ के कारण यात्रियों को आने-जाने में कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि रेलवे प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए था। स्टेशन परिसर में अनाउंसमेंट के माध्यम से यात्रियों को सतर्क रहने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जाती रही।

## नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रौशनगंज थाने के भरारी स्थान गांव में बुधवार को एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, भरारी स्थान के रामप्रवेश यादव की पुत्री घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। बताया जाता है कि घटना के समय लड़की के माता-पिता खेती-बाड़ी के कार्य से घर से बाहर गए हुए थे जब परिजन वापस घर आए तो कमरे में बेटी फंदे से झूल रही थी। रौशनगंज थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेज दिया।

## डायन बता महिला की पिटाई करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शेरघाटी के नई बाजार इलाके में एक महिला को डायन बताकर बेरहमी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपित रणधीर कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। थानेदार मोहन कुमार ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। बताया जाता है कि मंगलवार को नई बाजार की मुन्नी देवी पर डायन होने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की गई थी। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसके सिर में गहरे जख्म आए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया था। घटना के बाद घायल महिला के पति दिलीप दास ने शेरघाटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/05 दिनांक- 24.06.2026

**BCECE-2026 के परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी०सी०ई०सी०ई०)-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों/ सम्बन्धित संस्थानों तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2026 एवं 31.05.2026 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।
2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of BCECE -2026" Link पर Click करें। तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link
   - View / Download **Rank Card of Agriculture** [CBA/MBA/MCA/PCA] Group
   - View / Download **Joint Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group
   - View / Download **Rank Card of BCECE** [PCM/PCB] Group प्रदर्शित होगा।

   अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।
3. **Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी ।**

परीक्षा नियंत्रक

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/05 दिनांक- 24.06.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**
**BCECE (LE)–2026 [BLE (Engg.) / BLE (Para Medical) / BLE (Pharmacy) Degree Course]**
**के परीक्षाफल से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]-2026 के अंतर्गत तीन ग्रुप (i) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Engg.]-2026, (ii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई)[Para Medical]-2026 एवं (iii) बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई) [Pharmacy]-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.05.2026 को आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [बी.सी.ई.सी.ई.(एल.ई.)]-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।
2. **BCECE[LE]-2026 के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of BCECE (LE)-2026" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।**
3. **Online कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम की सूचना यथासमय प्रकाशित की जायेगी।**

परीक्षा नियंत्रक

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकासविभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू
**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2026**

दिनांक :–02/07/2026 सूचना समय–10:30 बजे पूर्वा0 से0 3:30बजे अप0 तक
स्थान : पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर।

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Frontage Institute of Information Technology and Services Pvt. Ltd. | Centre Manager | 01 | Graduation/PG | 3-5 Year | 30-40 | 20-25 K | Palamu, Garhwa, Latehar |
| | | Customer Care Executive | 01 | 12th/BA+TOT/Fresher | 2-3 Year | 20-30 | 12-16 K | |
| | | FD Trainer | 02 | BA+TOT/Fresher | 2-3 Year | 20-30 | 12-16 K | |
| | | GDA Trainer | 01 | B.Sc. Nursing /GNM+TOT | 2-3 Year | 20-30 | 12-18 K | |
| | | Mobilizer (Field Officer) | 04 | 12th/Graduation | 1 Year | 20-40 | 10-20 K | |
| 2 | Anand Motors, Daltonganj | Sales Consultant | 10 | Graduation/MBA | 2-3 Year | 22-35 | 8000-12000/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 3 | SIS Ltd. Garhwa | Security Guard | 50 | 10th | -- | 19-40 | 14000-28000/- | All India |
| | | Sec. Supervisor | 30 | 12th | -- | 21-37 | 16000-30000/- | |
| | | GTO | 10 | Graduation | -- | 21-37 | 33000-40000/- | |
| 4 | Freedom Employability Academy | Teacher | 10 | Graduation | -- | 18+ | 14500+3000 (HR) | Palamu/Garhwa/ Latehar/Ambikapur |
| 5 | Bharat Financial Inclusion Ltd, Daltonganj | Sangam Manager Trainee (SMT) | 30 | 10th/12th | -- | 18-30 | 12338-14943/- | Palamu, Garhwa, Latehar, Gumla, Lohardaga, Chatra |
| | | Customer Retention Officer | 30 | 10th/12th | -- | 18-30 | 12338-14943/- | |
| 6 | Premsons Motor Udyog Pvt. Ltd. | Field Sales Executive | 10 | 12th/Graduation | 1 Year | 22-35 | 18000-25000/- | Palamu |
| 7 | Adeeco India | Jr. Operator | 100 | 10th/12th/ITI/Diploma/ Graduation | -- | 18-25 | 24119-25192/- | Tamilnadu |
| | | Technical Associate | 50 | | -- | 18-32 | 19400/- | |
| | | Operator | 50 | | -- | 18-26 | 19616/- | |
| 9 | Airtel (Teamlease Pay Roll) | Field Technician | 40 | 10th+DL+Bike | -- | 18-55 | 19000-24000/- | Jamshedpur |
| 10 | Credit Access GrameenKoota Daltonganj | Kendra Manager | 20 | 12th,Graduation/ITI | DL | 18-29 | 12250/- | Palamu |
| 11 | Yazaki India Pvt Ltd/ Motherson India Pvt Ltd. | Assembly Operator/ Quality Inspector | M-100 F-100 | 8th/10th/12th | -- | 18-30 | 18000-25000/- | Tamilnadu |
| 12 | JAY MATAJI ENTERPRISES : VEE GEE AUTO COMPONENTS PVT. LTD. | Machine Operator | 50 | 9th/10th/12th/Graduation | -- | 18-35 | 18462-25962/- | Ahmedabad |
| | | Helper | 50 | 9th/10th/12th | -- | 18-35 | 18462-25962/- | |
| | | Quality | 50 | ITI/Diploma | -- | 18-35 | 20112-27612 | |
| 13 | Terrier Security Services India Ltd. | Security Guard | 100 | 10th | -- | 18-40 | 17000-23000 | Pan India |
| 14 | LIC of India | BimaSakhi& Agent | 100 | 10th | -- | 18+ | 7000+Commission | Palamu |
| 15 | Vision India Ltd :- (i) Hindalco | NAPS | 100 | ITI (Fitter/Welder) | -- | 18-28 | 12500/- | Sonbhadra (UP) |
| | (ii) Global Alluminne | NAPS | 100 | ITI (All Trade) | -- | 18-28 | 17500/- | Hyderabad |
| | (iii) MRF | NAPS | 100 | ITI (All Trade) | -- | 18-28 | 17500/- | Goa |
| 16 | Sindhuja Microcredit Pvt Ltd | Trainee Credit Officer | 50 | 12th | -- | 18-30 | 11500-15500/- | Jharkhand & Bihar |
| 17 | Premsons Bajaj | Sales Executive | 05 | 12th/Graduation | -- | 18+ | --- | Jharkhand |
| | | Team Leader | 03 | Graduation | -- | 22+ | | |
| | | Marketies Executive | 05 | 12th/Graduation | -- | 18+ | | |
| 18 | VijetaImpect Merchandise Pvt Ltd | Helper/ITI/Store Keeper/ Sec. Guard/Supervisor | 110 | 10th/12th/ITI | -- | 18-35 | 14500-22500/- | Pan India |
| 19 | EMINENT HR SOLUTION PVT LTD : VEE GEE AUTO COM PVT. LTD. | Robot Machine Operator | 100 | 10th/12th/ITI/Diploma/ Graduation | -- | 18-35 | 19000-24500/- | Ahmedabad |
| 20 | Instakart Services Pvt. Ltd. | Delivery Partner | 30 | 12th Pass | -- | 18+ | 15000-25000/- | Palamu |
| 21 | RSG Sales & Service Pvt. Ltd. | Sales Marketing | 60 | 12th | -- | 18-40 | 14000-18000/- | All over Jharkhand |
| | | Technician | 35 | 10th/12th/ITI | 2 Years | 18-40 | 15000-18000/- | |
| | | Survey Executive | 70 | 10th/12th | -- | 18-40 | 14000-17000/- | |
| | | Supervisor | 12 | Graduation+DCA | 1 Years | 22-40 | 16500-20000/- | |
| | | HR Executive | 05 | Graduation+ADCA | 1 Years | 22-40 | 18000-24000/- | |
| | | Computer Operator | 05 | 12th+ADCA/CCC | -- | 18-40 | 14000-16000/- | |
| | | Tele Caller | 30 | 10th/12th | -- | 18-40 | 10000-12000/- | |
| | | Accountant | 02 | B.Com/ADCA/Tally | 2 Years | 22-35 | 16000-20000/- | |
| 22 | Shriram Life Insurance Co. Ltd. | BA | 40 | 10th | -- | 18-50 | 22000/- | Garhwa |
| 23 | Ford Management Services (Shivkrupa Group) | Machine Operator/Helper | 50 | 10th/12th/B.A. | -- | 18-32 | 17000-21000/- | Ranjangaon (Pune) |
| 24 | Sun Bright Manpower Solution Pvt Ltd :- Honda Motorcycles & Scooters Pvt. Ltd. | Assembly Operator | 100 | 10th/ITI | -- | 18-27 | 21000/- | Bangalore |
| | | Quality Inspection | F-100 | 10th/ITI/Diploma | -- | 18-27 | 20500/- | |
| | | Line Operator | 100 | Diploma | -- | 18-27 | 19500/- | |
| 25 | Career Tree HR Solution Pvt. Ltd. (i) Delphi TVS Chennai | Learn Earn | 50 | 10th/12th | -- | 18-25 | 16000/- | Chennai |
| | (ii) Stellantis | Associate Technician | 50 | 10th/ITI | -- | 18-26 | 17500-22176/- | |
| | (iii) TVS Sundaram | Associate Technician | 50 | 10th/ITI | -- | 18-25 | 19823-21033/- | |
| 27 | EFFICACY AMS PVT. LTD. | Machine Operator | 50 | ITI/Diploma | -- | 18-32 | 15000-21000/- | Tamilnadu |
| 28 | SGRS Academic Pvt. Ltd. | FD Trainer | F-01 | Graduation | 3 Years | 18-35 | 19K-20K | Palamu |
| | | Warden | F-01 | 12th | 1 Year | 18-30 | 13K-15K | |
| | | Soft Skill Trainer | F-01 | Graduation | 2 Years | 30-35 | 16K-18K | |
| 29 | SvatantraMicrofin Ltd. | SFO | 50 | 10th, 12th, ITI | -- | 18-28 | 12,770/- | Palamu |

यह रोजगार मेला अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार ऑनस्पॉट पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर, पलामू में चयन करेगी। मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। रोजगार मेला में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण–प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में भाग ले सकते हैं। नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेवार होंगे। नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में है। यह रोजगार मेला पूर्वा 10:30 बजे से अप0 03:30 बजे तक संचालित रहेगा।
इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 383152 District(26-27)D

संपादकीय

# मानसून तुम कब आओगे?

इस बात का डर तो पहले ही से था कि प्रशांत महासागर में तापमान बढ़ने के कारण होने वाले 'अल नीनो' प्रभाव का असर भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा पर भी होगा, लेकिन इसका असर इतनी जल्दी दिखाई देगा, यह नहीं सोचा था। हालांकि देश का मौसम विभाग यह सांत्वना दे रहा है कि जल्द ही मानसून देश भर में सक्रिय होगा, लेकिन उसकी तारीख बढ़ती ही जा रही है। वास्तव में कब आएगा, कोई ठीक-ठीक नहीं बता पा रहा। जो सेटेलाइट तस्वीरें आ रही हैं, उनमें भी न तो बंगाल की खाड़ी में और न ही अरब सागर में बारिश का कोई बड़ा और मजूबत सिस्टम दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में अवर्षा का खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल कमजोर अल नीनो और कमजोर सोमाली जेट हवाओं के कारण मानसून की चाल धीमी हो गई है। शुरुआती हफ्तों में देश भर में सामान्य से लगभग 40 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश और आसपास के इलाकों में भी इसके आगे बढ़ने में देरी हो रही है। मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि प्रशांत महासागर में अल नीनो के प्रभाव से नमी वाली हवाएं कमजोर पड़ रही हैं, जिसके कारण इस साल सामान्य से 90 प्रतिशत तक कम बारिश का अनुमान है। हिंद महासागर में नमी लाने वाले कम दबाव वाली हवाएं, जिन्हें तकनीकी भाषा में सोमाली जेट कहा जाता है, वे भी फिलहाल उतनी मजबूत नहीं हैं। आमतौर पर 1 जून को मानसून केरल पहुंचने के बाद जून मध्य तक देश के बड़े हिस्से में फैल जाता है। लेकिन इस बार वह महाराष्ट्र और बंगाल में ही नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग का दावा है कि मानसून अब जून अंत तथा जुलाई के पहले सप्ताह तक जोर पकड़ेगा। वैसे मानसून का निर्धारित तिथि से देरी से आना कोई नई बात नहीं है, लेकिन चिंता की बात यह है कि अगर बारिश बहुत कम हुई तो देश की अर्थव्यवस्था पर इसका बहुत बुरा असर पड़ेगा, जो पहले ही दूसरे वैश्विक संकटों से जूझ रही है। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट डरावनी है। इसमे कहा गया है कि देश में मानसून की बारिश के रिकॉर्ड के 126 साल के इतिहास में दूसरा सबसे सूखा जून बीत रहा है। 21 जून तक 57.4 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 42.2 प्रतिशत कम है। इससे पहले 2009 में पूरे जून में कोटे से 49 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड हुई थी। इससे मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में खेती पर बुरा असर पड़ा था। साथ में यह भी कहा गया है कि मानसून दो हफ्ते बाद अब आगे बढ़ सकता है। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बना है, जो मानसून को छत्तीसगढ़ तक पहुंचाएगा। रविवार को मेघालय के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। खासी हिल्स जिले के मॉसिनराम में 24 घंटे में 530 मिमी बारिश दर्ज की गई। यानी एक रात में यहां जितनी बारिश हुई, उतनी जोधपुर-बीकानेर में 6 महीने में होती है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को ओले गिरे। वहीं, एमपी के 5 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में लू चल सकती है। इस बीच मानसून समय पर न आने के कारण देश में खरीफ की बुवाई 12 जून तक सालाना आधार पर 3.9 प्रतिशत घटकर 84.6 लाख हेक्टेयर रही। बारिश की सारी उम्मीदें अब जुलाई और अगस्त पर टिकी हैं। मानसून की एंट्री 25 जून के बाद हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि सरकार के स्तर पर अभी से कोई ऐहतियाती कदम उठाने और पानी को बचाने के लिए कोई नियम या कार्रवाई नहीं की गई है।

# म्यांमार में भारत की नई कूटनीतिक परीक्षा

**फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा किए जाने के बाद के लगभग पाँच वर्षों में अपने पूर्वी पड़ोसी के प्रति भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक नीति को एक शब्द में समेटा जा सकता है और वह है निरंतरता। नई दिल्ली ने नायपीडॉ में सैन्य शासन को देश की कार्यकारी सत्ता के रूप में स्वीकार करते हुए उससे हर तरह का संवाद जारी रखा, अपनी संपर्क और कनेक्टिविटी परियोजनाओं को आगे बढ़ाया, और सार्वजनिक बयानों को इस तरह संतुलित रखा कि न तो तख्तापलट का समर्थन दिखाई दे और न ही सैन्य नेतृत्व को नाराज़ किया जाए। यह ऐसी नीति थी जिसे एक संक्रमणकालीन दौर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। इसको ऐसा भी कह सकते हैं कि एक ऐसी रणनीति जो परिस्थितियाँ स्थिर होने तक भारत की स्थिति को सुरक्षित बनाए रखने के लिए बनाई गई थी। लेकिन परिस्थितियाँ स्थिर नहीं हुईं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस बदलती हुई वास्तविकता को सबसे स्पष्ट रूप से न तो किसी सैन्य पराजय, न किसी विद्रोही सफलता और न ही किसी बड़े कूटनीतिक संकट ने उजागर किया; बल्कि एक साधारण-सी प्रतीत होने वाली राजकीय यात्रा ने इसे सबसे अधिक स्पष्ट किया।**

**अंशुमान**

मई-जून 2026 में म्यांमार के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का नई दिल्ली आगमन केवल एक नियमित राजकीय यात्रा नहीं था। सत्ता ग्रहण करने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा और 1 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के उपरांत जारी संयुक्त वक्तव्य ने संकेत दिया कि भारत-म्यांमार संबंध एक ऐसे मोड़ पर पहुँच चुके हैं जहाँ पुराने आकलनों की सीमाएँ स्पष्ट होने लगी हैं। इस यात्रा का वास्तविक महत्व किसी नई नीति-घोषणा या कूटनीतिक उपलब्धि में नहीं, बल्कि इस तथ्य में निहित था कि इसने उन जमीनी परिवर्तनों को उजागर कर दिया जिन्हें नई दिल्ली अब अधिक समय तक नजरअंदाज नहीं कर सकती।

हकीकत में पिछले पाँच वर्षों से भारत जिस नीतिगत ढाँचे के आधार पर म्यांमार के साथ अपने संबंधों को निभा रहा था, वह इस धारणा पर टिका था कि नायपीडॉ की केंद्रीय सत्ता अंततः पूरे देश पर अपना प्रभाव बनाकर रखेगी। लेकिन हुआ उसका उल्टा, आज की स्थिति यह है कि म्यांमार का राजनीतिक और सुरक्षा परिदृश्य पहले से कहीं अधिक बिखर चुका है। ऐसे में पुराना नीति-ढाँचा उस वास्तविकता को समझने और संभालने के लिए पर्याप्त नहीं रह गया है, जिसके लिए उसे मूल रूप से तैयार किया गया था। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की यह यात्रा वस्तुतः उसी बदलती वास्तविकता की औपचारिक और प्रतीकात्मक मान्यता थी, जिसने भारत-म्यांमार संबंधों तथा व्यापक क्षेत्रीय समीकरणों को एक नए दौर में प्रवेश करा दिया है।

यहाँ यह समझना बेहद ज़रूरी है कि भारत के लिए म्यांमार सिर्फ़ एक पड़ोसी देश नहीं है। यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति का प्रवेश द्वार है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ता है। साथ ही, बंगाल की खाड़ी में भारत की सामरिक उपस्थिति को मज़बूत करने और क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने में भी म्यांमार की अहम भूमिका है। यही वजह है कि वहाँ की राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों का सीधा असर भारत की सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर की स्थिरता और व्यापक क्षेत्रीय रणनीति पर पड़ता है। इसलिए नई दिल्ली ने हमेशा म्यांमार के मसले पर आदर्शवादी दृष्टिकोण के बजाय अपने व्यावहारिक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है। तख्तापलट के बाद भारत की म्यांमार नीति एक मूल धारणा पर आधारित थी कि नायपीडॉ की केंद्रीय सरकार, चाहे जितनी भी विवादित क्यों न हो, पूरे देश में प्रभावी सत्ता बनी हुई है और इसलिए भारत के प्रमुख हितों के लिए वही सबसे आवश्यक संवाद साझेदार है।



लेकिन दिसंबर 2025 के अंत और जनवरी 2026 के बीच हुए चुनावों ने इस धारणा को चुनौती दी। मतदान देश की 330 टाउनशिप में से केवल 265 में ही कराया जा सका। यह आंकड़ा एक ओर सेना की बची हुई प्रशासनिक पहुँच को दर्शाता है, तो दूसरी ओर उस विशाल भूभाग को भी, जिस पर 2021 के बाद से प्रतिरोधी ताकतों का प्रभाव स्थापित हो चुका है।

कूटनीतिक तौर पर देखा जाए तो यह भारत की विदेश नीति के लिए कोई हाशिये का प्रश्न नहीं है, बल्कि एक केंद्रीय चुनौती है। नई दिल्ली की म्यांमार नीति तीन परस्पर जुड़ी प्राथमिकताओं से संचालित रही है, सीमा की स्थिरता, संपर्क अवसंरचना का विकास, और चीन की रणनीतिक पैठ को सीमित करना। इन्हीं कारणों से भारत ने लोकतांत्रिक दुनिया द्वारा अलग-थलग किए जाने के बावजूद ततमाडॉ यानी म्यांमार सेना को अपना मुख्य साझेदार बनाए रखा। लेकिन यह रणनीतिक गणित अब पहले जैसा काम नहीं कर रहा है। आज वे जातीय सशस्त्र संगठन (श्व्रह्व) उन इलाकों पर नियंत्रण रखते हैं जिनसे होकर भारत की अधिकांश कनेक्टिविटी परियोजनाएँ गुजरती हैं। ऐसे में केवल नायपीडॉ पर केंद्रित संपर्क भारत के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त नहीं रह गया है। दरअसल, कूटनीतिक स्तर पर भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि उसे म्यांमार की सरकार से संबंध रखने चाहिए या नहीं। असली चुनौती यह है कि बदलती हुई परिस्थितियों के अनुरूप वह अपने संपर्कों और संवाद का दायरा कितना व्यापक बनाता है। विदेश नीति में अक्सर यह कहा जाता है कि देशों के संबंध राज्यों से होते हैं, लेकिन म्यांमार की मौजूदा स्थिति इस सिद्धांत की सीमाओं को भी उजागर करती है। आज देश के कई हिस्सों में वास्तविक प्रभाव और नियंत्रण केवल केंद्रीय सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न जातीय सशस्त्र संगठनों और स्थानीय शक्तियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में केवल आधिकारिक सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना भारत के लिए पर्याप्त नहीं होगा। जिन समूहों का सीमावर्ती क्षेत्रों, व्यापार मार्गों और स्थानीय सुरक्षा स्थितियों पर प्रभाव है, उनकी उपेक्षा करने का अर्थ होगा ज़मीन पर मौजूद वास्तविकताओं को नज़रअंदाज़ करना। भारत के लिए अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण यही होगा कि वह अपनी पारंपरिक सरकारी संपर्क व्यवस्था को बनाए रखते हुए उन सभी प्रभावशाली पक्षों के साथ संवाद के रास्ते भी खुले रखे, जो म्यांमार के भविष्य और भारत के रणनीतिक हितों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। 1 जून को जारी भारत-म्यांमार संयुक्त बयान ने इस अंतर्विरोध को स्वीकार तो किया, लेकिन उसका समाधान प्रस्तुत नहीं किया। भारत-म्यांमार सीमा पर सत्ता का बिखरता ढाँचा इस बात को स्पष्ट करती हैं कि केवल नायपीडॉ के साथ संवाद अब पर्याप्त नहीं रह गया है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो भारत की म्यांमार से लगने वाली सीमा अब किसी एक राज्य के साथ साझा की गई सीमा नहीं रह गई है। यह अनेक शक्ति केंद्रों में विभाजित एक सीमांत क्षेत्र बन चुकी है।

भारत की सुरक्षा चिंताओं को भी इसी संदर्भ में समझना होगा। मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर विद्रोही गतिविधियाँ, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध आवाजाही और शरणार्थी प्रवाह जैसी चुनौतियाँ सीधे म्यांमार की स्थिति से जुड़ी हुई हैं। इसलिए भारत के लिए म्यांमार केवल विदेश नीति का विषय नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा का भी प्रश्न है। हालाँकि इस बदलती वास्तविकता के सामने भारत पूरी तरह स्थिर भी नहीं रहा है। नायपीडॉ के साथ औपचारिक संबंधों की निरंतरता के पीछेएक अधिक परतदार और सोच-समझकर तैयार की गई रणनीति धीरे-धीरे आकार ले रही है। भारत को म्यांमार को केवल संकट के चश्मे से देखने के बजाय एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखना होगा। पूर्वोत्तर भारत के विकास, आसियान तक पहुँच, बंगाल की खाड़ी में समुद्री प्रभाव और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने की दृष्टि से म्यांमार की भूमिका आने वाले वर्षों में और भी महत्वपूर्ण होगी। इसलिए भारत की नीति का लक्ष्य केवल वर्तमान संकट का प्रबंधन नहीं, बल्कि भविष्य की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप एक दीर्घकालिक रणनीतिक ढाँचा तैयार करना होना चाहिए। इस दृष्टि से राष्ट्रपति की यात्रा आवश्यक कूटनीतिक औपचारिकता थी। लेकिन उससे कहीं अधिक कठिन और महत्वपूर्ण कार्य अभी बाकी है, नायपीडॉ से परे संबंधों का निर्माण, सीमा सुरक्षा और सीमा-पार संपर्क के बीच संतुलन स्थापित करना, तथा म्यांमार के विविध शक्ति केंद्रों को ध्यान में रखते हुए एक अधिक व्यावहारिक, लचीली और भारत-केंद्रित नीति विकसित करना। पूर्व की ओर देखते हुए नई दिल्ली के सामने यही वास्तविक रणनीतिक चुनौती है।

अध्यात्म

## कठिनाइयों में शांत रहना, वास्तव में शांति है

एक राजा था जिसे चित्रकला से बहुत प्रेम था। एक बार उसने घोषणा की कि जो कोई भी चित्रकार उसे एक ऐसा चित्र बना कर देगा जो शांति को दर्शाता हो, तो वह उसे मुँह माँगा पुरस्कार देगा। निर्णय वाले दिन एक से बढ़ कर एक चित्रकार पुरस्कार जीतने की लालसा से अपने-अपने चित्र लेकर राजा के महल पहुँचे। राजा ने एक-एक करके सभी चित्रों को देखा और उनमें से दो चित्रों को अलग रखवा दिया। अब इन्ही दोनों में से एक को पुरस्कार के लिए चुना जाना था। पहला चित्र एक अति सुंदर शांत झील का था। उस झील का पानी इतना स्वच्छ था कि उसके अंदर की सतह तक दिखाई दे रही थी। और उसके आस-पास विद्यमान हिमखंडों की छवि उस पर ऐसे उभर रही थी मानो कोई दर्पण रखा हो। ऊपर की ओर नीला आसमान था जिसमें रुई के गोलों के सामान सफ़ेद बादल तैर रहे थे। जो कोई भी इस चित्र को देखता उसको यही लगता कि शांति को दर्शाने के लिए इससे अच्छा कोई चित्र हो ही नहीं सकता। वास्तव में यही शांति का एक मात्र प्रतीक है। दूसरे चित्र में भी पहाड़ थे, परंतु वे बिलकुल सूखे, बेजान, वीरान थे और इन पहाड़ों के ऊपर घने गरजते बादल थे जिनमें बिजलियाँ चमक रहीं थीं, घनघोर वर्षा होने से नदी उफान पर थी, तेज हवाओं से पेड़ हिल रहे थे, और पहाड़ी के एक ओर स्थित झरने ने रौद्र रूप धारण कर रखा था। जो कोई भी इस चित्र को देखता यही सोचता कि भला इसका शांति से क्या लेना देना? इसमें तो बस अशांति ही अशांति है। सभी आश्वस्त थे कि पहले चित्र बनाने वाले चित्रकार को ही पुरस्कार मिलेगा। तभी राजा अपने सिंहासन से उठे और घोषणा की कि दूसरा चित्र बनाने वाले चित्रकार को वह मुँह माँगा पुरस्कार देंगे। हर कोई आश्चर्य में था! पहले चित्रकार से रहा नहीं गया, वह बोलाः लेकिन महाराज उस चित्र में ऐसा क्या है जो आपने उसे पुरस्कार देने का फैसला लिया, जबकि हर कोई यही कह रहा है कि मेरा चित्र ही शांति को दर्शाने के लिए सर्वश्रेष्ठ है? दूसरे चित्र के समक्ष पहुँच कर राजा बोलेः झरने के बायीं ओर हवा से एक ओर झुके इस वृक्ष को देखो। उसकी डाली पर बने उस घोंसले को देखो, देखो कैसे एक चिड़िया इतनी कोमलता से, इतने शांत भाव व प्रेमपूर्वक अपने बच्चों को भोजन करा रही है। फिर राजा ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को समझायाः शांत होने का अर्थ यह नहीं है कि आप ऐसी स्थिति में हों जहाँ कोई शोर नहीं हो, कोई समस्या नहीं हो, जहाँ कड़ी मेहनत नहीं हो, जहाँ आपकी परीक्षा नहीं हो। शांत होने का सही अर्थ है कि आप हर तरह की अव्यवस्था, अशांति, अराजकता के बीच हों और फिर भी आप शांत रहें, अपने काम पर केंद्रित रहें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। अब सभी समझ चुके थे कि दूसरे चित्र को राजा ने क्यों चुना है। हर कोई अपने जीवन में शांति चाहता है। परंतु प्रायः हम शांति को कोई बाहरी वस्तु समझ लेते हैं, और उसे दूरस्थ स्थलों में ढूँढते हैं, जबकि शांति पूरी तरह से हमारे मन की भीतरी चेतना है। और सत्य यही है कि सभी दु:ख-दर्दों, कष्टों और कठिनाइयों के बीच भी शांत रहना ही वास्तव में शांति है।

# इलेक्ट्रिक वाहन- भारत के लिए अवसर या चुनौती?

**दुनिया के ऑटोमोबाइल बाजार में बड़ा बदलाव धीमे-धीमे आकार ले रहा है। पेट्रोल और डीज़ल से चलने वाली पारंपरिक गाड़ियाँ, जो पिछले सौ वर्षों से आधुनिक परिवहन व्यवस्था की पहचान रही हैं, अब धीरे-धीरे अपनी पकड़ खो रही हैं। उनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन ले रहे हैं। हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह दावा किया है कि यूरोप और चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुकी है, बाजार स्वयं इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में आगे बढ़ रहा है और पारंपरिक ईंधन आधारित वाहनों की वापसी मुश्किल होती जा रही है। यह केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और वैश्विक राजनीति तक असर डालने वाला बदलाव है। सवाल यह है कि इस वैश्विक परिवर्तन के बीच भारत कहाँ खड़ा है?**

**कुमार सिद्धार्थ**

यूरोप और चीन के संदर्भ में किए गए अध्ययन का सार है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री तेजी से कई गुना बढ़ रही है, यानी हर कुछ वर्षों में इनकी संख्या लगभग दोगुनी हो रही है और इन देशों में यह बाजार अब अपने बल पर आगे बढ़ने लगा है। शोधकर्ताओं के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती बिक्री, पेट्रोल-डीज़ल कारों की घटती मांग, बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन के बढ़ते विकल्प और कीमतों में कम होता अंतर इस बात के संकेत हैं कि अब बाजार तेजी से बदलाव की दिशा में बढ़ चुका है, जहाँ से पुराने ढर्रे पर लौटना आसान नहीं होगा। चीन और यूरोप में यह परिवर्तन केवल बाजार की ताकत से नहीं आया, बल्कि वर्षों की नीति, सब्सिडी, सरकारी निवेश और उद्योग की तैयारी ने मिलकर इसे संभव बनाया है।

आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है और तेजी से शहरीकरण, बढ़ती आय, ऊर्जा आयात और प्रदूषण जैसी चुनौतियों के बीच परिवहन का भविष्य तय करने की स्थिति में है। भारत की सड़कों पर आज भी पेट्रोल और डीज़ल वाहन हावी हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की उपस्थिति अब केवल प्रयोगात्मक नहीं रही। दोपहिया और तिपहिया वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहन की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक बसें भी धीरे-धीरे जगह बना रही हैं। लेकिन चारपहिया निजी वाहनों के मामले में भारत अभी शुरुआती चरण में है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या भारत भी उसी 'निर्णायक मोड़' की ओर बढ़ रहा है, जिसकी चर्चा यूरोप और चीन के संदर्भ में हो रही है?भारत के सामने इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में बढ़ने का सबसे बड़ा तर्क आर्थिक है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है। तेल की कीमतों में वैश्विक उतार-चढ़ाव सीधे भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर डालते हैं। पेट्रोल-डीज़ल की कीमत बढ़ने पर महँगाई बढ़ती है, परिवहन लागत बढ़ती है और विदेशी मुद्रा पर दबाव पड़ता है। ऐसे में अगर परिवहन का बड़ा हिस्सा बिजली आधारित हो जाए, तो तेल आयात पर निर्भरता कम की जा सकती है। अध्ययन भी बताता है कि तेल आयात करने वाले देशों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर संक्रमण से आर्थिक लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और व्यापार संतुलन बेहतर हो सकता है।

पर्यावरणीय नजरिये से भी भारत के लिए इलेक्ट्रिक वाहन बदलाव केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बनता जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता जैसे बड़े शहरों में वायु प्रदूषण एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। परिवहन क्षेत्र इसका बड़ा कारण है। पेट्रोल और डीज़ल वाहनों से निकलने वाला धुआँ कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों के रूप में स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है। भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्धताएँ जताई हैं। ऐसे में अगर परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार होता है, तो कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि यह भी सच है कि इलेक्ट्रिक वाहन तभी वास्तव में हरित विकल्प होंगे, जब बिजली उत्पादन में भी स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़े। लेकिन भारत की चुनौतियाँ यूरोप और चीन से अलग हैं। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को बड़े पैमाने पर सरकारी सब्सिडी, बैटरी उत्पादन, सार्वजनिक खरीद और विनिर्माण क्षमता के सहारे विकसित किया। यूरोप ने भी कठोर उत्सर्जन नियमों और प्रोत्साहनों के जरिए बाजार को दिशा दी। भारत में नीति-स्तर पर फेम जैसी योजनाएँ और राज्य सरकारों की इलेक्ट्रिक वाहन नीतियाँ आई हैं, लेकिन अभी भी बुनियादी ढाँचे की कमी बड़ी बाधा है। चार्जिंग स्टेशन सीमित हैं, बैटरियों की लागत अधिक है और उपभोक्ताओं के मन में अब भी यह आशंका बनी हुई है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान बैटरी खत्म होने पर चार्जिंग सुविधा समय पर मिलेगी या नहीं। ग्रामीण और छोटे शहरों में यह चुनौती और अधिक जटिल है। इसलिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहन परिवर्तन केवल बाजार के भरोसे नहीं हो सकता, इसके लिए नीति और निवेश दोनों की निरंतर जरूरत होगी।अध्ययन में यह भी कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की सफलता केवल सब्सिडी से नहीं आती, बल्कि सब्सिडी, अनिवार्य नीतियाँ, सार्वजनिक खरीद और बाजार उपलब्धता के संयुक्त प्रभाव से इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता अपने आप तेज़ी से बढ़ने लगती है। यह बात भारत के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक है। अगर केवल उपभोक्ताओं से अपेक्षा की जाए कि वे महँगे इलेक्ट्रिक वाहन खरीद लें, तो बदलाव धीमा रहेगा। लेकिन अगर सरकार सार्वजनिक परिवहन, टैक्सी सेवाओं, डिलीवरी नेटवर्क और सरकारी वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अनिवार्य रूप से बढ़ाए, तो मांग और बाजार दोनों तेजी से बदल सकते हैं। भारत में दोपहिया और तिपहिया क्षेत्र में यही शुरुआती संकेत दिखाई भी दे रहे हैं।



यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि क्या भारत इलेक्ट्रिक वाहन केवल आयातित तकनीक का बाजार बनेगा या इस परिवर्तन को औद्योगिक अवसर में बदल पाएगा? बैटरी निर्माण, लिथियम आपूर्ति, सेमीकंडक्टर, चार्जिंग तकनीक और स्थानीय विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत के पास असीमित अवसर है। अगर भारत ने समय रहते उत्पादन क्षमता विकसित की, तो वह न केवल घरेलू मांग पूरी कर सकता है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा भी बन सकता है। लेकिन अगर नीति में स्पष्टता और निवेश में निरंतरता नहीं रही, तो भारत केवल उपभोक्ता बाजार बनकर रह जाएगा।यह भी गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों का परिवर्तन केवल तकनीकी बदलाव नहीं, सामाजिक बदलाव भी है। लाखों लोग ऑटोमोबाइल सर्विसिंग, ईंधन आपूर्ति, इंजन पार्ट्स और पारंपरिक वाहन उद्योग से जुड़े हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों में इंजन की जटिलता कम होती है, रखरखाव की प्रकृति बदलती है और रोजगार का ढाँचा भी बदल सकता है। इसलिए यह संक्रमण केवल पर्यावरण नीति नहीं, रोजगार और कौशल विकास की नीति भी है। भारत को इस बदलाव के लिए कार्यबल को तैयार करना होगा। अध्ययन के अनुसार अगर दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार इसी गति से जारी रहा, तो 2030 के आसपास तेल की मांग अपने चरम पर पहुँच सकती है। भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए यह अवसर हो सकता है, लेकिन तेल निर्यातक देशों की वैश्विक राजनीति और ऊर्जा बाजार में इससे अस्थिरता भी पैदा हो सकती है। इसलिए भारत को ऊर्जा सुरक्षा की नई रणनीति बनानी होगी। असल प्रश्न यह है कि भारत इस बदलाव में क?या अग्रणी बनेगा। दुनिया के बड़े बाजारों ने संकेत दे दिए हैं कि भविष्य इलेक्ट्रिक परिवहन की दिशा में बढ़ रहा है। भारत के पास भी अवसर है कि वह इसे केवल पर्यावरणीय मजबूरी के रूप में न देखे, बल्कि आर्थिक, औद्योगिक और ऊर्जा सुरक्षा की रणनीति के रूप में अपनाएं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सन्तान के भविष्य को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। उचित रणनीति के साथ आगे बढ़ने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करें।

**वृषभ**
जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है। धन सम्बन्धी मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। सम्पत्ति के मामले अटक सकते हैं।

**मिथुन**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नये कार्यों को आरम्भ कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं।

**कर्क**
नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें, इससे आपको बहुत अच्छा लगेगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिये दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किये गये वादों पर खरे उतरेंगे।

**कन्या**
महिलाओं को सोशल मीडिया पर सावधानी रखनी चाहिये। पारस्परिक सम्बन्धों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
आपके मनोबल में वृद्धि होगी। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

**वृश्चिक**
छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**धनु**
नये लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उन्हें साधने का प्रयास करेंगे। घर का माहौल बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या अत्यन्त सन्तुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**मकर**
परिवार वालों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिन्ता हो सकती है। आज आपके कार्य थोड़े मन्दगति से होंगे।

**कुंभ**
अपनी खुशियों को परिवार वालों के साथ शेयर कर सकते हैं। सम्पत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन**
रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। तामसिक भोजन का सेवन करने से बचें। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 58 बोतल विदेशी शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'ऑपरेशन विदेशी शराब' अभियान के तहत एक्साइज पुलिस को सफलता मिली है। तारेगना रेलवे स्टेशन के पास बैग में छिपाकर विदेशी शराब ले जा रहे दो तस्करों को 58 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब की कुल मात्रा 26.125 लीटर है।एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि हटिया-पटना एक्सप्रेस ट्रेन से मसौढ़ी शराब की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के



सत्यापन के बाद टीम गठित कर तारेगना स्टेशन पर घेराबंदी की गई। संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। उनके बैग से कुल 26.125 लीटर जप्त किये गये है।गिरफ्तार तस्करों की पहचान गुड्डू कुमार, 19 वर्ष, पिता राजकुमार प्रसाद, निवासी कैलूचक,डब्लू कुमार, 25 वर्ष, पिता रामप्रकाश साव, निवासी श्रीनगर, है। दोनों को गिरफ्तार कर शराब जब्त कर ली गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और मसौढ़ी में किसे डिलीवरी देनी थी। पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए आगे की कार्रवाई चल रही है।

### फरार आरोपित विमल प्रसाद गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के तेतरी चक में जमीन विवाद में भाई पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी विमल प्रसाद, पिता राम जी प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धनरुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना बीते 21-05-2026 को तेतरी चक में हुई थी। कांड के वादी गोरख प्रसाद, पिता राम जी प्रसाद ने आरोप लगाया था कि जमीन हड़पने की नीयत से उनके भाई विमल प्रसाद ने लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गोरख प्रसाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। आरोपियों ने उनसे 10 हजार रुपये नकद और गले से सोने की लॉकेट भी छीन ली थी। मामले में हत्या की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में फरार चल रहे विमल प्रसाद को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### 14 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'ऑपरेशन विदेशी शराब' अभियान के तहत एक्साइज पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए झारखंड से मसौढ़ी शराब पहुंचाने आए एक तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 14 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर एक्साइज पुलिस की टीम बुधवार को तारेगना रेलवे स्टेशन पर अलर्ट थी। झारखंड से



आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही सिविल ड्रेस में तैनात पुलिस ने घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया। तलाशी के दौरान झारखंड के गया जिला, के चाकंद थाना क्षेत्र के संतोष कुमार पिता संजय सपेरा, को 14 बोतल विदेशी शराब के साथ दबोच लिया गया। वह शराब लेकर मसौढ़ी में डिलीवरी करने जा रहा था। गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप मसौढ़ी में कहां और किसे पहुंचाई जानी थी। साथ ही पूरे तस्करी नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। एक्साइज सुपरीटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि ट्रेनों के जरिए हो रही शराब तस्करी पर लगातार नजर रखी जा रही है। 'ऑपरेशन विदेशी शराब' के तहत आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तारी मामला में दो पुलिसकर्मी पुरस्कृत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तारेगना रेल थाना पुलिस के द्वारा अवैध हथियार तस्करी के मामले में। एक बड़ी सफलता हासिल की थी, इस सराहनीय कार्रवाई के लिए जिला आदेश संख्या/2026 के तहत तारेगना रेल थानाध्यक्ष पु०अ०नि० सोनू कुमार को 3000 रुपये और स०अ०नि० मनीष कुमार सिंह को 2000 रुपये से पुरस्कृत किया गया है। आदेश में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों की कार्य क्षमता और मनोबल बनाए रखने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। दरअसल रेल थाना तारेगना कांड संख्या-14/26, दिनांक 06.05.2026,के तहत आर्म्स एक्ट के अभियुक्त दो लोगों को देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, खोखा और 9500 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बैरमचक नदौल, थाना मसौढ़ी निवासी पिंटू बिंद, 27 वर्ष, पिता राजू बिंद और जय प्रकाश कुमार, 31 वर्ष, पिता राम इकबाल पासवान के रूप में हुई है। बहरहाल पुलिस ने काफी सूझ-बूझ, उऊफ़विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों को धर दबोचा था,तलाशी में उनके पास से 1 देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा और 9500 रुपये नकद बरामद हुए।

### हत्या मामले मे फरार आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मणिचक में बिते 31.01.2026 को कोचिंग जा रहे 16 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या कर देने के मामले में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार पिता सतेंद्र सिंह लोचना पुनपुन के घर पर मसौढी पुलिस जाकर विधिवत रूप से माईकिंग करते हुए इश्तेहार साटटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी हैं।वहीं ससमय में सरेंडर नहीं करने पर घर पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी। भरत इस



घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि एक पुरानी रंजिश में 10 नामजद और 5-7 अज्ञात युवकों ने सब्जी मंडी के पास सामुदायिक भवन के नजदीक छात्र को घेरकर चाकू से हमला कर दिया था,जहाँ इलाज के दौरान एम्स पटना में उसकी मौत हो गई थी, मृतक के पिता गिरजा कुमार, 31 वर्ष, पिता सुवालाल सिंह, साकिन जाहिदपुर, थाना भगवानगंज, वर्तमान कृष्णापुरी मणिचक, थाना मसौढ़ी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।दरअसल रोहित कुमार उर्फ राजू घर मणिचक से पढ़ने के लिए एक्सेल क्लासेस कोचिंग जा रहा था। इसी क्रम में सब्जी मंडी से पहले सामुदायिक भवन के पास रास्ते में 11 लड़कों ने उसे घेर लिया और चाकू से मारकर जख्मी कर दिया। सभी हमलावर वहां से भाग गये थे।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन घायल

**पालीगंज (पटना)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के दीपक कुमार एवं विकास कुमार तथा दूसरे पक्ष के शालिग्राम सिंह शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार अपने घर के समीप मिट्टी भराई का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान उनके चचेरे चाचा शालिग्राम सिंह ने मिट्टी भराई का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया। मारपीट की घटना में दीपक कुमार एवं विकास कुमार के सिर में चोटें आई हैं, जबकि दूसरे पक्ष के शालिग्राम सिंह के सिर और कमर में



चोट लगी है। सभी घायलों को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेजा गया। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से पालीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। इस संबंध में सहायक थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध गंगा बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मेकरा गांव में पुलिस ने अवैध गंगा बालू के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने एक ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ पकड़ा और चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गश्ती टीम को मेकरा गांव के पास संदिग्ध ट्रैक्टर दिखाई दिया। जांच में ट्रैक्टर पर अवैध रूप से निकाली गई गंगा बालू लदी मिली। मेकरा निवासी गुड्डू यादव चालक सह मालिक को अवैध गंगा बालू से लदा एक ट्रैक्टर को जप्त कर ट्रैक्टर को थाना लाया गया।खनन विभाग ने मामला दर्ज कर 1 लाख 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# धरती की हरियाली में ही जीवन की खुशहाली : विधायक अरुण कुमार

**विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रेम यूथ फाउंडेशन का महाअभियान, 500 पौधे रोपे**



**दनियावां,पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'धरती मां को बचाना है, हर घर हरियाली लानी है' के संकल्प के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन और विश्व युवक केंद्र ने विश्व पर्यावरण दिवस माह पर वृहद पौधारोपण अभियान शुरू किया। बुधवार को स्वयंसेवकों ने दनियावां और फतुहा प्रखंड के जमींदारी बांधों पर 500 से अधिक छायादार और फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। बख्तियारपुर विधायक अरुण कुमार ने फलदार पेड़ लगाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को और तेज करेंगे। हर व्यक्ति जीवन में पांच पेड़ जरूर लगाए। स्वयंसेवक रंजन और गोपी ने बताया, एक पेड़ 20 साल तक ऑक्सीजन देता है। पेड़ लगाकर धरती का कर्ज उतार रहे हैं। 5 जून से 5 जुलाई तक महाअभियान: फाउंडेशन सचिव गोपी ने बताया कि एक महीने में 50 स्कूल-कॉलेजों में 10 हजार पौधे लगेंगे। दीघा से बख्तियारपुर तक गंगा तट पर 5 हजार पेड़ों की हरित पट्टी बनेगी। हर स्वयंसेवक अपने जन्मदिन पर 1 पेड़ लगाकर 1 साल तक देखभाल करेगा। हर पेड़ के साथ एक 'पेड़ मित्र' जोड़ा गया है। पर्यावरण व रोजगार मॉडल: नीम, सहजन, बांस के पौधे लगाए जा रहे हैं। 3 साल बाद स्वयंसेवक इन्हें बेचकर स्वरोजगार करेंगे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने शपथ ली- 'पेड़ काटूंगा नहीं, लगाऊंगा। प्लास्टिक नहीं जलाऊंगा। पानी बर्बाद नहीं करूंगा।' **फाउंडेशन की अपील:** 'एसी चलाने से पहले एक पेड़ लगाइए। पर्यावरण दिवस को जीवनशैली बनाइए।' मौके पर सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## रिमांड पर लाया गया कुख्यात 'मिक्की चोर', पुलिस ने कराया घटनास्थल का सत्यापन



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा पुलिस कुख्यात हिमांशु उर्फ मिक्की चोर को 24 घंटे की न्यायिक रिमांड पर लेकर शहर में निकली। बंद घरों में हुई चोरी के कई घटनास्थलों पर उसे ले जाकर सीन रिक्रिएशन कराया गया, और पूरे शहर में घुमा कर पूछताछ की गई।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, मिक्की पर बंद पड़े घरों में सेंधमारी और चोरी के दर्जनों मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी गाजियाबाद से हुई थी, जिसके बाद न्यायालय से 24 घंटे की रिमांड लेकर उसे मोकामा थाना लाया गया है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हिमांशु कुमार उर्फ मिक्की 27 मई को बड़ही टोला में हुई बड़ी चोरी का मुख्य आरोपी है। उस रात मो. जशीम उर्फ हीरा के बंद घर से 8 लाख 55 हजार रुपये के आभूषण और ढाई लाख रुपये नकद चोरी हुए थे।मोकामा पुलिस ने इस मामले में तकनीकी अनुसंधान के बाद हिमांशु कुमार उर्फ मिक्की को मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया था।पूछताछ में आरोपी ने इस चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है, साथ ही पंचमहल थाना क्षेत्र की दो अन्य गृहभेदन की घटनाओं में भी हाथ होने की बात कबूली है।मिक्की को पकड़ने की कोशिश पहले भी टकराव में बदल चुकी है। मोकामा थाना क्षेत्र में जब पुलिस टीम उसे पकड़ने पहुंची थी, तो परिजनों ने दारोगा सत्यम कुमार पर हमला कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

## डिग्री नहीं, हुनर चाहिए: जदयू महासचिव मनीष वर्मा ने टेक्निकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन कर युवाओं को दिया मंत्र



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने कहा कि आज के दौर में सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और प्रबंधन की समझ जरूरी है। वे बुधवार को मसौढ़ी के ब्लॉक रोड स्थित राधिका देवी टेक्निकल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मौके पर मनीष वर्मा, मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी और नगर अध्यक्ष पिंकी देवी शंभू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संस्थान का उद्घाटन किया। मनीष वर्मा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा और मैनेजमेंट की सही जानकारी से युवाओं को आसानी से अच्छे रोजगार मिल सकते हैं। बिहार के युवाओं का कौशल बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है।विधायक अरुण मांझी ने कहा कि जब युवा तकनीकी रूप से मजबूत होंगे, तभी बिहार और देश आगे बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे केवल डिग्री के बजाय इंडस्ट्री की मांग के अनुसार प्रैक्टिकल नॉलेज लें। आधुनिक टेक्निकल और मैनेजमेंट कोर्स से छात्रों के लिए नौकरी के नए रास्ते खुलेंगे। कुशल युवाओं के दम पर ही राज्य में नए उद्योग और व्यापार बढ़ेंगे।कार्यक्रम में उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह, सुनील कुमार वर्मा, पूर्व प्रखंड राज किशोर सिंह, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गुलाब प्रसाद, कारू सिंह, अश्विनी गोल्डी, पार्षद राकेश कुमार समेत सभी वार्ड पार्षद एवं प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## भदौरा पैक्स की पहली बैठक हंगामे की भेंट चढ़ी

**पूर्व प्रबंधक लालबाबू सिंह को पद पर बनाए रखने पर विवाद**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद भदौरा प्राथमिक कृषि साख समिति की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को समिति के गोदाम पर बीसीओ की उपस्थिति में शुरू हुई, लेकिन प्रबंधक हटाने के मुद्दे पर विवाद के कारण हंगामे के बाद बैठक रद्द करनी पड़ी।दरअसल बैठक में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्व प्रबंधक लालबाबू सिंह को प्रबंधक पद से हटाने का प्रस्ताव लाया। लेकिन अध्यक्ष और बीसीओ ने पूर्व प्रबंधक के पक्ष में आवाज उठाते हुए उन्हें पद पर ही बनाए रखने की बात कही। इस पर नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया। विरोध इतना बढ़ा कि सदस्य बैठक पुस्तिका पर बिना हस्ताक्षर किए ही बैठक से निकल गए। सूत्रों के अनुसार बैठक पुस्तिका में मात्र 4 सदस्यों ने ही हस्ताक्षर किए। जबकि बैठक के लिए निर्धारित कोरम पूरा नहीं हो पाया। कोरम पूरा न होने के कारण बैठक को निरस्त घोषित कर दिया गया। अब देखना होगा कि पैक्स की अगली बैठक कब बुलाई जाती है और प्रबंधक पद को लेकर यह विवाद कैसे सुलझता है।

## धनरूआ में दिनदहाड़े लूट : सब्जी कारोबारी को गोली मारकर छीनी सोने की चेन, इलाके में दहशत







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेखौफ अपराधियों का दुस्साहस इन दिनों बढ़ता जा रहा है। जहाँ धनरूआ में बुधवार की तड़के सुबह दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने एक सब्जी कारोबारी को गोली मारकर घायल कर दिया और सोने की चेन लूट ली। एसडीपीओ कन्हैया कुमार के बताया की अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के पोठिया के रहने वाले एक सब्जी कारोबारी गोप कुमार, 30 वर्ष, पिता राजकुमार यादव अपने टेंपो ड्राइवर प्रहलाद जो पटना में रहकर सब्जी बेचता है,अपने बुलेट से पटना जा रहे थे,जिसे दरधा पुल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने बाईक को ओवर टेक कर पहले हथियार के बल पर रोक लिया। बदमाशों ने पहले उसके गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर एक बदमाश ने गोप कुमार के दाहिने पैर में गोली मार दी और चेन छीनकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही धनरूआ पुलिस मौके पर पहुंची। जहाँ घायल को पहले धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया, फिर हालत गंभीर होने पर पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। एसडीओपी कन्हैया कुमार ने बताया कि बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बहरहाल पटना गया स्टेट हाईवे पर दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना के बाद सड़क पर चलने वाले लोग दहशत में हैं। लोगों का कहना है कि अब कहीं भी, किसी भी वक्त लूट की वारदात हो सकती है। पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की जा रही है।

## नीट, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेटिंग कर मोटी रकम वसूलने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में नीट, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेटिंग कराने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं से मोटी रकम वसूलने वाले पांच अपराधियों को विजय नगर स्थित गायत्री अपार्टमेंट के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया है। फ्लैट की तलाशी लेने पर आरोपितों के पास से ब्लैंक चेक, विभिन्न अभ्यर्थियों की मार्कशीट, एडमिट कार्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज को बरामद किया गया है। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गायत्री अपार्टमेंट के एक फ्लैट में कुछ लोग बैंकिंग परीक्षाओं में अवैध तरीके से अभ्यर्थियों को पास कराने और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का धंधा चला रहे थे। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने छापेमारी कर उसरी शिकारपुर, शाहपुर निवासी प्रवीण शंकर उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। उसके फ्लैट की तलाशी लेने पर 22 ब्लैंक चेक, विभिन्न अभ्यर्थियों की मार्कशीट, एडमिट कार्ड, नामचीन स्कूलों व कॉलेजों के फर्जी प्रमाण पत्र, स्टांप, मोबाइल फोन, आधार कार्ड और पैन कार्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए है। गिरफ्तार प्रवीण शंकर से पूछताछ के बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए गिरोह के चार अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बिहटा के इब्राहिमपुर निवासी करण कुमार, दीघा निवासी राज कुमार, खाजेकला के मुगलपुरा निवासी अमित चौधरी और फुलवारीशरीफ निवासी मनोज कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से आठ मोबाइल फोन, 11 एटीएम कार्ड और अन्य संदिग्ध सामग्री भी जब्त की है। एएसपी ने बताया कि यह गिरोह सीधे सरकारी नौकरी और मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करने वाले भोले-भाले छात्रों और उनके अभिभावकों को अपना निशाना बनाता था। उन्हें शत-प्रतिशत परीक्षा पास कराने का झांसा देकर प्रति उम्मीदवार लाखों रुपये की डील तय की जाती थी। रकम की अदायगी और सुरक्षा की गारंटी के तौर पर यह गैंग छात्रों के असली शैक्षणिक दस्तावेज और हस्ताक्षर किए हुए ब्लैंक चेक अपने पास बंधक के रूप में रख लेता था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि गिरोह कितने समय से सक्रिय था और अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बना चुका है। इस संबंध में रूपसपुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चे को डांटना पड़ा महंगा, घर घुसकर पति-पत्नी को पीटा, सोने के जेवर लूटे

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम लभमीचक में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। 10 साल के बच्चे को डांटने पर दो सगे भाइयों ने पड़ोसी के घर पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान महिला के ब्लाउज फाड़ दिए गए और सोने के जेवर लूट लिए,ग्राम लक्ष्मीचक निवासी अंशु कुमार, 33 वर्ष, पिता वृजनन्दन प्रसाद के अनुसार सुबह करीब 7:00 बजे उनका छोटा बच्चा गली में खेल रहा था। तभी गांव का ही लड़का बब्बू कुमार, उम्र करीब 10 वर्ष, से बच्चे को हल्का धक्का लग गया। अंशु कुमार ने बब्बू को डांटा तो वह साइकिल लेकर चला गया।कुछ देर बाद धर्मेन्द्र कुमार, 25 वर्ष और धर्मवीर कुमार, 30 वर्ष, पिता संजीवन प्रसाद अंशु के घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडे व मुक्के से मारपीट की। पीड़ित घर के अंदर भागे तो आरोपी दरवाजा पीटने लगे।पत्नी को समझाने बाहर भेजा तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट की और अश्लील हरकत करते हुए ब्लाउज फाड़ दिया। इसी दौरान गले से सोने का चैन और कान से दोनों सोने की बाली छीन ली। शोर सुनकर धर्मवीर की पत्नी सोनी कुमारी भी आ गई और गाली-गलौज कर हंगामा करने लगी। पीड़ित ने तुरंत डायल-112 पर कॉल की। 112 की टीम मौके पर पहुंची और पति-पत्नी को बचाकर समझा-बुझाकर घर ले गई। पुलिस को देखते ही सभी आरोपी वहां से भाग निकले।

## मोकामा और हाथीदह में मुहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च निकाला

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार शाम मोकामा और हाथीदह थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार और हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने मुख्य मार्गों, संवेदनशील इलाकों और ताजिया जुलूस मार्गों पर गश्त की।मोकामा अवर थानाध्यक्ष सत्यम झा ने बताया कि मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।किसी भी प्रकार के हथियार का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण मनाने को लेकर मसौढ़ी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे अनुमंडल में 47 संवेदनशील स्थानों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, वहीं 230 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय को नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यहां 3 पालियों में 12 कर्मचारियों की तैनाती की गई है जो 24७7 निगरानी रखेंगे। सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सजग और भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है।

**विटिलिगो को लेकर जागरूकता की नई पहल**

## बिहार की पहली विटिलिगो एक्टिविस्ट निशा भगत की मुहिम



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विटिलिगो (सफेद दाग) को लेकर समाज में फैली गलत धारणाओं और भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से बिहार की पहली विटिलिगो एक्टिविस्ट निशा भगत पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं। निशा भगत स्वयं विटिलिगो के साथ अपनी जिंदगी को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और सम्मान के साथ जी रही हैं और समाज को यह संदेश दे रही हैं कि सफेद दाग किसी व्यक्ति की पहचान, खूबसूरती या क्षमता को कम नहीं करता। विटिलिगो एक त्वचा संबंधी स्थिति है, जिसमें शरीर में मेलेनिन (टी'ल्लरल्ल) की कमी के कारण त्वचा पर सफेद निशान दिखाई देने लगते हैं। यह कोई संक्रामक बीमारी नहीं है। यह छूने, साथ बैठने, खाने-पीने या किसी भी सामाजिक संपर्क से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।आज भी समाज में जागरूकता की कमी के कारण विटिलिगो से प्रभावित कई लोगों को भेदभाव और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ता है। जरूरत है कि लोग विटिलिगो को समझें और हर व्यक्ति को सम्मान दें।इस जागरूकता अभियान में निशा भगत के साथ बिहार की ही संध्या और सौजने सिंह भी जुड़ी हुई हैं, जो इस मुहिम को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। संध्या कहती हैं, विटिलिगो ने मुझे सिखाया है कि असली खूबसूरती आत्मविश्वास और खुद को स्वीकार करने में होती है। मैं चाहती हूँ कि विटिलिगो के साथ जी रहा हर व्यक्ति, खासकर बिहार के लोग, यह महसूस करें कि वे अकेले नहीं हैं और उन्हें खुद को छिपाने की जरूरत नहीं है। हमारा सपना है कि समाज किसी व्यक्ति को उसकी त्वचा के रंग से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, चरित्र और उपलब्धियों से पहचाने।सौजने सिंह कहती हैं, ह्लविटिलिगो के साथ मैंने चुनौतियों के साथ अपनी ताकत को भी पहचाना है। बदलाव की शुरूआत जागरूकता और सकारात्मक सोच से होती है। विटिलिगो न तो संक्रामक है और न ही कोई अभिशाप। हमें गलत धारणाओं को खत्म कर समझ और स्वीकार्यता को बढ़ावा देना होगा। निशा भगत की यह पहल विटिलिगो के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज में समानता, सम्मान और आत्मविश्वास का संदेश दे रही है।उनका संदेश है ।सफेद दाग कोई पहचान नहीं छीनता। इंसान की असली खूबसूरती उसके आत्मविश्वास, सोच और दिल में होती है।

# पटना-बरौनी रेल खंड पर ओएचई तार टूटा, 5 घंटे ठप रहा परिचालन

**मौर्य एक्सप्रेस और नमो भारत समेत दर्जनों ट्रेनें फंसीं, भीषण गर्मी में बीच पुल पर खड़ी रही मौर्य एक्सप्रेस**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर रेल मंडल अंतर्गत पटना-बरौनी रेल खंड पर बुधवार सुबह एक बड़ा तकनीकी हादसा हो गया। हथिदह अपर और राजेंद्र पुल स्टेशन के बीच अचानक ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार टूट जाने से इस व्यस्त रेल मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन करीब 5 घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। इस दौरान मौर्य एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों और रेल खंडों पर घंटो खड़ी रहीं। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच ट्रेनों में फंसे हजारों यात्री पानी और भोजन के लिए बेहाल नजर आए।रेल अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 8:50 बजे ट्रेन संख्या 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस हथिदह ऊपरी स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान लोको पायलट को ओएचई तार टूटने का अहसास हुआ, जिसकी सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दी गई। तकनीकी खराबी के कारण मौर्य एक्सप्रेस को बीच राजेंद्र पुल पर ही रोकना पड़ा। नदी के ऊपर पुल पर ट्रेन खड़ी होने के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और वे भारी असुविधा में घिर गए।ओएचई तार टूटने से पूरे रेल खंड की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मोकामा से तकनीकी टीम को विशेष रेल वाहन (टावर वैगन) के जरिए तुरंत मौके पर रवाना किया गया। रेलवे इंजीनियरों और तकनीकी कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब ढाई घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। इसके बाद दोपहर लगभग 11:49 बजे मौर्य एक्सप्रेस को आगे के लिए रवाना किया गया। हालांकि, पूरे रूट को पूरी तरह सुचारू करने में दोपहर के 1:45 बज गए, जिसके बाद ही परिचालन पूरी तरह सामान्य हो सका।इस रेल हादसे के कारण जयनगरझपटना नमो भारत रैपिड रेल सुबह 9 बजे से राजेंद्र पुल स्टेशन पर ही फंसी रही, जो दोपहर 12:03 बजे मोकामा से आगे बढ़ सकी। इसके अलावा आरा सहरसा इंटरसिटी, राज्यरानी एक्सप्रेस, कमला गंगा एक्सप्रेस,कटिहार एक्सप्रेस राजेंद्र नगर सहरसा एक्सप्रेस सहित दर्जनों ट्रेनें बरौनी, मोकामा और किऊल के बीच विभिन्न स्टेशनों पर दो से तीन घंटे तक खड़ी रहीं। चूंकि यह रेलखंड पटना-हावड़ा मेन लाइन और पटना-गुवाहाटी रूट को जोड़ता है, इसलिए इसका असर पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत की लंबी दूरी की ट्रेनों पर भी पड़ा। ट्रेनों का शेड्यूल पूरी तरह बिगड़ने के कारण परेशान कई यात्रियों ने बीच रास्ते में ही अपनी यात्रा रद्द कर दी, वहीं कई यात्री ट्रेनों से उतरकर सड़क मार्ग से पटना और अन्य गंतव्यों के लिए रवाना हुए।इस भीषण तकनीकी खराबी और पांच घंटे की देरी ने यात्रियों की परीक्षा ले ली। चिलचिलाती गर्मी के बीच बीच पुल और स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों में पानी की भारी किल्लत हो गई। ऐसे समय में हथिदह के स्थानीय ग्रामीण मानवता की मिसाल पेश करते हुए आगे आए।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनधारियों का केवाईसी कराना सुनिश्चित करें : बीडीओ

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ डॉ. प्रभात रंजन की अध्यक्षता में विकास मित्रों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने उपस्थित विकास मित्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रकार के पेंशनधारियों का केवाईसी कराना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी पेंशनधारियों का केवाईसी कार्य पूरा किया जाए, ताकि लाभुकों को पेंशन राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। बीडीओ ने विकास मित्रों को इस महत्वपूर्ण कार्य में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक पेंशनधारियों को जागरूक कर केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया।बैठक में विभिन्न पंचायतों के विकास मित्रों के अलावा प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।



### 531 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीक्षांत परेड समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक, चंपारण क्षेत्र, बेतिया हर किशोर राय, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की उपस्थिति में मोतिहारी जिला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल - 531 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत परेड समारोह संपन्न हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों को तथा बाह्य / अंत:विषय के अनुदेशको को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके अथक प्रयास एवं मेहनत की सराहना की गई ।



### एनएच की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाक्षेत्र के गढ़वा खजुरिया चौक से लेकर राजापुर मठिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने जेसीबी से हटा दिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कई स्थानों पर अवैध रूप से बनाए गए निर्माण और कब्जों को ध्वस्त किया गया।कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही, जबकि प्रशासन ने पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। अंचलाधिकारी मोनिका आनंद ने बताया कि पहले संबंधित भूमि की पैमाइश कराई गई, जिसके बाद एनएच की जमीन पर पाए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।सीओ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी भी कई स्थानों पर अतिक्रमण की पहचान की गई है, जिन्हें जल्द ही चिन्हित कर खाली कराया जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा आगे भी अभियान जारी रहेगा।प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़क के किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय या अन्य निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप का माहौल देखा गया। अधिकारियों ने लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करने और स्वेच्छा से कब्जा हटाने की अपील की है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने भी सड़क और एनएच की जमीन को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने की मांग की है।



### मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने ग्रामीणों से किया संवाद

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोटवा प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है।इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीवी पाण्डेय एवं कोटवा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जैसाली पंचायत के खजुरिया गांव पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा मोहर्रम को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।



इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि पर्व-त्योहार सामाजिक सौहार्द और आपसी एकता का प्रतीक होते हैं। सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने लोगों को भरोसा दिलाया कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।मौके पर पूर्व प्रमुख एवं मुखिया पति अवधेश सिंह, मोहम्मद कलीमुल्ला उर्फ लालबाबू,संतोष ठाकुर,कृष्ण बैठा सहित पंचायत के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। प्रशासन की इस पहल को लोगों ने स्वागत किया है।

### अंचल कार्यालय का एडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा अंचल कार्यालय का अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय की कार्यशैली, अभिलेखों एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों के बड़ी संख्या में लंबित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते अधिकारियों और कर्मचारियों को इन मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एडीएम ने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने सभी लंबित आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करने तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेख संधारण एवं कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की। इसके अलावा एडीएम ने कोटवा बाजार सहित अंचल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए अंचल प्रशासन को अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि एवं सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाकर आम लोगों की आवाजाही को सुगम बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान सीओ मोनिका आनंद एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### शिक्षक की बेटी पिंकी कुमारी ने सीयूईटी में लहराया परचम

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कोदरकट गांव निवासी शिक्षक शशि शेखर माता शिवांगी देवी की पुत्री पिंकी कुमारी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2026 में शानदार प्रदर्शन कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। जारी स्कोरकार्ड के अनुसार पिंकी कुमारी ने बायोलॉजी में 95 प्रतिशत केमिस्ट्री में 94 प्रतिशत तथा फिजिक्स में 98प्रतिशत NTA स्कोर प्राप्त किया है। तीनों विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन ने उनकी प्रतिभा को साबित किया है।पिंकी ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पिंकी के पिता एवं शिक्षक शशि शेखर माता शिवांगी देवी ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने सभी शुभचिंतकों का आभार भी जताया। बीस सूत्री अध्यक्ष सह बनकटवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद ने पिंकी कुमारी को शॉल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पिंकी के इस कमयाबी पर दादा केदार ठाकुर,दादी रामदूलाली देवी, टुमी सिंह, दिनेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, संतोष सिंह, पूर्व मुखिया अवधेश सिंह, उमाशंकर सिंह, श्री पासवान, ज्योतिक साह, चन्द्रिका पासवान, अंकित सिंह, रुपेश कुमार तथा लालमोहन पासवान सहित अनेक लोगों ने पिंकी कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# घोड़ासहन स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल से मिले प्रभु नारायण, शीघ्र कार्रवाई की मांग**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्र में चल रहा अभियान तेज हो गया है.पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता प्रभु नारायण ने बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर घोड़ासहन स्टेशन पर महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है.सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि घोड़ासहन रेलवे स्टेशन नेपाल सीमा से सटे महत्वपूर्ण स्टेशन में शामिल है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है.स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है और इस पर रेलवे द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव यहां नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है.प्रभु नारायण ने मंत्री को बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्षों से आंदोलनरत है.उन्होंने कहा कि घोड़ासहन जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जबकि समस्तीपुर मंडल के कई अन्य स्टेशनों पर हाल के दिनों में विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दिया गया है.उन्होंने मंत्री से इस मामले में रेलवे मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों से पहल कर घोड़ासहन स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराने का आग्रह किया.मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्तर पर पहल करने का भरोसा दिया.प्रभु नारायण ने कहा कि ट्रेनों के ठहराव से घोड़ासहन समेत सीमावर्ती क्षेत्र के लाखों लोगों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के व्यापार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा।



# प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों के भोजन मद में गबन का आरोप

**आरोपित व्यक्ति घर एवं मोबाइल बंद हो गए हैं फरार**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीएसएपी-9 जमालपुर में प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों के भोजन मद में लाखों रुपये की कथित वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। इस संबंध में जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, कल्याणपुर की अध्यक्ष फूल कुमारी ने पुलिस अधीक्षक मुंगेर को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जमालपुर थाना में दर्ज हुए प्राथमिक में फूल कुमारी ने बताया गया है कि वर्ष 2025 में बीएसएपी-9 जमालपुर में महिला प्रशिक्षुओं के भोजन की व्यवस्था जीविका से संबद्ध संस्था के माध्यम से की गई थी। भोजन वितरण एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी अमन कुमार को सौंपी गई थी। आरोप है कि प्रशिक्षुओं के भोजन मद की राशि बैंक खाते में प्राप्त होने के बावजूद उसके खर्च का पूरा एवं स्पष्ट हिसाब नहीं दिया गया।शिकायतकर्ता के अनुसार बैंक खाते में लगभग 40.67 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जबकि करीब 25.50 लाख रुपये ही खर्च दर्शाया गया। शेष राशि के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। आरोप लगाया गया है कि लाखों रुपये का गबन कर राशि का दुरुपयोग किया गया।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपित व्यक्ति वर्तमान में अपने घर से फरार है तथा उसका मोबाइल फोन भी बंद है।

# एसएसबी व चिरैया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 39 किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को चिरैया थाना पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली। थाना क्षेत्र के खोड़ा गांव में की गई छापेमारी के दौरान 39 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जबकि एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। चिरैया थानाध्यक्ष अंबेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खोड़ा गांव में बड़ी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गांव में सघन छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न बोरों में छिपाकर रखा गया कुल 39 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके से पुलिस ने खोड़ा गांव निवासी सुरेंद्र गिरी के पुत्र असेसर गिरी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजा को जब्त कर थाना लाया गया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## जनता के हक की लड़ाई लड़ने पर मिल रही धमकियां, लगाई सुरक्षा की गुहार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरौना पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी एवं ग्राम कचहरी के सरपंच कुमार सौरभ ने बिहार के मुख्यमंत्री को आवेदन भेजकर कथित गबन मामले की निष्पक्ष जांच, राशि की वसूली तथा अपनी सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत में विकास योजनाओं की राशि का बिना कार्य कराए ही निकासी कर बंदरबांट कर लिया गया, जबकि योजनाओं का कार्य धरातल पर नहीं हुआ। आवेदन में सरपंच ने कहा है कि वे पिछले चार वर्षों से पंचायत की जनता के हित में कथित वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें कई प्रकार की प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ा तथा उनके विरुद्ध विभिन्न मुकदमे भी दर्ज कराए गए।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर

**थानाध्यक्ष ने किया शहर के विभिन्न बैंक का औचक निरीक्षण**

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जमालपुर पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न बैंकों एवं एटीएम केंद्रों का औचक निरीक्षण थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने किया।निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा एटीएम केंद्रों की सुरक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही बैंक में मौजूद ग्राहकों एवं एटीएम उपयोगकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी सुझावों की जानकारी भी प्राप्त की। थानाध्यक्ष ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सुरक्षा उपकरणों को हर समय क्रियाशील रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि बैंक और एटीएम अपराधियों के निशाने पर रहते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक एवं यूको बैंक सहित कई बैंक शाखाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा है। जमालपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार का निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# कांग्रेस में युवाओं के सदस्य बनने की प्रक्रिया को किया पारदर्शी

**लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से कांग्रेस में बनाए जाएंगे पदाधिकारी**

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवक कांग्रेस को चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होगी।यह बात युवक कांग्रेस की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस मुख्यालय, तिलक मैदान में जोनल रिटर्निंग ऑफिसर सद्दाम शेख ने कही।शेख ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और जिला महासचिव पदों के लिए नामांकन, सदस्यता अभियान और मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी होगी। उन्होंने युवाओं से बड़ी संख्या में सदस्य बनकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।संगठन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 18 जून से 28 जून तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां इसमें भाग लेकर संगठन में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। नामांकन की पूरी प्रक्रिया मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से संपन्न होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस नई पीढ़ी को नेतृत्व का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित युवाओं को नामांकन प्रक्रिया, सदस्यता, चुनावी नियमों तथा आवेदन की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही उनके प्रश्नों का समाधान कर प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया गया। संगठन से जुड़ने के लिए डिजिटल माध्यम से सदस्यता शुल्क मात्र 75 तय किया गया है।अध्यक्ष पद के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों का नामांकन शुल्क 20,000 है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और महिलाओं के लिए यह 10,000 है।प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, महासचिव और सचिव पद के लिए चुनाव हो रहे हैं।बैठक में मुंगेर जिला कांग्रेस के ओबीसी अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल ने कहा कि उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया और कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व लोकसभा महासचिव संजय पोद्दार, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रोहित मणिभूषण, पियूष कुमार, रवि कुमार, मो नाजिर , मो राविद इफ्तिखार सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।




## खरबूजा बीज से लदा ट्रक जब्त, 57.99 लाख की सामग्री पकड़ी

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के बारा जिले में पुलिस ने अवैध रूप से ले जाए जा रहे खरबूजा बीज से लदे एक ट्रक को जब्त किया है.कार्रवाई सिम्रौनगढ़ नगरपालिका के वार्ड संख्या-6 स्थित पावर हाउस क्षेत्र में जांच अभियान के दौरान की गई. जानकारी के अनुसार, सिम्रौनगढ़ से महागढ़ीमाई की ओर जा रहे ट्रक संख्या ना 4 ख 5749 को रोककर तलाशी ली गई.जांच में ट्रक पर लदे 349 बोरा खरबूजा बीज बरामद किया गया.नेपाल पुलिस का कहना है कि बीज को आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना चोरी-छिपे निकासी के लिए ले जाया जा रहा था.पुलिस के मुताबिक, जब्त खरबूजा बीज की अनुमानित कीमत 22 लाख 99 हजार 232 नेपाली रुपये आंकी गई है, जबकि ट्रक का मूल्य करीब 35 लाख नेपाली रुपये बताया गया है. इस प्रकार जब्त सामग्री और वाहन का कुल मूल्य 57 लाख 99 हजार 232 नेपाली रुपये आंकी गई है. मामले में ट्रक चालक प्रवीण आलम (31 वर्ष) को हिरासत में लिया गया है.

# कैलाश उर्फ काली के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भाजपा का ग्रहण किया सदस्यता

**मुंगेर विधायक प्रणय एवं जिलाध्यक्ष ने के नेतृत्व में ग्रहण किया**

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में भारतीय जनता पार्टी का जन आधार बढ़ाने को लेकर दर्जनों युवाओं के साथ कैलाश कुमार उर्फ काली ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण मुंगेर विधायक प्रणय कुमार एवं जिला अध्यक्ष डॉ अरुण पोद्दार के उपस्थिति में किया।शक्ति केंद्र के बूथ 166 पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विधायक एवं जिलाध्यक्ष का अमन सरकार एवं धीरज कुमार के नेतृत्व में युवाओं गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र भेंट एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। वही विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने मोदी सरकार के बेमिसाल 12 वर्षों के ऐतिहासिक कार्य के बारे में जनता एवं कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने यह भी कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के मौके पर कैलाश उर्फ काली, धीरज कुमार एवं अमन सरकार के नेतृत्व में जो भाजपा को मजबूत करने को लेकर ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में किया जा रहा है उसे एनडीए सरकार काफी मजबूत होगा।मौके पर पूर्वी के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो, सुरेश कुमार उर्फ पप्पू मंडल,गौतम कुमार गुप्ता,सूरज कुमार, राहुल कुमार,पंकज कुमार, अभिनव कुमार,कृष्ण देव कुमार, संजय कुमार मंडल, गौतम कुमार, नीरज कुमार, अमित चौरसिया, रवि कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।सभी को पदाधिकारियों के द्वारा भाजपा के कमल निशान वाले अंगवस्त्र देकर भाजपा में समाहित किया गया।



# कंटेनर के गुप्त चैंबर से लगभग 350 किलो गांजा बरामद, चालक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरैया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल से आ रहे एक कंटेनर से लगभग 350 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पुलिस पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां खंगालने में जुट गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से एक कंटेनर के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा भारत लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर आईसीपी बाईपास मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच के दौरान कंटेनर के अंदर विशेष रूप से तैयार किए गए गुप्त चैंबर का पता चला। जब पुलिस ने उसे खोला तो वहां से 22 बड़े बंडलों में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। वजन करने पर इसकी मात्रा लगभग 350 किलोग्राम पाई गई। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। गिरफ्तार चालक से पूछताछ में पता चला है कि कंटेनर नेपाल से बिहार के छपरा की ओर जा रहा था। हालांकि गांजा कहां से लोड किया गया था और इसकी खेप किसके पास पहुंचनी थी, इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है। एसडीपीओ मनीष आनंद ने बताया कि हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार और उनकी टीम की सक्रियता से यह सफलता मिली है। पुलिस पूरे तस्करी नेटवर्क का खुलासा करने तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध इसे पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में जांच और निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# बीपीएससी में सफलता पर राधेश्याम कुमार का भव्य सम्मान, स्वर्णकार समाज में खुशी की लहर

**मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करने पर पूर्वी चंपारण जिले के मधुबनी घाट निवासी स्वर्णकार समाज से राधेश्याम कुमार को वेलफेयर ऑफिसर (कल्याण पदाधिकारी) पद पर चयनित होने पर पूर्वी चंपारण स्वर्णकार संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें मोमेंटो, शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार ने की, जबकि संचालन संघ के महामंत्री सुधीर कुमार गुप्ता ने किया। समारोह में उपस्थित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने राधेश्याम कुमार की सफलता को पूरे समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा यह सफलता आने वाली पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर राधेश्याम कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर कार्यकाल की कामना की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्वर्णकार समाज के अलावे विभिन्न समाजों एवं वर्गों के लोगों ने भी भाग लिया और उन्हें बधाई दी।



# माकपा नेता अरुण कुमार सिंह ने लिया अंगदान का संकल्प

**मानवता की सेवा का दिया प्रेरणादायी संदेश, मृत्यु के बाद भी अंगदान से दूसरे को जीवन दान देंगे अरुण**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के एकारी गांव निवासी व वरिष्ठ माकपा नेता अरुण कुमार सिंह ने अंगदान का संकल्प लेकर मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार उन्होंने मृत्यु के उपरांत अपने महत्वपूर्ण अंगों एवं ऊतकों के दान की स्वीकृति प्रदान की है। उनके इस निर्णय की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अंगदान ऐसा महादान है, जिसके माध्यम से व्यक्ति मृत्यु के बाद भी कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर नश्वर है, लेकिन यदि उसके अंग किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में सहायक बनें तो इससे बड़ा पुण्य कार्य और कोई नहीं हो सकता। इसी सोच और सामाजिक दायित्व की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अंगदान का संकल्प लिया है। नोटो द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार उन्होंने यकृत, गुर्दा, हृदय, फेफड़ा और अग्न्याशय जैसे महत्वपूर्ण अंगों के साथ-साथ नेत्र कॉर्निया, त्वचा तथा हृदय कपाट सहित विभिन्न ऊतकों के दान की सहमति दी है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति का अंगदान कई लोगों को नया जीवन दे सकता है तथा नेत्रदान से दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकती है। अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें अंगदान के लिए प्रेरणा पर्यावरणविद् मनोहर तिवारी से मिली, जिन्होंने लगभग पांच वर्ष पूर्व स्वयं भी अंगदान का संकल्प लिया था। उनके इस कार्य से प्रभावित होकर उन्होंने भी यह निर्णय लिया। इस पहल में मनीष कुमार एवं समाजसेवी योगेंद्र शर्मा ने भी उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आम लोगों से अंगदान के महत्व को समझने और इसके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की अपील करते हुए कहा कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने अरुण कुमार सिंह के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक लोग इस महान कार्य के लिए प्रेरित होंगे। क्षेत्र के लोगों ने इसे मानव कल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताया है।



# सेविकाओं की बैठक में महिला पर्यवेक्षिका के खिलाफ आंदोलन का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) रफीगंज कार्यालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविकाओं की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी के खिलाफ पूर्व में दिए गए आवेदन पर अब तक कार्रवाई नहीं होने को लेकर सेविकाओं ने नाराजगी जताई। बैठक में सेविकाओं ने आरोप लगाया कि शिकायत देने के बावजूद विभागीय स्तर पर कोई पहल नहीं की गई है। सेविकाओं ने कहा कि कार्यालय आने वाली सेविकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और वरीय पदाधिकारियों व जिला कर्मियों का नाम लेकर भय का माहौल बनाया जाता है, जिससे मानसिक परेशानी हो रही है। सेविकाओं ने यह भी आरोप लगाया कि सेक्टर-01 की एक सेविका द्वारा महिला पर्यवेक्षिका के पति के संबंध में वरीय पदाधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में सेविकाओं ने बताया कि सेक्टर परिवर्तन के बाद सेक्टर-06 में बिना जांच के नौ सेविकाओं को स्पष्टीकरण दिया गया और छुट्टी नहीं दी गई, जिसे उन्होंने दुर्भावना से प्रेरित बताया। वहीं पिछले छह महीने से मानदेय नहीं मिलने और विभाग द्वारा दिए गए खराब मोबाइल के कारण ऑनलाइन कार्यों में हो रही परेशानी पर भी चर्चा हुई। सेविकाओं ने निर्णय लिया कि यदि सभी समस्याओं का लिखित समाधान और कार्रवाई नहीं होती है तो 30 जून 2026 को केंद्र संचालन के बाद समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सविता कुमारी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष पूनम कुमारी, सुधा कुमारी सिंह, रूबी कुमारी, लालती कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजुम प्रवीण, शीला देवी, संगीता कुमारी, रंजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार रजक, गौतम कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, प्रिंस कुमार एवं राजाराम पासवान सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।



# शराबी पति की हरकतों से परेशान पत्नी ने कराया जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव में एक महिला ने अपने शराबी पति को जेल भिजवाया है। बताया जाता है कि पति शराब के नशे में आए दिन घर में हंगामा और मारपीट करता था। मामले को लेकर पत्नी उर्मिला कुमारी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि मंगलवार की रात उसके पति राजू कुमार गुप्ता शराब के नशे में घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर किसी तरह नंद की मदद से उसने अपनी जान बचाई। महिला ने आरोप लगाया कि पति रोज शराब पीकर आते हैं और घर में तोड़फोड़ व मारपीट करते हैं। आवेदन में यह भी बताया गया कि पति बच्चों की देखभाल नहीं करते और तीन बच्चों की जिम्मेदारी भी नहीं निभा रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजू कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर अल्कोहल जांच में पुष्टि होने के बाद न्यायालय भेज दिया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** ओबरा थाना पुलिस ने शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ओबरा थाने के महादेवा सोन दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर 45 लीटर देशी महुआ चुलाई गई शराब बरामद के साथ तस्कर रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। बता दें कि तस्कर हरिहरगंज थाना नासरीगंज जिला रोहतास के निवासी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान शराब बरामद की गई है। शराब तीन जर्किन में 45 लीटर बताई गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसी तरह से हमेशा छापेमारी की जाएगी और जो भी शराब की तस्करी कर रहे हैं गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जाएगा । बता दें कि लगातार छापेमारी होने के बावजूद भी तस्कर को शराब बनाने की लत नहीं छूट रही है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय भेजा गया है।

### आर्मी जवान के बंद घर से लाखों रुपए के संपत्ति की चोरी

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । शहर के नहर रोड स्थित ब्रजधाम कॉलोनी स्थित एक आर्मी जवान के बंद घर से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की संपत्ति चुरा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्मी के जवान रणविजय सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने लगभग चार -पांच लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। वे जम्मू में पदस्थापित हैं। वे मूल रूप से गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के डढ़वा गांव के रहने वाले हैं। दाउदनगर में उनकी पत्नी और बच्चे रहते हैं। बताया जाता है कि उनकी पत्नी शुक्रवार को अपना घर बंद करके गांव चली गई थी मंगलवार की देर शाम जब घर आई तो देखा कि घर में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष विकास कुमार, सब इंस्पेक्टर नेहा कुमारी एवं शबनम खातून ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि अगल-बगल के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### सहयोग शिविर को ले बीडीओ ने की बैठक



**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । प्रखंड के संसा और गोरडीहां पंचायत में आगामी सात जुलाई को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने को लेकर दोनों पंचायतों के पंचायत सरकार भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम की अध्यक्षता में कई गयी। बैठक में योजनाओं से जुड़े पदाधिकारी, पंचायत से जुड़े तमाम जनप्रतिनिधि तथा वार्ड सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बीडीओ मो. जफर इमाम ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए शिविर को दो अलग-अलग सत्रों में बांटा गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सात जुलाई को पहला शिविर गोरडीहां में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। इसके बाद, दूसरा शिविर संसा में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा। बीडीओ ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि शिविर के माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का आसानी से निपटारा किया जाएगा, इसलिए अधिकांश मामलों को मौके पर ही सुलझाने का लक्ष्य रखें ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस मुहिम में प्रशासन को पूरे सहयोग का भरोसा दिया।

### कार-बाइक की टक्कर में युवक घायल

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । नहर रोड स्थित सिपहां लॉक और केरा के बीच सड़क पर मंगलवार को अपाचे बाइक और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच हुई टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अपाचे बाइक के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल अनुमंडल अस्पताल, दाउदनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम अनुमंडल अस्पताल पहुंची और घायल युवक की पहचान करने के साथ-साथ दुर्घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाने में लग गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। युवक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस और स्थानीय लोग उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# बुधौल में लगा साहित्य, संस्कृति और कला के विभूतियों का जमघट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नवादा।** बुधौल स्थित वीणापाणि महाविद्यालय में साहित्य, संस्कृति और कला के विभूतियों का जबरदस्त जमघट लगा और बिहार, उत्तर प्रदेश तथा झारखंड के साहित्य संस्कृति और कल से जुड़े लोगों युगल किशोर मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। समाजसेवी युगल किशोर मिश्र की पुण्यतिथि पर सोमवार को बुधौल स्थित वीणा पाणी महाविद्यालय में वरिष्ठ साहित्यकार वीणा मिश्रा की अगुवाई में समान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, हिलसा की पूर्व विधायक और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ उषा सिंहा, वरिष्ठ संपादक विभा रानी श्रीवास्तव, उत्तरप्रदेश के रायबरेली से आए प्रसिद्ध गीतकार डॉ गोविंद गजब तथा झारखंड की ख्याति प्राप्त कवयित्री करुणा कालिका , सूर्यगढ़ा के साहित्यकार डॉ रेखा सिंहा, डॉ सुबोध कुमार तथा प्रो बच्चन पांडेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह और संचालन कवि ओंकार शर्मा कश्यप , उत्पल भारद्वाज तथा नितेश कपूर ने किया। इस मौके पर दीप प्रज्वलन और युगल किशोर मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद सम्मान समारोह, ग्राम्य गीत कला प्रदर्शन और काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में डॉ गोविंद गजब ने अपना गीत भगवान भी सोने का हिरण ढूंढ रहे हैं.. का गीत शुरू किया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कवयित्री करुणा कालिका ने अपने मुक्तक और गीतों से लोगों को खूब आह्लादित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार वीणा कुमारी मिश्रा द्वारा रचित उपन्यास एक मंजिल दो राह तथा उनके द्वारा संकलित मगही संस्कार गीत संकलन का विमोचन किया गया । दोनों पुस्तकों का प्रकाशन स्पर्श प्रकाशन पटना के द्वारा हुआ है। इसके साथ ही गया के साहित्यकार नरेंद्र सिंह की कृति मगही वाटिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भाषा और कला को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्कृति धरोहर की रक्षा तथा कलाकारों के सहयोग के लिए जो भी प्रशासनिक स्तर मदद चाहिए मैं उसमें आप सभी की मदद करुँगी।

**80 विभूतियों का सम्मान**

कोशिश फाउंडेशन, बुधौल, नवादा की अध्यक्ष वीणा कुमारी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 80 कलाकारों , साहित्यकारों, पत्रकारों, गायक-गायिकाओं और ग्राम्यांचलों के पारंपरिक गीतकारों , समाज सेवियों आदि को शॉल ओढ़ाकर और मोमेटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो भाषा और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रदर्शन में निरंतर क्रियाशील हैं। इस दौरान इप्टा के कलाकारों और बाल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवोत्साह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडेय, मगही मगध नागरिक संघ के अध्यक्ष पारस सिंह, शंभु विश्वकर्मा,अशोक समदर्शी , कवि उदय भारती, गौतम सरगम, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा, बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू , कवि दयानंद गुप्ता, रमेश खन्ना, श्याम सुंदर, रंजन कुमार, आदि मौजूद रहे।

# 53 एकड़ में फैला कुटुंबा गढ़, इतिहास के अनसुलझे रहस्यों को समेटे विरासत स्थल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले का कुटुंबा गढ़ आज भी अपने भीतर इतिहास के अनेक अनसुलझे रहस्यों को समेटे हुए है। अंबा से करीब छह किलोमीटर दूर औरंगाबाद–डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग पर स्थित यह ऐतिहासिक स्थल लगभग 53 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां स्थित प्राचीन गढ़, विशाल तालाब, मठ और किले के अवशेष इसकी गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत की गवाही देते हैं। गढ़ परिसर में वर्तमान में एक उच्च विद्यालय भी संचालित है। कुटुंबा गढ़ का इतिहास जानने और इसके अवशेषों को देखने के लिए दूर-दराज से लोग यहां पहुंचते हैं। हालांकि, पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद यह स्थल आज भी अपेक्षित संरक्षण और विकास की प्रतीक्षा कर रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा पूर्व में कराई गई सीमित खुदाई में यहां से शुंगकालीन अवशेष, सम्राट हर्षवर्धन काल के सिक्के, धातु सामग्री, वैष्णव काल से जुड़े अवशेष, देवी-देवताओं की मूर्तियां, शीशे के बर्तन तथा लौह, ताम्र और पाषाण युग से संबंधित नमूने प्राप्त हुए थे। इन खोजों ने संकेत दिया कि यह क्षेत्र बिहार की प्राचीन सभ्यता का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है और यहां विभिन्न कालखंडों एवं धार्मिक परंपराओं का प्रभाव मौजूद था। खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों ने यह भी माना था कि कुटुंबा गढ़ से प्राप्त कई पुरावशेष अपनी प्रकृति के कारण बिहार के अन्य स्थलों की तुलना में विशिष्ट हैं। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि पहले लोग पर्व-त्योहारों के दौरान घरों की पुताई के लिए यहां से मिट्टी ले जाते थे। उस दौरान भी कई बार मिट्टी से प्राचीन मूर्तियां, सिक्के, मिट्टी के बर्तन और अन्य पुरावशेष निकलते थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि कुटुंबा गढ़ में वैज्ञानिक ढंग से व्यापक खुदाई कराई जाए तो इतिहास के कई और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। लोगों ने पुरातत्व विभाग और सरकार से इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण, विस्तृत उत्खनन और पर्यटन स्थल के रूप में विकास की मांग की है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें।

# हसपुरा में वर्षों से अधूरा पड़ा स्टेडियम निर्माण, खिलाड़ियों की उम्मीदें अधर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** हसपुरा प्रखंड में वर्षों से प्रस्तावित स्टेडियम का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में निराशा का माहौल है। हर वर्ष फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान स्टेडियम की आवश्यकता प्रमुखता से महसूस की जाती है, लेकिन अब तक यह सपना साकार नहीं हो सका है। चुनावी मौसम में भी यह मुद्दा ग्रामीणों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहता है। सपुरा खेल प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष फुटबॉल और क्रिकेट की प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं, लेकिन समुचित खेल मैदान और स्टेडियम के अभाव में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जानकारी के अनुसार स्टेडियम निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की आवश्यकता है, जिसके कारण परियोजना वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। प्रखंड मुख्यालय में दो खुले मैदान उपलब्ध हैं। इनमें एक प्रखंड कार्यालय के समीप तथा दूसरा कन्या उच्च विद्यालय के पीछे स्थित है। हालांकि दोनों मैदानों की स्थिति जर्जर होने के कारण बड़े खेल आयोजनों की बात तो दूर, सामान्य प्रतियोगिताएं आयोजित करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्टेडियम नहीं होने के कारण क्षेत्र में महिला फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी अब तक संभव नहीं हो सका है। स्थानीय ग्रामीण अजय साव ने कहा कि स्टेडियम के अभाव में खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए उपयुक्त मैदान नहीं मिल पाता और न ही क्षेत्रवासियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का आनंद लेने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों ने सरकार से हसपुरा में शीघ्र स्टेडियम निर्माण कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रखंड में आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके और खेल संस्कृति को नई दिशा मिल सके।

# 25 कोचिंग चिन्हित, फायर लाइसेंस अनिवार्य; एक को छोड़ सभी में नहीं मिले उपकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित एक कोचिंग संस्थान में हुए अग्निकांड में करीब 15 छात्रों की मौत के बाद रजौली प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थानों की अग्निशमन विभाग द्वारा सघन जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को फायर ऑफिसर रविंद्र राम के नेतृत्व में टीम ने रजौली के कई कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर संचालकों व छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

**25 कोचिंग चिन्हित, लाइसेंस अनिवार्य:-**

फायर ऑफिसर रविंद्र राम ने बताया कि पटना मुख्यालय से मिले निर्देश के आलोक में बुधवार से जांच अभियान शुरू किया गया है। रजौली क्षेत्र में कुल 25 कोचिंग संस्थानों को चिन्हित किया गया है। सभी कोचिंग संचालकों को अग्निशमन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। लाइसेंस नहीं लेने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**एक को छोड़ सभी में नहीं मिले उपकरण:-**

पहले दिन टीम ने पांच कोचिंग संस्थानों लक्ष्य क्लासेज, कौशल आर्ट्स क्लासेज, रॉय क्लासेज, लर्निंग हब व जीनियस क्लासेज एवं तीन लाइब्रेरी आर्यभट्ट लाइब्रेरी, बुद्धा लाइब्रेरी व एसआर लाइब्रेरी की जांच की। जांच के क्रम में केवल पुरानी बस स्टैंड स्थित लक्ष्य क्लासेज में ही अग्निशमन उपकरण मौजूद मिले। अन्य किसी भी कोचिंग संस्थान या लाइब्रेरी में अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण नहीं पाए गए।

**संचालकों को दिए गए निर्देश:-**

अग्निशमन टीम ने कोचिंग भवनों की संरचना की जांच कर संचालकों को आवश्यक अग्निशमन उपकरण रखने एवं तुरंत लाइसेंस के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं को अगलगी से बचाव के उपाय बताए गए। फायर ऑफिसर ने कहा कि कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुसार होनी चाहिए। जांच टीम में फायर ऑफिसर रविंद्र राम के साथ प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अग्निक चालक मंटू कुमार, अग्निक रामपाल कुमार एवं अग्निक राकेश कुमार मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन, संगठन विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित स्व. डी.के. शर्मा स्मृति भवन में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की प्रखंड स्तरीय संगठन विस्तार एवं कमेटी गठन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार मेहता ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण के कारण पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को एनडीए गठबंधन के सहयोग से राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया, जिसका उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नवगठित कमेटी में जयप्रकाश कुमार एवं सुभाष सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. राजेश कुमार को विचारक एवं प्रवक्ता, सचिन सिंह तथा बृजकिशोर कुमार को महासचिव, विंकटेश कुमार को संगठन सचिव, ओमप्रकाश चौधरी एवं नीरज कुमार को संयुक्त सचिव, राजेश कुमार को सचिव तथा शशिकांत वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं बिजेंद्र सिंह, विजय सिंह, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार एवं सूरज कुमार को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में ई. पुष्पलता कुमारी, विनोद सिन्हा, रामबली सिंह, श्रीकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब नवादा की बैठक में सेवा कार्यों की बनी रूपरेखा, नए सत्र के कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**







**नवादा।** रोटरी क्लब ऑफ नवादा की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में आयोजित की गई, जिसमें आगामी रोटरी सत्र एवं समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने की जबकि मंच संचालन 2026 - 2027 के लिए चुने गए अध्यक्ष नीरज कुमार लोहानी ने की। बैठक में उपस्थित सचिव प्रह्लाद कुमार ने आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नए रोटरी सत्र के अवसर पर जनहित से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में आगामी डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों को सम्मानित करने तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की योजना पर सहमति बनी। क्लब के सचिव प्रहलाद प्रसाद ने बताया कि समाजहित के इन कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान दिया जाएगा। इसके साथ ही क्लब के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है तथा भविष्य में भी इस परंपरा को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर क्लब की नई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स टीम का भी परिचय कराया गया। नई कार्यकारिणी में निरज कुमार लोहानी अध्यक्ष, प्रहलाद प्रसाद सचिव, पियूष कुमार कोषाध्यक्ष तथा सौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। वहीं डॉ. मनोज कुमार फाउंडेशन चेयर, नित्यानंद प्रसाद मेंबरशिप चेयर, श्याम कुमार अग्रवाल कम्युनिटी सर्विस, राकेश कुमार एडमिनिस्ट्रेशन चेयर, वजीर प्रसाद इंटरनेशनल चेयर तथा डॉ. पंकज कुमार सिन्हा को पब्लिक इमेज एवं मीडिया चेयर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सभी सदस्यों ने नए सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया

### नौ सूत्री मांगों को लेकर सीपीआई का प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के बैनर तले बुधवार को हसपुरा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर में नौ सूत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। रोषपूर्ण प्रदर्शन के बाद आयोजित धरना की अध्यक्षता अंचल सहायक मंत्री अरुण कुमार रंजन ने की।

धरना को संबोधित करते हुए अंचल मंत्री एवं अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने आरोप लगाया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और अनियमितताएं चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के एक कर्मी के रिश्वत लेते पकड़े जाने और निगरानी विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने से व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट होती है। उन्होंने भूमिहीन गरीबों को भूमि का पर्चा देने तथा वर्षों से बसे गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई रोकने की मांग की। जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत काम नहीं होने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

# स्वनिधि महोत्सव में 50 लाभुकों को मिला दस लाख का ऋण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर निगम सभागार में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर अरविंद राणा, नगर उप आयुक्त ज्योति कुमार सिंह, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, नगर निगम के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में फुटपाथ विक्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लाभुकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़ने, समय पर ऋण चुकाने तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक जून 2020 को शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे जून माह को स्वनिधि महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न बैंकों की ओर से 50 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं छोटे दुकानदारों एवं सिलाई-कढ़ाई कार्य से जुड़ी महिलाओं के बीच करीब 10 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले लाभुकों को सम्मानित करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए उपहार भी प्रदान किए गए। योजना के सफल क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं को नगर निगम की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बैंकों के सहयोग से अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर लोक कल्याण मेले का भी आयोजन किया गया। मेले के माध्यम से विभिन्न वार्डों एवं बैंक शाखाओं में विशेष शिविर लगाकर लोगों को पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई तथा नए लाभुकों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया। मेयर अरविंद राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी और फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हुई है। इससे हजारों छोटे कारोबारियों को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चलाता रहेगा। कार्यक्रम में नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता (सीओ), सीआरपी, बैंक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में फुटपाथ विक्रेता उपस्थित थे।




## मुहर्रम को लेकर उपायुक्त एवं एसपी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

### ट्रैफिक रूट प्लान की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को मुहर्रम जुलूस मार्ग, कर्बला स्थल एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने झंडा चौक, खिरगांव चौक, लोहसिंघना, मंडई कर्बला, पेलावल सहित छड़वा डैम स्थित मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संपूर्ण जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करते हुए सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान आमजनों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर मेडिकल कैंप, अस्थायी शौचालय तथा पेयजल आपूर्ति हेतु टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी संबंधित विभागों को निर्धारित ट्रैफिक रूट प्लान के अनुसार यातायात संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम नागरिकों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। आदित्य पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अभियान हजारीबाग रुपेश कुमार सिंह अनुमंडल प्लीज पदाधिकारी सदर, मो0 अरमानउल हक, पुलिस उपाधीक्षक, सीसीआर, एवं शहर के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## एक नजर

### बरहमोरिया गांव में उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी, नौ हजार किलो जावा महुआ नष्ट

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने बरहमोरिया गांव में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर नष्ट की गई छापेमारी का नेतृत्व उत्पाद विभाग और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया। अभियान में लगभग तीन दर्जन जिला पुलिस बल, उत्पाद विभाग के जवान, महिला पुलिसकर्मी, चौकीदार एवं दिगवार शामिल थे। कार्रवाई के दौरान करीब 9,000 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही लगभग 350 लीटर जावा महुआ शराब जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि बरामद सामग्री का उपयोग अवैध शराब निर्माण में किया जा रहा था अभियान में निरीक्षक श्याम कुमार महतो, अवर निरीक्षक प्रिनन, महेंद्र देवगम (उत्पाद विभाग), सहायक अवर निरीक्षक राहुल रंजन सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, सुंदर लाल मंडल तथा शिव शंकर पासवान सहित अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे अधिकारियों ने बताया कि मामले में उत्पाद विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव को दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव और लंबे समय तक पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य रहे नंदकिशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी के श्राद्धकर्म के मौके पर मंगलवार को शहर के बंधन टोला में श्रद्वांजंलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में आरा सांसद, विधायक, पूर्व विधायक,पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाएं कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार में पार्टी निर्माण और विस्तार के प्रमुख स्तंभों में से एक रहे। अपनी सादगी,वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठन क्षमता और जनपक्षधरता के कारण वे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच अत्यंत सम्मानित थे। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वाले में भाकपा (माले) के राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य अमर जी,एमएलसी शशि यादव,आरा सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट विधायक अरुण सिंह, डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ.अजीत कुशवाहा, अगिआंव के पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह भोजपुर जिला सचिव अभ्युदय, पोलित ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह रोहतास सचिव जवाहर लाल सिंह, राज्य कमिटी सदस्य मनोहर, केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य कमेटी सदस्य मनोहर सिंह, किसान नेता,उमेश सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम,राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, नगर सचिव सुधीर सिंह,जिला कमेटी सदस्य दीना जी, ऐपवा नेत्री शोभा मंडल, इंदू सिंह, कलावती देवी, वरिष्ठ माले नेत्री नीरा जी,आइसा नेता शब्बीर कुमार डॉ. बी.के.प्रसाद, डॉ. बी.के.शुक्ला, डॉ.कन्हैया सिंह, डॉ. जीवेश कुमार, डॉ.नवीन सिंह, डॉ.राजीव, रजनीश कुमार, कृष्ण कुमार (पत्रकार), राजेश्वर लाल, अमन कुमार, सर्वेश कुमार, सौरभ कुमार, नीतीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नगर निगम की जागरूकता रैली में गूंजा नशामुक्ति का संदेश

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थ विरोधी जन जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम गिरिडीह द्वारा बुधवार को भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महापौर प्रमिला मेहरा, नगर आयुक्त विजय सिंह बीरूआ सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। महापौर प्रमिला मेहरा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान से जुड़ना होगा। उन्होंने महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।नगर आयुक्त विजय सिंह बीरूआ ने कहा कि नशा समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। इससे आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याएं जन्म लेती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रहा है कि नशे से दूरी ही स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कुंजी है रैली के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि सामूहिक प्रयास, जनभागीदारी और जागरूकता के बल पर ही नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है।

### मधुबन में होने वाले जिला सम्मेलन की तैयारी तेज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले के आगामी जिला सम्मेलन की तैयारियां जिलेभर में तेज कर दी गई हैं। शहर के साथ-साथ मुफ्फसिल और पीरटांड़ क्षेत्रों में भी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुफ्फसिल क्षेत्र के महुवाटांड़ में सम्मेलन पूर्व बैठक आयोजित कर प्रतिनिधियों का चयन किया गया बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले के वरिष्ठ नेता पूरन महतो, माले नेता राजेश सिन्हा तथा माले नेता एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के कन्हाई पांडेय उपस्थित थे इस अवसर पर पूरन महतो ने कहा कि 28-29 जून को मधुबन में होने वाला जिला सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधियों का चुनाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष को और तेज किया जाएगा तथा 28 जून को आयोजित खुले सत्र में समर्थकों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और क्रांतिकारी विचारधारा से जुड़े लोगों की व्यापक भागीदारी होगी।

## नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में नवनिर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक अशुतोष कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए अशुतोष कुमार ने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का सशक्त मंच है। उन्होंने पदाधिकारियों से निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने कहा कि नेतृत्व का वास्तविक अर्थ सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा में निहित है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने कहा कि छात्र संसद विद्यालय के संचालन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है तथा उनमें आत्मविश्वास और संगठनात्मक क्षमता का विकास करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शांति मंत्र के पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर ने कैंसर मरीजों के परिजनों की मदद के लिए शुरू की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग से आर्थिक सहायता प्राप्त टाटा मेमोरियल सेंटर की इकाई होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं की टीम ने कैंसर मरीजों की सर्जरी के बाद घर पर देखभाल करने वाले परिजनों की मदद के लिए एक नई पहल 'कैंसर केयरगिवर सपोर्ट सिस्टम विकसित की है। इस शोध के परिणाम इस महीने प्रतिष्ठित 'इंडियन जर्नल ऑफ कैंसर' में प्रकाशित हुए हैं। इस अध्ययन में यह देखा गया कि मरीजों की सर्जरी के बाद परिवार के सदस्यों को सही जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने से मरीजों की देखभाल बेहतर हो सकती है।

इस पहल के तहत देखभाल करने वाले परिजनों को मोबाइल के माध्यम से हिंदी भाषा में जरूरी जानकारी, मरीज की देखभाल से जुड़ी पुस्तिका और व्हाट्सएप सपोर्ट ग्रुप की सुविधा दी गई। इस अध्ययन में एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर में इलाज करा रहे मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) के 75 मरीजों और उनके परिजनों को शामिल किया गया। अध्ययन में पाया गया कि इस सहायता प्रणाली से जुड़े परिजनों में तनाव और जिम्मेदारी का बोझ कम हुआ। एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर के हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की डॉ. मेघना कुमार ने बताया, ''कैंसर की सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी सिर्फ अस्पताल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि घर पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। रिसर्च टीम के सदस्य एसोशिएट प्रोफ़ेसर और सर्जन डॉ. बुरहानुद्दीन क़यूमी ने कहा, ''देखभाल करने वालों को घर पर उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना बहुत ज़रूरी बात है। इस शोध टीम में टाटा मेमोरियल सेंटर के विभिन्न विभागों और संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल रहे। टीम में डॉ. मेघना कुमार, सुश्री प्रिया कुमारी, डॉ. श्रींजीता गर्ग, डॉ. सौम्या के. रॉय, डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, डॉ. सृष्टि सालुंके, डॉ. निरंजन अज्ञात, डॉ. रतन कृष्ण, डॉ. बुरहानुद्दीन कय्यूमी, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. सत्यजीत प्रधान, डॉ. पंकज चतुर्वेदी और डॉ. कुमार प्रभाष शामिल रहे। शोध टीम का मानना है कि इस तरह की डिजिटल सहायता प्रणाली आने वाले समय में कैंसर मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## हॉकी गिरिडीह संघ का गठन, खिलाड़ियों को मिलेगा नया मंच

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में हॉकी खेल को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को वार्ड संख्या-24 कोलडीहा स्थित वार्ड पार्षद कार्यालय में हॉकी गिरिडीह संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हॉकी गिरिडीह के पूर्व सदस्य युगल किशोर महतो एवं वार्ड पार्षद नूरुल होदा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जिले के खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया बैठक में सर्वसम्मति से संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित समिति में सुमित कुमार को अध्यक्ष, वीणा बर्णवाल, अजीत कुमार एवं रमेश कुमार महतो को उपाध्यक्ष, शबाना परवीन को महासचिव, मो. सहदेव, ईशा शर्मा एवं प्रीति कुमारी को संयुक्त सचिव तथा नरेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं खुशी सिंह, पार्थ सारथी, अली रजा एवं रणजीत यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गिरिडीह में हॉकी की समृद्ध परंपरा रही है, लेकिन खिलाड़ियों को पर्याप्त संसाधन एवं अवसर नहीं मिल पाते हैं। नवगठित संघ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हॉकी के प्रचार-प्रसार, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान तथा उन्हें प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संघ का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना तथा गिरिडीह के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संघ की नियमित बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाएगी। साथ ही निकट भविष्य में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा अंत में सभी सदस्यों ने हॉकी गिरिडीह संघ के सफल संचालन तथा जिले में हॉकी खेल के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता और समयबद्धता करें सुनिश्चित : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में संचालित विकास योजनाओं को गति देने तथा उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में तकनीकी पदाधिकारियों एवं विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आधारभूत संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों में आ रही बाधाओं और उनके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकास योजनाएं केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आम जनता की अपेक्षाओं और सरकार की प्राथमिकताओं से जुड़ी होती हैं। इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सड़क, भवन, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने तकनीकी पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में लंबित एवं धीमी गति से संचालित योजनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने और अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के निष्पादन में आने वाली समस्याओं की जानकारी समय पर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने नियमित फील्ड विजिट, सतत मॉनिटरिंग तथा समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया उप विकास आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, भवन एवं विद्युत प्रमंडल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




## डीएम ने योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन द्वारा नरपतगंज प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, मनरेगा कार्यालय तथा सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के कार्यों, उपलब्धियों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में उपलब्ध अभिलेखों, लंबित मामलों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभागवार कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी संबंधितों को रोकड़ पंजी सहित अन्य पंजीयो को सही तरीके से संधारण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में संचालित योजनाओं, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की स्थिति एवं भुगतान संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। वहीं अंचल कार्यालय में राजस्व वसूली, भूमि संबंधी मामलों तथा विभिन्न प्रमाण-पत्रों के निष्पादन की स्थिति का आकलन किया गया। सीडीपीओ कार्यालय में महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन तथा पोषण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों की कार्य उपलब्धियों एवं क्रियानवित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही आवश्यक है।



## संभावित बाढ़ को लेकर डीएम ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन द्वारा जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फारबिसगंज-रानीगंज सड़क मार्ग स्थित कजराधार एवं दुलारदेई नदी के स्केप क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने बाढ़ प्रमंडल, अररिया के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने नदी तटों, कटाव प्रभावित क्षेत्रों तथा जल निकासी व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी जोगबनी क्षेत्र भी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व में बाढ़ से प्रभावित रहे चैंगाबाड़ी धार एवं टिकुलिया बस्ती का स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर पूर्व में आई बाढ़ के दौरान हुई समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं तैयार है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने तथा संभावित जोखिम वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।



### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा मुहर्रम

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूसों, अखाड़ों तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों से जिलाधिकारी द्वारा सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा सभी से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि किसी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी तथा विधि-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सामाजिक एवं प्रबुद्ध जनों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी समुदायों के सहयोग से मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# जिले के सभी प्रखंडों में होगी राजकीय डिग्री कॉलेजों की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य अंतर्गत उच्च शिक्षा के विस्तार एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में राजकीय डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना की जानी है। इसके तहत बेगूसराय जिले में 10 प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में आगामी 1 जुलाई से शैक्षणिक गतिविधियों का शुभारंभ किया जाएगा। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बुधवार को मटिहानी प्रखंड अंतर्गत महाजी ग्राम स्थित राजकीय डिग्री महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने महाविद्यालय भवन, कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, शिक्षण-अधिगम सामग्री एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को अपने निकट ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में नवपदस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि 1 जुलाई से नियमित रूप से पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ हो सके। जिले में जिन नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाना है, उनमें राजकीय डिग्री महाविद्यालय, बछवाड़ा, छौड़ाही, डंडारी, गढ़पुरा, खोदावंदपुर, मंसूरचक, मटिहानी, नावकोठी, साहेबपुर कमाल एवं वीरपुर शामिल हैं।निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय में शिक्षण-अधिगम संसाधनों, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं।

## डीएम ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बुधवार को ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, संरचनात्मक स्थिति तथा ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं का गहनता से अवलोकन एवं समीक्षा की गई। निरीक्षण से पूर्व वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा जिला पदाधिकारी को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा बलों की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वेयरहाउस से संबंधित सभी अभिलेखों एवं लॉग बुक का नियमित रूप से अद्यतन संधारण किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सभी सूचनाएं तत्काल उपलब्ध हो सकें। साथ ही परिसर की नियमित साफ-सफाई, रख-रखाव एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को बखरी अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने की। बैठक में मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। एसडीएम ने उपस्थित लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कृत्यों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुंदन कुमार ने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। बैठक में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, सर्किल इंस्पेक्टर विकास कुमार राय, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएम ने विक्रमशिला सेतु पर यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नव पदस्थापित जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा आज विक्रमशिला सेतु की यातायात व्यवस्था का निरीक्षण वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने भीषण गर्मी और बारिश के मद्देनजर सेतु पर कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के लिए शेड और रेनकोट की आवश्यकता बताई। जिस पर जिलाधिकारी ने इसकी व्यवस्था कर लेने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, संयुक्त निदेशक (जनसंपर्क) नागेंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार सहित पुल निर्माण निगम के अधिकारी उपस्थित थे। मालूम हो कि विगत महीने विक्रमशिला गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के तहत निर्मित बेली ब्रिज के जरिए छोटी गाड़ियों का परिचालन सात जून से किया जा रहा है।

### खेत बचाने के लिये अपनाएं जैविक खेती : सोनल सिंह

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के महेशवाड़ा पंचायत भवन में बुधवार को आत्मा के बैनर तले किसान जनकल्याण सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपमुखिया महेश यादव ने की। अभियान के माध्यम से किसानों को मिट्टी की उर्वरता संरक्षण, जल संरक्षण तथा टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एटीएम सोनल सिंह ने कहा कि खेत किसानों की आत्मा हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है और कई स्थानों पर भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने किसानों से फसल चक्र अपनाने, जलवायु परिवर्तन के अनुरूप फसलों की खेती करने, हरित खाद, जैविक खाद तथा जैविक कीटनाशकों का उपयोग बढ़ाने की अपील की। कृषि समन्वयक सुरेन्द्र कुमार ने किसानों को फसल बुआई से पूर्व मिट्टी जांच कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में किसान सलाहकार मुकेश कुमार, किसान राजेन्द्र प्रसाद सिंह, गोपाल सिंह, प्रमोद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों ने खेती को लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए जैविक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### विद्युत पोल शिफ्टिंग को लेकर को सौंपा ज्ञापन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्वमंगला विद्या विहार, वृंदावन पहसारा के निदेशक एवं विद्यालय के शिक्षकों ने बुधवार को मंझौल अनुमंडल के विद्युत सहायक अभियंता से मुलाकात कर विद्यालय परिसर के समीप स्थित विद्युत पोल को स्थानांतरित करने, विद्युत तारों पर तार कवच लगाने तथा विद्युत स्पर्शा घात से मृत मजदूर मिथुन कुमार के परिजनों को अविलंब मुआवजा प्रदान करने की मांग की। इस संबंध में एक आवेदन भी विद्युत सहायक अभियंता को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हाल ही में विद्यालय परिसर में रंगाई-पुताई कार्य के दौरान पहसारा निवासी मजदूर मिथुन कुमार की 33 हजार वोल्ट विद्युत तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विद्युत पोल को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने तथा तारों पर सुरक्षा कवच लगाने की मांग की। विद्युत सहायक अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री आवास का होगा घेराव : प्रशांत किशोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर (भोजपुर)।** बिलौटी गांव में आयोजित महापंचायत में प्रशांत किशोर ने भरत भूषण तिवारी मामले की जांच को लेकर सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए। प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि भरत तिवारी को वास्तविक न्याय दिलाना है तो मामले की जांच किसी रिटायर जज नहीं, बल्कि सिटिंग जज की निगरानी में कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच तभी निष्पक्ष मानी जाएगी जब इसके दायरे में गृह मंत्री, डीजीपी समेत मामले से जुड़े सभी जिम्मेदार अधिकारियों और व्यक्तियों को शामिल किया जाए। महापंचायत में कहा गया कि केवल संबंधित दारोगा और डीएसपी को निलंबित कर देने से न्याय नहीं मिल जाता। जनता को न्याय होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। लोगों ने मांग किया कि 15 दिनों के भीतर न्यायिक जांच की घोषणा की जाए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलनकारी पटना कूच करेंगे और वहां प्रदर्शन कर सरकार का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी और उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा तथा जरूरत पड़ने पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास का भी घेराव किया जाएगा।

## कविराज ने जीता स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के चन्दौर गांव निवासी भाजपा नेता बलराम सिंह के 21 वर्षीय पुत्र कविराज ने 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के जूनियर एवं सीनियर वर्ग में ग्रुप गोल्ड मेडल जीतकर भगवानपुर प्रखंड सहित बेगूसराय जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कविराज ने अपने पिता बलराम सिंह, बड़े भाई एवं कोच प्रत्यूष कुमार, प्रशिक्षक मोहम्मद इमाम,




रेंज ऑफिसर राजाराम राय, विनोद मस्करा तथा अपनी कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई करना और एक प्रख्यात शूटर बनकर बिहार का नाम पूरे देश में रोशन करना है। बुधवार को चन्दौर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों एवं युवाओं ने आतिशबाजी कर कविराज का भव्य स्वागत किया। इसके बाद बलराम सिंह के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री सुरेंद्र मेहता ने उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र मेहता ने कहा कि जब बिहार का बेटा खेल के क्षेत्र में सफलता हासिल करता है तो पूरे राज्य को गर्व होता है और जब बेगूसराय का युवा यह उपलब्धि प्राप्त करता है तो खुशी और भी बढ़ जाती है। सम्मान समारोह में मुखिया अनिल सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, प्रखंड अध्यक्ष पिंकी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष हेमंत चौधरी, मंडल अध्यक्ष पंकज कुशवाहा, निरंजन कुमार रंजन, जिला प्रवक्ता सुमन चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।

## बड़े भाई ने कट्टा से वार कर छोटे भाई को किया घायल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या-06 में पारिवारिक विवाद ने बुधवार की सुबह हिंसक रूप ले लिया, जब बड़े भाई ने कथित रूप से कट्टा से हमला कर अपने छोटे भाई को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल युवक की पहचान राजन सिंह के छोटे पुत्र सुन्दरम कुमार के रूप में हुई है। उसका इलाज बेगूसराय के एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। घटना के संबंध में घायल की मां रूबी कुमारी ने पुलिस को दिए फर्द बयान में बताया है कि वह मध्य विद्यालय महेशवाड़ा में शिक्षिका हैं। बुधवार की सुबह उनके पति राजन सिंह उन्हें विद्यालय छोड़ने गए थे। इसी दौरान उनका छोटा पुत्र सुन्दरम कुमार, जो इंजीनियरिंग का छात्र है और मंगलवार को ही गांव आया था, घर में सो रहा था। आरोप है कि बड़े पुत्र सत्यम कुमार ने सोए हुए सुन्दरम पर कट्टा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सुन्दरम के गर्दन के पीछे, कान, सिर, पेट तथा छाती समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा दिए जाने पर रूबी कुमारी तत्काल घर पहुंचीं और घायल पुत्र को इलाज के लिए बेगूसराय ले गईं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नामजद आरोपी सत्यम कुमार को हिरासत में ले लिया गया है। वारदात में प्रयुक्त कट्टा भी बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य संकलित करने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।


### कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**पुर्नअति अल्पकालिन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के शेश 9 माह के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–30.06.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 49,68,000.00 | 5,00,000.00 |
| 2. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड को छोड़कर और NHAI से गुजरनेवाले वाहनो को छोड़कर शहर में प्रवेश करनेवाले मालवाहक टेम्पो एवं अन्य वाहनों से दैनिक चुंगी कर की वसूली एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 23,76,000.00 | 2,40,000.00 |

2. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–

सैरात सं0–1 के लिए निर्धारित दर :–

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | टेम्पो / टोटो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस / Traveller/407 / 709 | 75.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 100.00 रू0 दैनिक |

सैरात सं0–2 के लिए निर्धारित दर :–

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | मालवाहक टेम्पो / ट्रैक्टर / पीकअप | 50.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस / Traveller/407 / 709 | 75.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 100.00 रू0 दैनिक |
| 4. | ट्रक | 75.00 रू0 दैनिक |
| 5. | दस चक्का ट्रक या बडा ट्रक | 100.00 रू0 दैनिक |
| 6. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 7. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

3. डाक / बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य पार्षद
नगर परिषद् औरंगाबाद

PR- 006510 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


## गौतम अदाणी के 64वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 64वें जन्मदिन के मौके पर आज अदाणी फाउंडेशन द्वारा देशभर में अदाणी समूह की विभिन्न इकाइयों में आयोजित रक्तदान अभियान के तहत भागलपुर जिले के पीरपैंती स्थित निर्माणाधीन अदाणी पावर परियोजना में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
इस परियोजना के प्लांट परिसर में बुधवार को आयोजित इस शिविर में कंपनी और सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 151 यूनिट रक्तदान किया और समाज को जीवन बचाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चन्द्र गुप्ता, एसडीपीओ-2 गरिमा तथा परियोजना हेड राजीव गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इन अधिकारियों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम भाई अदाणी के जन्मदिवस पर हर वर्ष यह विशेष अभियान प्रीति अदाणी के नेतृत्व में आयोजित किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संग्रहित रक्त को जरूरतमंद मरीजों तक समय पर उपलब्ध कराना है। रक्तदान शिविर में अदाणी पावर लिमिटेड के कर्मचारियों के साथ-साथ सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी भागीदारी निभाई।

## बीपीएससी में सेविका का बेटा लाया 167वां रैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला के राजौरा पंचायत का किसान अजीत कुमार और आंगनबाड़ी सेविका अंशु कुमारी का द्वितीय पुत्र कान्तेश कुमार अपने पहले ही प्रयास में बीपीएससी परीक्षा में 167वां रैंक लाकर बना एसडीएम। इसके अलावा कान्तेश कुमार का इसी परीक्षा में बिहार में 5वां स्थान लाकर सीडीपीओ पद पर भी चयन हुआ है। कान्तेश कुमार के दोनों परीक्षाओं में सफल होने के बाद पहली बार अपने गांव आने की सूचना मिलते ही गांव के लोगों का शुभकामना देने और सम्मान करने उसके घर पर तांता लग गया। बताते चलें कि कान्तेश कुमार की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई, उसके बाद पांचवी से दसवीं तक की पढ़ाई सिमुलतला विद्यालय से की जहां वर्ष 2017 में मैट्रिक परीक्षा में बिहार में आठवां स्थान लाकर अपनी प्रतिभा का



लोहा मनवाया था। उसके बाद इन्टरमीडिएट की पढ़ाई बेगूसराय के विकास विद्यालय, डूमरी से की। जिसके बाद 2023 में एनआईटी तमिलनाडु से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर रक्षा मंत्रालय ने ओडिटर के पद पर कार्यरत हुआ। लेकिन मन में सिविल सेवा करने की तमन्ना की। जिसके कारण रक्षा मंत्रालय में सेवा देते हुए बीपीएससी की तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास में 167 वां रैंक लाया। कान्तेश कुमार ने आगे बताया कि उसकी तमन्ना आइएएस बनने की है।

## संदेश में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज में सुविधाओं का डीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' संकल्प को साकार करने की दिशा में भोजपुर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया ने बुधवार को संदेश प्रखंड स्थित सुहासत सहदेव +2 विद्यालय परिसर में संचालित होने वाले प्रस्तावित डिग्री कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, समुचित रंग-रोगन, साइनेज सहित सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, एल.ए.ई.ओ. को निर्देश दिया कि सभी महाविद्यालयों तक पहुंच पथ सुगम एवं बेहतर स्थिति में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी सिविल कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप जिले के सभी डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में आगामी 1 जुलाई 2026 से शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सड़क पर जलजमाव से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/कोइलवर।** आरा-चांदी मुख्य सड़क पर घुटनेभर जमा गंदा नाले का पानी पंचायत की सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जबकि संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं। जलजमाव के समीप सरकारी अस्पताल, विद्यालय और मुफस्सिल थाना की जमीरा ओपी स्थित है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीज, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक और पुलिसकर्मी इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा संदेश, चांदी और आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग जिला मुख्यालय आरा आने-जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। नाला जाम पड़ा हुआ है, लेकिन



उसकी नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। सरकारी संस्थानों के सामने यदि ऐसी स्थिति बनी हुई है तो गांव के अन्य इलाकों की हालत का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। स्थानीय ग्रामीण चंदन कुमार ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि जाम नाले की सफाई कराकर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क या नाले का मामला नहीं, बल्कि हजारों लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर जनहित का मुद्दा है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। दूसरी तरफ जमीरा-अलीपुर सड़क की भी यही समस्या है। जमीरा गांव से दक्षिण तरफ अतिक्रमण एवं अनुपयोगी पुलिया के निर्माण के कारण आस-पास के कई गांवों के लिए समस्या उत्पन्न हो गयी है।


### बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
अल्पकालीन निविदा संख्या– 04 / भ0प्र0 औरंगाबाद / 2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 15.06.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 07.07.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 08.07.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 08.07.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल,औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न्यायाधीश कॉलोनी, औरंगाबाद के मुख्य द्वार सहित चहारदिवारी के निर्माण कार्य | 3.727 | 7500.00 | 750.00 | 30 दिन |
| | कुल | 3.727 | | | |

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 06410 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**

# महिला ने दो बेटियों संग नदी में लगाई छलांग, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप बुधवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई जहां एक महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ नदी में कूदकर जान दे दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान टुनु रवानी की 30 वर्षीय पत्नी सोनिया देवी तथा उनकी चार वर्षीय पुत्री रानी कुमारी और तीन वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका की सास रीता कुंवर ने बताया कि सोनिया की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। पति टुनु रवानी मजदूरी करते हैं। पति-पत्नी के बीच कभी-कभी विवाद होता था लेकिन मामला शांत हो जाता था। बुधवार की सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बने गड्ढे में बहू और दोनों पोतियां डूब गई हैं। बताया गया कि मंगलवार की रात तक घर में किसी को घटना की जानकारी नहीं थी। देर रात महिला अपने घर से करीब 100 मीटर दूर गई और 30 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में दोनों बच्चों के साथ डूब गई। घटना के समय पति घर पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों के अनुसार महिला को उसका पति अक्सर मारपीट करता था जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस घटना की सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह और मुखिया विदाई देवी मौके पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण के दौरान अभिकर्ता द्वारा धावा नदी के पास बड़े पैमाने पर गड्ढा कर छोड़ दिया गया जिसमें वर्तमान में करीब 20 से 25 फीट पानी भरा है। उन्होंने बताया कि अब तक इस गड्ढे में डूबने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने प्रशासन से गड्ढे को भरवाने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। अंचल अधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि गड्ढे को भरवाने की पहल की जा रही है। मृतकों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता दिया जाएगा। कासमा थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों की मदद से तीनों शवों को बाहर निकलवा पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर अभिकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई एवं गड्ढ़े को भरवाने की मांग प्रशासन से की है।

# ड्रोन के माध्यम से जुलूसों की होगी निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुहर्रम को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की घटना अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचकर स्थानीय परिस्थितियों का आकलन करेंगे तथा जुलूस की समाप्ति तक सतत निगरानी बनाए रखेंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि सभी ताजिया एवं अखाड़ा जुलूसों की ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। ड्रोन वीडियोग्राफर जुलूस के साथ रहकर गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करेंगे तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त जुलूस मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों की पूर्व में ड्रोन से निगरानी कर आवश्यक सुरक्षा तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आवश्यकतानुसार जुलूस के साथ अथवा निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्रों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें। जुलूस मार्गों, इमामबाड़ों एवं अन्य प्रमुख स्थलों के आसपास स्वच्छता, कचरा निष्पादन, नालियों की सफाई तथा फॉगिंग का कार्य समय पर पूरा किया जाए। साथ ही पेयजल की उपलब्धता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता मोहम्मद सादुल हसन खां, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विशेष अभियान के तहत 49 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या प्रयास में 10, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 34 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 165 लीटर देसी, 32.80 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक एवं एक पिलास बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1196 वाहनों की जांच की गई जिसमें 16000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 33 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार औरंगाबाद जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान जारी रहेगा। इस जद में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा कानून विरोधी कृत्य करने वालों की खैर नहीं होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ कोई कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# धर्मांतरण एवं लव जिहाद को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर( औरंगाबाद)।** एकल विद्यालय अभियान के दूसरे दिन श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के सभा कक्ष में दक्षिण बिहार संभाग का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, बीएड कॉलेज के प्राचार्य अभय सिंह, विहिप के जितेन्द्र सिंह परमार, आरएसएस के अजीत कुमार मिश्रा, सुधीर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सुदूरवर्ती इलाकों की सैकड़ों गरीब असहाय और मजदूर किसान के बच्चों, युवकों, महिलाओं को कौशल दक्षता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और सामर्थ्यवान करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह नें कहा कि आज पूरे औरंगाबाद में धर्मांतरण एवं लव जिहाद पांव पसारता जा रहा है। इस पर अंकुश लगानें में एकल विद्यालय मिल का पत्थर साबित होता दिख रहा है। धर्मान्तरण, राष्ट्रान्तरण है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। यह 2026 के नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व का भारत है। विहिप के जितेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि एकल के केन्द्र में राम स्थापित हैं। जिस प्रकार भगवान राम ने कोल-किरात, गिद्ध-अजामिल, नल- नील, बंदर-भालु का साथ लेकर असुरी प्रवृतियों का अंत किया था। ठीक उसी तरह एकल विद्यालय सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा का दीप जलाने का काम कर रहा है। राम सामाजिक समरस्ता का अनूठा उदाहरण हैं। कार्यक्रम में दक्षिण बिहार संभाग से आये सैंकड़ों संभाग एवं कार्यालय प्रमुख ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विहिप के जिला सह मंत्री नवीन पाठक, दिलीप कुमार, मंजीश कुमार, रामप्रवेश यादव, डॉ. निराला, अर्जुन चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वार मंडल भाजपा अध्यक्ष मिथिलेश कुमार नें किया।

# बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पौथु थाना अंतर्गत लट्ठा बेरी गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेरी गांव निवासी सुदेश्वर बर्मा के पुत्र सिकन्दर बर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सिकन्दर बर्मा शाम के समय खेत में पटवन कार्य के लिए गए थे। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रहे हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आ गए जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई पिंटू वर्मा और बड़े भाई फुलेन्द्र वर्मा ने बताया कि खेत में पटवन करने के दौरान हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी पूनम देवी, पुत्र पंकज कुमार, पुत्री काजल कुमारी और अंचल कुमारी को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है।

# पीएनसी की लापरवाही से 15 घंटे ठप रही बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण करा रही पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के धनीबार स्थित बेस कैंप में मंगलवार रात वाहन चालकों की लापरवाही से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण धनीबार, विराज बिगहा, गोडीहा, सरईवार, बहेरा, कंठी बिगहा, कुशही, सिमरी, सिमरीवाला, कुशवाहा नगर, कईला बिगहा, मटपा, कृपा बिगहा समेत दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति करीब 15 घंटे तक बाधित रही। घटना से नाराज किसानों और ग्रामीणों ने बुधवार सुबह पीएनसी कंपनी के मुख्य गेट को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि कंपनी की लापरवाही से चार-पांच बार विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बार-बार परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कंपनी स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है और स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। ग्रामीणों ने एनएच-139 के किनारे कंपनी के वाहनों को खड़ा करने पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि सड़क के एक हिस्से पर वाहनों के कब्जे से आवागमन बाधित होता है। साथ ही कॉलोनी से धनीबार तक सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव नहीं होने से उड़ती धूल राहगीरों और बाइक सवारों के लिए मुसीबत बनी हुई है। किसानों ने बताया कि आद्रा नक्षत्र में धान का बिचड़ा डालने का यह महत्वपूर्ण समय है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से सिंचाई कार्य प्रभावित हुआ है। एक ओर कमजोर मानसून की चिंता है तो दूसरी ओर बार-बार बिजली बाधित होने से खेती पर संकट गहरा रहा है।

# स्कार्पियो की ठोकर से एक ही परिवार के चार लोग घायल, तीन रेफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के तमसी पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान कुटुंबा निवासी जलमती देवी, रविन्द्र कुमार एवं उनकी उनकी पत्नी नेहा देवी तथा दो वर्षीय पुत्र अक्षांश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सभी एक ही बाइक से अम्बा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चारों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद जलमती देवी, नेहा देवी एवं मासूम अक्षांश कुमार की स्थिति गंभीर पाते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया जबकि रविन्द्र कुमार का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया।

# 13 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यह परीक्षा जिला मुख्यालय के 13 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जिला प्रशासन ने इसके सुचारु संचालन के लिए व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं की थीं। सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। पहली पाली सुबह 10 बजे से साढ़े 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक हुई। हर केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल तैनात रही। पहली पाली की परीक्षा के लिए सुबह 8 बजे तक एंट्री मिली। केंद्र के गेट पर जांच के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला। 9 बजे के बाद एंट्री नहीं मिली। परीक्षा में मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक पेन, वाई-फाई गैजेट, पेजर या किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और लेखन सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण करना के लिए स्टैटिक, जोनल और उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया। उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी सेंटर पर महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग फ्रिस्किंग व्यवस्था और पेयजल, शौचालय की सुविधाएं रही। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से पहले से लेकर समाप्ति तक पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।

# एक ही रात दो घरों से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं जबकि अब तक कई मामलों में पुलिस को सफलता नहीं मिली है। इसी क्रम में मंगलवार की रात कुटुंबा थाना क्षेत्र के दधपा वार्ड संख्या-8 में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार दधपा वार्ड संख्या-8 निवासी सुषमा देवी ने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि 23 जून की रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी समेत लगभग तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि वह कई वर्षों से मेहनत कर आभूषण जुटाई थीं। वहीं इसी वार्ड के निवासी धर्मेंद्र कुमार वर्मा के घर भी चोरों ने धावा बोला। उनके आवेदन के अनुसार चोरों ने घर में घुसकर करीब 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के गहने तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिजनों को मिली, जिसके बाद दोनों पीड़ित परिवारों ने कुटुंबा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में दर्जनों चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अधिकांश मामलों का अब तक उद्भेदन नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दोनों मामलों में प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 20 दिनों से लापता युवक का नहीं मिला सुराग



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पिछले 3 जून से लापता एक युवक के मामले में मुफ्फसिल थाना में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में थाना क्षेत्र के पकहा गांव निवासी उमेश यादव ने बताया कि उनका 25 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार 3 जून से लापता है। वह घर से घूमने के लिए निकला था लेकिन आज तक वापस लौट कर नहीं आया। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका से थाने में प्राथमिकी दर्ज करा पुलिस से सकुशल खोजबीन की मांग की है। उन्होंने बताया कि रोहित मानसिक रूप से विक्षिप्त है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# असामाजिक तत्वों पर रहेगी प्रशासन की विशेष नजर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि इस वर्ष मुहर्रम पर्व 26 एवं 27 जून को मनाया जाएगा। मुहर्रम जुलूस में झंडा एवं ताजिया के साथ परम्परागत रूप से मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होते हैं। प्रायः यह देखा गया है कि दो भिन्न-भिन्न समुदायों के मध्य घटित छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर विवाद उत्पन्न हो जाता है। विवाद के परिणाम स्वरूप विधि व्यवस्था की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसी संभावना है कि असामाजिक तत्वों द्वारा उन घटनाओं की आड़ में मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने की चेष्टा अथवा अशांति फैलाने का दुष्प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी तथा लाइसेंस में अंकित समय एवं शर्तों का अनुपालन अनिवार्य होगा। जुलूस के दौरान बाइक का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा तथा डीजे के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार का कार्यक्रम प्रशासन की पूर्व अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वाले तथा शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। जिलाधिकारी ने मुहर्रम पर्व के दौरान शांति, भाईचारा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों के लोगों से सहयोग की अपील की।

